हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 26.04.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 272 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### नीट पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड संजीव मुखिया गिरफ्तार

**पटना :** नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गुरुवार की रात पटना से बिहार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आर्थिक अपराध यूनिट (ईओयू) की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। संजीव मुखिया पर तीन लाख का इनाम घोषित किया था। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने शुक्रवार को बताया कि नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया मुख्य आरोपी है और वह लंबे समय से फरार था। 10 अप्रैल को बिहार पुलिस ने संजीव मुखिया पर 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात मिले एक इनपुट के आधार पर दानापुर थाना क्षेत्र के शागुनामोर स्थित एक अपार्टमेंट से ईओयू और बिहार एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई के बाद नीट पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गिरफ्तार किया है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान दानापुर पुलिस का पूरा सहयोग रहा। एसटीएफ संजीव मुखिया से पूछताछ जारी है।

### उप्र के बहराइच में राइस मिल का ड्रायर फटा, पांच मजदूरों की मौत

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच में शुक्रवार की सुबह एक राइस मिल का ड्रायर फटने से हुए हादसे में पांच मजदूरों की जान चली गई। यह मजदूर बिहार और उत्तर प्रदेश के बताए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य और घायलों को बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि, जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय मिल में 8-10 मजदूर काम कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी मजदूर लवकुश ने बताया कि दरगाह थाना इलाके के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थित राजगढ़िया राइस मिल में वह काम करता है। आज धान सुखाया जा रहा था, इसी दौरान ड्रायर फट गया। आग लग गई तो हम सब उसे बुझाने लगे। तभी धुआं भरने से एक-एक करके पांच मजदूर बेहोश होकर गिर पड़े।

# सिंधु नदी का एक बूंद भी पानी नहीं जाएगा पाकिस्तान : पाटिल

- बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि सिंधु का पानी भारत में स्टोर करने के लिए बांधों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। आधुनिक तकनीक से बांधों की क्षमता बढ़ाई जाएगी, ताकि ज्यादा पानी स्टोर हो सके।
- बांध की क्षमता बढ़ाने के लिए बांधों की तलहटी में मौजूद गाद को हटाने जाने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को बताया गया कि गाद सफाई के जल्द पूरी योजना बनाएं।
- साथ ही बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि वर्ल्ड बैंक ने यह संधि कराई थी लिहाजा भारत सरकार के इस फैसले की जानकारी उन्हें भी दे दी जाएगी।

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ हुई सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया है। इस संधि को स्थगित करने का मतलब है कि भारत से सिंधु नदी के रास्ते पाकिस्तान जाने वाली पानी को रोका जाएगा। पहलगाम हमले के अगले दिन भारत सरकार ने इसकी घोषणा की थी। अब भारत सरकार इस फैसले को लागू करवाने में जुट गई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर सिंधु जल संधि पर लिए गए फैसले को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के अलावा कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि सिंधु जल संधि को स्थगित कैसे किया जाएगा? पाकिस्तान जाने वाला पानी यदि भारत में रहेगा तो इसे यहां कैसे संरक्षित किया जाएगा? सिंधु नदी के पानी को कहां स्टोर किया जाएगा?



#### सिंधु संधि पर फैसला जल्द से जल्द अमल में लाया जाएगा

अमित शाह के घर पर हुई इस बैठक में सिंधु जल संधि पर लिए गए फैसले को जल्द से जल्द अमल में लाने की बात कही गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में यह फैसला लिया गया है कि एक बूंद भी पानी पाकिस्तान न जाए, इसकी व्यवस्था बनाने की बात कही गई है।

#### सिंधु जल संधि को स्थगित करने का फैसला भारत ने पाकिस्तान को बताया

इससे पहले जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देवश्री मुखर्जी ने पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा को एक पत्र लिखा। पत्र के माध्यम से उन्होंने औपचारिक रूप से पाकिस्तान को सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने के फैसले के बारे में जानकारी दी।

#### पाकिस्तान को भेजे पत्र में भारत ने क्या कुछ कहा

पत्र में कहा गया कि यह भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान सरकार को भेजे गए, नोटिसों के संदर्भ में है, जिसमें संधि के अनुच्छेद 12 (3) के तहत 1960 की सिंधु जल संधि में संशोधन की मांग की गई थी। नोटिसों में बदलती परिस्थितियों, जैसे जनसंख्या में भारी वृद्धि, स्वच्छ ऊर्जा विकास की आवश्यकता, और जल बंटवारे से जुड़े मूलभूत अनुमानों में बदलाव का जिक्र किया गया है। भारत का कहना है कि इन कारणों से संधि के विभिन्न अनुच्छेदों और अनुबंधों के तहत दायित्वों की पुनः समीक्षा जरूरी है। पत्र में पाकिस्तान पर संधि का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया गया है।

भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में सीमा पार आतंकवाद को लगातार बढ़ावा दिया है, जिसके कारण सुरक्षा अनिश्चितताओं ने भारत के संधि के तहत अपने अधिकारों का पूर्ण उपयोग करने में बाधा डाली है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने संधि के तहत वार्ता शुरू करने के भारत के अनुरोध का जवाब नहीं दिया, जो संधि का पूरा तरह से उल्लंघन है। देवश्री मुखर्जी ने पत्र में स्पष्ट किया कि संधि को निलंबित करने का निर्णय भारत सरकार ने गहन विचार-विमर्श के बाद लिया है। भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा।

#### 1960 में वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता पर हुई थी संधि

उल्लेखनीय है कि सिंधु जल संधि 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी, जिसके तहत भारत ने तीन पूर्वी नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार रखा था, जबकि तीन पश्चिमी नदियों का बहाव पाकिस्तान को दिया गया था।

### अमित शाह का राज्यों को अलर्ट, पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर जल्द वापसी कराएं

**नयी दिल्ली :** गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से टेलीफोन पर बात की है। सूत्रों ने बताया कि चर्चा के दौरान अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत ने 23 अप्रैल को सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में किए गए निर्णयों के क्रम में भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध रहेंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित वीजा की अवधि समाप्त होने से पहले भारत छोड़ना होगा। इसी क्रम में पाकिस्तान में रह रहे भारतीयों को जल्द से जल्द स्वदेश लौटने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह दी है। साथ ही वर्तमान में पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी है।

## इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ के कस्तूरीरंगन का निधन, पीएम मोदी ने जताया दुःख



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष और प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन का निधन हो गया है। उन्होंने शुक्रवार को 84 वर्ष की आयु में बेंगलुरु में अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉ. कस्तूरीरंगन का योगदान भारत की अंतरिक्ष वैज्ञानिक उपलब्धियों में बेहद अहम रहा है। वे 1994 से 2003 तक इसरो के अध्यक्ष रहे। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण उपग्रह प्रक्षेपण कार्यक्रमों का नेतृत्व किया।

डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन योजना आयोग के सदस्य रहे। उन्होंने 27 अगस्त, 2003 को अपना कार्यालय छोड़ने से पहले, अंतरिक्ष आयोग के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग में भारत सरकार के सचिव के रूप में 9 वर्षों से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को शानदार ढंग से आगे बढ़ाया। इससे पहले इसरो उपग्रह केंद्र के निदेशक रहे, जहां उन्होंने नई पीढ़ी के अंतरिक्ष यान, भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह (इन्सैट-2) और भारतीय सुदूर संवेदन उपग्रह (आई.आर.एस.-1ए और 1बी) के साथ-साथ वैज्ञानिक उपग्रहों के विकास से संबंधित गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पद्म विभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन के निधन पर दुख जताया और कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति निःस्वार्थ योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कस्तूरीरंगन के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया, मैं भारत की वैज्ञानिक और शैक्षिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति डॉ. के. कस्तूरीरंगन के निधन से बहुत दुखी हूं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति निःस्वार्थ योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने इसरो में बहुत मेहनत से काम किया, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, जिसके लिए हमें वैश्विक मान्यता भी मिली। उनके नेतृत्व में महत्वाकांक्षी उपग्रह प्रक्षेपण भी हुए और नवाचार पर ध्यान केंद्रित किया गया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रारूपण के दौरान और भारत में शिक्षा को अधिक समग्र और दूरदर्शी बनाने के लिए डॉ. कस्तूरीरंगन के प्रयासों के लिए भारत हमेशा उनका आभारी रहेगा। वे कई युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए एक उत्कृष्ट मार्गदर्शक भी थे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, छात्रों, वैज्ञानिकों और अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं।

## कल्पना सोरेन ने की विदेशी एनजीओ के साथ बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** स्पेन व स्वीडन के दौरे पर गयीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने फंडसिओन एस्पेरेंशी वाईएलेग्रिया की अध्यक्ष मारिया मोरेनो और उपाध्यक्ष रामिरो माटो के साथ बैठक की। बैठक में फाउंडेशन कोलोरेस डी कोलकाता की निदेशक मारिया डे मुन्स यनजेंगा भी थीं। कल्पना सोरेन के साथ मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी थे। ये एनजीओ भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। चर्चा इस बात पर केंद्रित थी कि एनजीओ झारखंड सरकार की विभिन्न क्षेत्रों में कैसे भाग ले सकते हैं। मालूम हो कि कल्पना सोरेन झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष भी हैं।

## नक्सलियों ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर चल रहे अभियान को रोकने को जारी किया पर्चा

एजेंसी

**बीजापुर :** नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर-तेलंगाना सीमा पर चल रहे बड़े नक्सली विरोधी अभियान को तत्काल रोकने की मांग की है। नक्सल संगठन की उत्तर-पश्चिम बस्तर डिविजन के प्रभारी रूपेश ने प्रेस नोट जारी कर यह अपील की है। नक्सलियों के जारी इस पर्चे में कहा गया है कि सरकार के इस ऑपरेशन से आदिवासी क्षेत्रों में भय और अशांति का माहौल है। नक्सलियों ने अपने बयान में सरकार से शांति वार्ता के लिए आगे आने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार गंभीरता दिखाए और बातचीत की पहल करे, तो वे भी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाने को तैयार हैं। नक्सलियों के जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि हम सरकार से अनुरोध कर रहे हैं कि वार्ता के जरिए समस्या के समाधान का रास्ता अपनायें, अनुकूल माहौल बनाएं ताकि सकारात्मक नतीजा निकले। उन्होंने कहा कि बंदूक के बल पर समस्या के समाधान के लिए सरकार के कगार सैनिक अभियान को एक महीने के लिए स्थगित किया जाए। इस अपील के जरिए हम सरकार की सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद और प्रतीक्षा कर रहे हैं।



बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर पिछले चार दिनों से सुरक्षा बलों का बड़ा अभियान जारी है, जिसमें नक्सलियों की तलाश और दबाव बढ़ाने की कोशिशें की जा रही हैं, इसी के विरोध में यह बयान सामने आया है।

### पहलगाम हमला : संदिग्ध लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों के मकान दोहरे विस्फोटों से ध्वस्त

# सेना ने बम से उड़ाया आतंकी का घर

एजेंसी

**श्रीनगर :** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और अनंतनाग जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादियों के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया है जिन पर पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल होने का संदेह है।





अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ये घर पुलवामा के त्राल के मोनाघामा इलाके के आसिफ शेख और अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर के थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोटक सामग्री की मौजूदगी के कारण घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात विस्फोट करके घरों को जमींदोज कर दिया गया। अधिकारी ने कहा, दोनों स्थानों पर सुरक्षा बलों द्वारा की गई तलाशी के दौरान कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। संभावित खतरे को भांपते हुए सुरक्षा बल तुरंत पीछे हट गए। कुछ ही देर बाद बड़े विस्फोट करके मकान को नष्ट कर दिया गया।

त्राल के स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि शेख के घर पर विस्फोट तब किया गया जब सुरक्षा बलों ने परिवार को वहां से निकाल लिया था। माना जा रहा है कि जिन दो आतंकवादियों के मकान ध्वस्त किये गये, वे उस समूह का हिस्सा थे जिसने पहलगाम के पास बैसरन मैदान में पर्यटकों पर जानलेवा हमला किया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।

पुलिस ने गुरुवार को प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर तीन हमलावरों के स्केच जारी किए। उन्होंने उनकी पहचान अनंतनाग के आदिल थोकर और दो पाकिस्तानी नागरिकों अली बही उर्फ तल्हा बही और हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान के रूप में की। पुलिस ने हमलावरों की सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। साथ ही आश्वासन दिया है कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि बिजबेहरा निवासी आदिल थोकर उर्फ आदिल गुरी ने उर्दू में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष 2018 में वैध यात्रा दस्तावेज के साथ पाकिस्तान गया था। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि वह पिछले साल घाटी में घुसपैठ करके आया था।

### एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा आतंकी अल्ताफ लाली ढेर

**बांदीपोरा :** जम्मू और कश्मीर के बांदीपोरा जिले में चल रही मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तालिबा (एलईटी) के एक आतंकवादी सहयोगी को मार गिराया। आतंकवादी सहयोगी की पहचान लश्कर-ए-तैयबा संगठन के अल्ताफ लाली के रूप में हुई है। जिले के अजस के कुलनार इलाके में हुई गोलीबारी में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। भारतीय सेना के चिनार कॉर्प्स ने एक्स पर लिखा, 25 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा बांदीपोरा के कोलनार अजस के सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। संपर्क स्थापित किया गया और गोलीबारी शुरू हो गई। ऑपरेशन अभी भी जारी है। गौरतलब है कि जम्मू एवं कश्मीर के उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान गुरुवार को सेना का एक जवान घायल हो गया। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, आज बसंतगढ़, उधमपुर में जम्मू और कश्मीर के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। संपर्क स्थापित किया गया, और भीषण गोलीबारी शुरू हुई। हमारे एक बहादुर को शुरुआती मुठभेड़ में गंभीर चोटें आईं और बाद में उसकी मौत हो गई।

## आतंकवाद की लड़ाई के खिलाफ पूरा विपक्ष केंद्र सरकार के साथ : राहुल गांधी



एजेंसी

**श्रीनगर :** कांग्रेस और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना के जवाब में पूरा विपक्ष सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। इस घटना में दो दर्जन से ज्यादा लोग मारे गए और कई घायल हो गए। जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर के साथ श्रीनगर में मीडिया को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कल हमारी सरकार के साथ बैठक हुई थी। विपक्ष ने इस हमले की निंदा की और सरकार की हर कार्रवाई को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

आज सुबह श्रीनगर पहुंचे गांधी ने पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की और कहा कि हमले के पीछे समाज को विभाजित करने की मंशा थी। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हर एक भारतीय एकजुट हो। हमें आतंकवादियों की कोशिशों को हराना होगा। अपने कश्मीर दौरे के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम हमले में घायल लोगों से एक से मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि उन सभी लोगों को मेरा प्यार और स्नेह, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है। पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

सांप्रदायिक सद्भाव की आवश्यकता पर बल देते हुए और कश्मीर के निर्दोष लोगों को निशाना बनाने के खिलाफ चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यह देखकर दुख होता है कि कुछ लोग देश के अन्य हिस्सों में कश्मीर के मेरे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं।

### सीएम अब्दुल्ला और एलजी सिन्हा से की मुलाकात

राहुल गांधी हलगाम आतंकी हमले में घायल हुए लोगों से मिलने और केंद्र शासित प्रदेश में मौजूदा नाजुक स्थिति के पहलुओं पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और एलजी मनोज सिन्हा से चर्चा करने के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचे। राहुल गांधी ने मीडिया से कहा कि उन्हें उन दोनों ने आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी और उन्होंने उन्हें हमारी पार्टी के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### विभावि में पहलगाव हिंसा के विरुद्ध शांति मार्च का हुआ आयोजन

**हजारीबाग** : धरती पर स्वर्ग माने जाने वाले कश्मीर की पहलगाव घाटी में 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष पर्यटकों कि नृशंस हत्या किए जाने से आक्रोशित होकर शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 को विनोबा भावे विश्वविद्यालय मुख्यालय मे विद्यार्थियों ने एक विशाल रैली निकाली। यह रैली हिंदी विभाग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के पहल पर निकाली गई। अलग-अलग विभाग के विद्यार्थी एवं शिक्षक इस कार्यक्रम मे बढ़ चढ़ कर भाग लिए। रैली में विभिन्न विभागों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने दो पंक्ति में कतारबद्ध होकर भाग लिया। इसमें अच्छी संख्या में शिक्षक भी सम्मिलित हुए। कई विद्यार्थियों के हाथों में तखतीयां थी। इस पर 'पहलगाव हिंसा के साजिश कताओं को मिट्टी में मिलाओ, मिट्टी में मिलाओ' तथा 'नहीं सहेंगे नहीं सहेंगे, नरसंहार नहीं सहेंगे,' जैसे आक्रामक स्लोगन लिखे हुए थे। आचार्य विनोबा भावे की प्रतिमा स्थल से चलकर यह रैली विनोदिनी पार्क का एक चक्कर लगाने के बाद फिर से प्रतिमा गोलंबर के पास पहुंची। यहां पहुंचकर यह एक सभा में तब्दील हो गई। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ सुबोध सिंह शिवगीत ने कार्यक्रम का संचालन किया। सभा में पहलगाव हिंसा में मारे गए लोगों एवं उनके परिवार जनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। कायर हत्यारो को पड़कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई। यह भी मांग की गई कि आतंकवाद पर ऐसी कार्रवाई हो कि इसके नामो-निशा भारत की धरती से मिट जाए। विद्यार्थियों ने 'धर्म पूछ कर हत्या' किए जाने की नई तरकीब के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश को असफल बनाने का भी संकल्प लिया। सभा स्थल पर भारत 'माता की जय', 'जय हिंद' तथा 'वंदे मातरम' के नारे लगाए गए। अंत में सभी दिवंगत आत्माओं की शांति तथा उनके परिजनों को इस भीषण दुख की घड़ी का सामना करने के लिए हिम्मत प्रदान हेतु प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

### चयकला में आतंकी के खिलाफ लगाया काला बिल्ला, किया जमकर विरोध

**चौपारण** : पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुक्रवार को जुमे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी दु:ख व पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश जाहिर किया। प्रखण्ड के चयकला पंचायत के चक मुहल्ला जामुन चक के रजा मस्जिद परिसर में जुमे पर तमाम मुस्लिम नमाजियों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी और गमो का इजहार किया। नमाज के बाद आतंकी घटना की घोर निंदा करते हुए उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पाकिस्तान और आतंकियों के मुदार्बाद के नारे लगाए गए। साथ ही हमले में मारे गए लोगों के लिए गमों का इजहार करते हुए जो दहशतगर्द हैं उनकी सख़्त मुज्मत की गई। मौलाना कफील अहमद कैफी ने नमाज के बाद कहा कि निहत्थे पर्यटकों पर कायराना हमले करने वाले आतंकियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। समाजसेवी दानिश रजा ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकी अपना नापाक इरादों से घृणित व अमानवीय कुकृत्य कर हिंदुस्तान में आपसी भाईचारे पर ग्रहण लगाना चाहता है। उनके इस मंसूबे को हिंदुस्तानी मुसलमान कभी बर्दास्त नही करेगा। आगे कहा कि फिरका परस्त ताकतों से लड़ने के लिए देश का मुस्लिम भी साथ है। मौके पर मौलाना कफील अहमद कैफी, मौलाना असगर अली, दानिश रजा, ताज रजा,शालू रजा, कोमैल अशरफ, आशिफ रजा, बबन खान, शमीम खान, जमील खान, जुबैर अशरफी, पप्पू खान, शाहिद खान, जफर खान, मुन्ना खान, बबन खान सहित सैकड़ों मुस्लिम नमाजियों ने घटना पर दु:ख का इजहार किया।

# हजारीबाग पुलिस ने चार अलग-अलग मामले में छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग पुलिस के लिए शुक्रवार का दिन सफलता भरा रहा। पुलिस ने 6 अपराधियों को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिनके पास से हथियार भी बरामद किया गया है। जिसमें दो आप मादक पदार्थ के सप्लायर थे। हजारीबाग पुलिस ने गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसिंघा में अनूप यादव को पर तीन राउंड गोली चलाने वाले अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिस दो अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है वह शातिर अपराधी बताया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में हरिओम सिंह जिसकी उम्र लगभग 23 वर्ष है जो गोरहर थाना क्षेत्र के ही बेलकापी का रहने वाला है। वही अजीत कुमार उर्फ बिट्टू जिसका उम्र 28 वर्ष है वह गया के पाई बिगहा गांव का निवासी है। दरअसल हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ से हजारीबाग हरिओम सिंह पहुंच रहा है। सूचना के आलोक में चरही थाना के पास गश्ती दल ने चेकिंग प्रारंभ किया। चेकिंग करने के दौरान सिल्वर रंग की गाड़ी चेकिंग स्थल से 50 मीटर की दूरी पर रुक गया और उसमे बैठे दो लोग भागने के फिराक में थे। जिन्हें पुलिस ने खदेड़ कर पड़ा। जब उसकी तलाशी ली गई तो दोनों के पास से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस दो चाकू और दो हैंड ग्लव्स जप्त किया गया है। हरिओम सिंह के ऊपर विभिन्न थाने में 6 और अजीत कुमार के ऊपर दो मामला दर्ज है। हजारीबाग पुलिस ने संगठित आपराधिक गिरोह के जगन्नाथ मुंडा उर्फ जलेश्वर मुंडा उर्फ मोटका को गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी उरीमारी थाना क्षेत्र से हुई है ।हजारीबाग पुलिस को यह सूचना मिली थी कि अपराधी विभिन्न कोलियरी के कंपनियों में रेकी करने एवं कंपनी के मैनेजर से रंगदारी मांगने के लिए क्षेत्र में सक्रिय है। इस सूचना के आलोक में टीम का गठन कर रिलेक्स होटल के जंगल के बीच चेकिंग लगाई गई। जिसमें बिना नंबर का मोटरसाइकिल आ रहे चालक को रोका गया। जिसके पास से हथियार पाया गया है । जिसने एनटीपीसी के डीएम कुमार गौरव हत्याकांड में रेकी करने का भी बहुत स्वीकार किया है ।इसके ऊपर बड़का गांव उरीमारी थाना में कैस अंकित किया गया है। जिसके पास से एक देशी पिस्तौल, एक मैगजीन, दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। हजारीबाग पुलिस ने टीएसपीसी प्रतिबंधित संगठन का हार्डकोर उग्रवादी प्रताप जी उर्फ दिवाकर गंजू के सहयोगी जितेंद्र गंजू को गिरफ्तार किया है ।इसकी गिरफ्तारी बड़का गांव थाना क्षेत्र से हुई है ।जो 24 वर्ष का है। जिसके पिता का नाम स्वर्गीय बलदेव गंझू है। हजारीबाग पुलिस को यह सूचना मिली थी कि चारका पत्थर अंगों बड़कागांव थाना क्षेत्र के जितेंद्र गंजू मोटरसाइकिल से लेवी का पैसा वसूलने के लिए अपने घर से उरीमारी की ओर निकला है। इस सूचना के आलोक में टीम का गठन किया गया और वाहन चेकिंग के दौरान इसे गिरफ्तार किया गया है ।जिसके पास से प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी का धमकी भरा लाल से लिखा हुआ दो पर्चा, पांच रसीद और मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। वही हजारीबाग पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्कर विभक्ति भूषण चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत देहर निवासी को गिरफ्तार किया है।

## राज्य का पहला हाई सिक्योरिटी जेल के निर्माण कार्य का गृह सचिव ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : राज्य का पहला हाई सिक्योरिटी जेल का निर्माण हजारीबाग में किया जा रहा है। राज्य के पहले निर्माणाधीन हाई सिक्योरिटी जेल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण आज 25 अप्रैल शुक्रवार को झारखंड के गृह सचिव श्रीमती वंदना दादेल के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कारा महानिरीक्षक सुदर्शन मंडल, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, जेल अधीक्षक जितेंद्र सिंह, प्रोबेशन पदाधिकारी चंद्रशेखर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में गृह सचिव ने निमार्णाधीन हाई सिक्योरिटी जेल संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों में लगे अधिकारियों से वार्ता कर निर्माण संबंधी बारीकियों की जानकारी ली। यह जेल हार्डकोर उग्रवादियों और अपराधियों को रखने के लिए बनाई जा रही है, जहां उन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। जेल का निर्माण 18.20 एकड़ में किया जा रहा है जिसमें 280 कैदियों को रखा जा सकेगा। यह झारखंड का पहला हाई सिक्योरिटी जेल होगा। हार्डकोर उग्रवादियों और अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए विशेष उपाय किए जाएंगे। कैदियों के सेल में बिजली का पॉइंट नहीं होगा। यह प्रदेश की पहली और देश की विशिष्ट जेल होगी। इस हाई सिक्योरिटी जेल में सेल, बाउण्ड्री वाल, कार्यालय, अस्पताल, अधीक्षक आवास, कारापाल आवास, सहायक कारपाल आवास, चिकित्सक आवास, वार्ड, पाकशाला, बाह्य बाउण्ड्री वाल, पारा चिकित्सा कर्मी आवास, कम्प्यूटर ऑपरेटर / लिपिक आवास, वॉच टावर, 50 शैय्या वाला बैरक, ड्रेन, आन्तरिक एवं बाहरी पथ, उच्च कक्षपाल एवं मुख्य उच्च कक्षपाल आवास, बाह्य विद्युतीकरण कार्य, केन्द्र स्थल, वर्षा जल संचयन,अग्निशामक से युक्त होगा। इसके निर्माण में लागत कुल 87,65,96,000/- की लागत आयेगी।

## जंगल से मिला युवक-युवती का शव, नहीं हो सकी पहचान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत कोनार डैम के निकट जंगल से दो अज्ञात व्यक्तियों का शव बरामद किया गया है। जिसमें एक पुरुष और एक महिला है। पुलिस के अनुसार प्रथम द्दष्टा में ऐसा प्रतीत होता है की हत्या कर दोनों का शव जंगल में फेंक दिया गया है। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। मामले की तफ्तीश की जा रही है। अब तक दोनों मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जमनिजारा गांव के निकट कोनार डैम के जंगल में एक युवक और एक युवती का संदेहास्पद स्थिति में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। दोनों शव सुनसान और घने जंगल क्षेत्र में पाए गए ।जिससे यह मामला और भी रहस्यमय बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने शवों को देखकर विष्णुगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। दोनों शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि यह दोनों स्थानीय नहीं है। बिष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि प्रथम द्दष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है।

## यातायात नियम अपनायें सुरक्षित पंचायत बनायें : सुनील कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 2025 को सफल बनाने हेतु आज टाटीझरिया प्रखण्ड सभागार में बैठक आहूत किया गया। द्वीप प्रज्वलन कर बैठक आयोजित किया गया बैठक में मुख्य रूप से बी.डी.ओ, सी.ओ टाटीझरिया, प्रमुख, उप प्रमुख टाटीझरिया, सभी पंचायत से मुखिया, जिला ग्रामीण विकास समिति,हजारीबाग के कोषाध्यक्ष श्री रंजय कुमार भारती एवं प्रखण्ड कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे। बैठक प्रारंभ से पूर्व प्रखंड सभागार में पहलगाम आतंकी हमले में शाहिद हुए सभी भारतीय नागरिकों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सड़क सुरक्षा हिट एंड रन के जिला स्तरीय सदस्य एवं जिला ग्रामीण विकास समिति, रांची (झारखंड) के सचिव सुनील कुमार ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी को संबोधित करते हुए विस्तृत जानकारी दिया कि टाटीझरिया प्रखण्ड के सभी पंचायतों में 27-28 अप्रैल 2025 को सभी पंचायत भवन में समय 10:30 से 5:00 के बीच आयोजित शिविर में सड़क सुरक्षा मानकों के बारे में बताया जाएगा साथ ही साथ इच्छुक व्यक्तियों का सरकारी प्रावधान के हिसाब से कम खर्च मे ड्राइविंग लाईसेंस बनाया जायेगा।

## कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान पहलगाम मे हुए आतंकवादी हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से आन्नदा कालेज चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया ।तिरंगा झंडा के साथ कैंडल मार्च निकालकर आतंकवादी द्वारा काश्मीर पहलगाम में मारे गए निर्दोष 27 पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई ।कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी द्वारा किए गए हमले की मैं कड़ी शब्दों में निन्दा करता हूं ।उन्होंने कहा कि ये घटना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है ।एसी घटना को अंजाम देने वालों पर केन्द्र सरकार से कठोर कार्रवाई करने की मांग की ।उन्होंने कहा कि इस कठीन घड़ी में घटना में मारे गए पर्यटकों के परिवार के साथ कांग्रेस खड़ी है। कैंडल मार्च में पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद गगन भेदी नारे लगाए गए । कैंडल मार्च में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष आबिद अंसारी, अवधेश कुमार सिंह महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, संजय गुप्ता, शशि मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, दिगम्बर प्रसाद मेहता, रजी अहमद युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव सेवादल अध्यक्ष गुड्डू सिंह सहकारिता अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव कोमल कुमारी ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, अजय गुप्ता, राजू चौरसिया, संजय तिवारी, तारिक रजा, दिलीप कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, महेश रजक, कृष्णा मेहता, कैलाश मेहता, बंसत मेहता, मनोज मेहता, ओमप्रकाश, बहादुर सागर अधिवक्ता इजहार हुसैन के अतिरिक्त सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तरबूज की खेती से महिलाओं का बटुआ हो रहा है लाल, 500 से अधिक महिलाएं जुटी है तरबूज खेती में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के कई इलाकों में इन दिनों भारी पैमाने में तरबूज की खेती हो रही है। तरबूज की खेती से जहां एक ओर किसान मालामाल हो रहे हैं तो दूसरी ओर महिलाओं के जेब भी पैसा से लाल हो रहा है। महिलाएं तरबूज की खेती में काम कर रही है जिससे अच्छी कमाई हो रही है। महिला इन दिनों हर एक क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। जहां में मौका मिलता है वह अपना उत्कृष्ट करना चाहती है। तरबूज की खेती में भी महिलाएं बेहतर काम कर रही हैं। कहा जाए तो हजारीबाग जिला को तरबूज की खेती के लिए पूरे झारखंड, बिहार और बंगाल में जाना जा रहा है ।हजारीबाग की बात की जाए तो सिर्फ कटकमदाग प्रखंड में लगभग 100 एकड़ में तरबूज की खेती हुई है ।अनुमान लगाया जा रहा है कि 10 करोड रुपए से अधिक का व्यवसाय होगा। तरबूज की खेती में महिलाओं का योगदान भी है। महिलाएं सुबह आकर तरबूज की खेती में लग जा रही है। जहां पहले इन्होंने पौधा लगाने का काम किया तो अब वह फल तोड़ रही है। महिलाएं बताती है कि तरबूज लगाने से लेकर तरबूज तोड़ने तक उन्हें बेहतर काम उनके गांव में ही मिल जा रहा है ।जिससे अच्छी कमाई हो रही है ।लगभग 4 महीने में उन्हें औसतन प्रत्येक दिन 250 रुपया के हिसाब से मेहनताना मिलता है । काम भी घर में मिल जा रहा है। जिस घर का काम भी प्रभावित नहीं हो रहा है और आर्थिक रूप से मदद मिल रहा है। पैसा से अपने बच्चे और घर वालों को मदद कर पा रही है। लिज पर जमीन लेकर खेती करने वाले किसान भी कहते हैं कि महिलाएं काफी मेहनती होती है। इन्हें जो काम सोपा जाता है वह ईमानदारी से करती हैं। यही कारण है कि तरबूज की खेती में महिलाओं का योगदान अधिक होता है। महिलाएं 10:00 बजे के आसपास खेत में आती है और तीन से चार बजे तक उनका काम समाप्त हो जाता है ।कभी-कभी महिलाएं 12:00 बजे आती है असम के 6:00 बजे तक काम करती हैं ।महत्वपूर्ण बात यह है कि गांव की महिलाओं को गांव में ही काम मिल जा रहा है। प्रत्येक दिन कटकमदाग की बात की जाए तो 500 से अधिक महिलाएं तरबूज की खेती में डटी हुई है कतरबूज की खेती महिलाओं के लिए आई का बेहतर साधन बनकर उभरा है। महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### आतंकवाद के खिलाफ काला पट्टी लगाकर शिक्षकों ने किया शिक्षण कार्य



**बड़कागांव** : अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार के निर्देश पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा 26 देशवासियों की निर्मम हत्या को लेकर बड़कागांव प्रखंड इकाई के सभी शिक्षकों के द्वारा विद्यालयों में मारे गए देशवासियों के प्रति 2 मिनट का मौन रखा गया साथ ही शिक्षकों द्वारा काला बिल्ला लगाकर पठन-पाठन का कार्य किया गया। जिसमें मुख्य रूप से देवकांत शर्मा, अवधेश कुमार, अशोक कुमार, चेतलाल राम, रूपा कुमारी, बबीता कुमारी, उचित्रा देवी, रवि शंकर पाठक, श्याम देवदास, वीरेंद्र कुमार, अनुज कुमार गोप, अवध किशोर यादव, बैजनाथ पांडे, रामसेवक रविदास, लखेश्वर महतो, रविंद्र कुमार,संतोष राम, अरुण रविदास, रामविलास दास, मनोज राम, तुलेश्वर कुमार, उपेंद्र महतो, राजीव कुमार, नरेंद्र कुमार शामिल हुए।

### प्रशासन को देख बालू तस्करों में मचा हड़कंप

**चौपारण** : बालू तस्करों का मंसूबा इस कदर बढ़ चुका है कि बराकर नदी तस्करों का हुजूम बन चुका है। शुक्रवार बालू तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए चौपारण पुलिस बराकर नदी हजारी धमना पहुंची। पुलिस वाहन को देख अलग अलग घाटो में बालू लाद रहे 30-40 ट्रेक्टर भागना शुरू किया। यह देख पुलिस वाहन पीछा करना चाहा कि बालू व कीचड़ में फंस गया। पुलिस जवान वाहन को निकालने में लगे और देखते देखते सभी ट्रेक्टर आधा अधूरा बालू लिए फरार हो गए। इस संबंध में रौशन कुमार वर्णवाल ने कहा कि बराकर नदी में जिस कदर ट्रेक्टरों की हुजूम रहती है और नदी के पूरब व दक्षिण बरही थाना क्षेत्र पड़ता है। जबकि उत्तर और पश्चिम चौपारण थाना क्षेत्र में है। दर्जनों ट्रेक्टर को पकड़ने के लिए बरही-चौपारण के पुलिस का संयुक्त अभियान चला कर करवाई करना पड़ेगा। एक तरफा करवाई में ट्रेक्टर चालक दूसरी तरफ भगा कर ले जाते हैं। जिससे नदी पार कर पकड़ना मुश्किल होता है। बतातें चले कि चौपारण में अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। मालूम हो कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के न्यायाधिकरण के आदेश के आलोक में जिले के सभी बालू घाटों से 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर पूर्णरूपेण रोक लग जाएगा। इसको देखते हुए बालू के कारोबारी धड़ल्ले से बालू नदी से उठा कर डंप कर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे है। प्रखंड के हजारी धमना, भगहर, चोरदाहा, हजारी, पेटादेरी बराकर नदी सहित अन्य जगह के नदियों से दिन दहाड़े बालू का उत्खनन किया जा रहा है। साथ ही कुछ जगहों पर ऊंचे रसूख वाले लोगों के द्वारा बालू को अवैध तरीके से डंप करने में लगे हुए है। जिससे क्षेत्र में बालू क्राइसिस के कारण आम लोगों को मुंह मांगे दामों पर बालू खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन के द्वारा समय-समय पर बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर कारवाई भी की जाती है। कई गाड़ियों को पकड़ा भी गया है। लेकिन इसके बाद भी बालू का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बराकर नदी से जिस तरह से बालू का उत्खनन किया जा रहा है। उससे हजारी धमना के ग्रामीणों चिंतित हैं।

### ट्रांसफार्मर लगने के बाद सेहदा बांसकटवा की जनता ने विधायक को दिया धन्यवाद



**बड़कागांव** : गोंदलपुरा पंचायत के सेहदा बांसकटवा में ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना आम जनों से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी को मिली। जिस पर विधायक ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी से बात कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश दिया। जिसके बाद विधायक आदेशानुसार 63 के. वी .ए. का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है ।नए लगे ट्रांसफार्मर का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजा खान, प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा,वरिष्ठ आजसू नेता कैलाश महतो उर्फ कारु महतो, बीजेपी नेता महादेव हांसदा के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर आजसू नेता राजा खान ने कहा कि विधायक का रौशन लाल चौधरी का एक ही उद्देश्य है कि बड़कागांव के कोई भी गांव अंधेरे में ना रहे। मौके पर मुख्य रूप से मनोज सोरेन ऐतलाल बासके, प्यारे लाल मुर्मु, दासों सोरेन, शिव नारायण सोरेन, दिनेश मुर्मु, अनिल हांसदा, महेश मुर्मु, सुरेश मुर्मु, गंगा राम हांसदा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चौपारण में जंगल की जमीन पर डोभा काटे जाने की सूचना, ग्रामीणों ने लगाया आरोप



**चौपारण** : प्रखंड में मनरेगा योजना को लेकर इन दिनों गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ताजा मामला पाण्डेयबारा पंचायत के ग्राम पवई का है, जहां ग्रामीणों का आरोप है कि फॉरेस्ट की जमीन पर बिना अनुमति डोभा का निर्माण कर दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मनरेगा योजनाओं के तहत यह डोभा जंगल की जमीन पर काटा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी स्थिति केवल पवई तक सीमित नहीं है, बल्कि चौपारण प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी मनरेगा योजनाओं के तहत जमीनों का गलत तरीके से उपयोग किया जा रहा है। इस मामले में सवाल उठता है कि आखिर किसकी शह पर फॉरेस्ट लैंड पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है? ग्रामीणों की मांग है कि पाण्डेयबारा पंचायत में यदि मनरेगा योजनाओं की निष्पक्ष जांच की जाए, तो कई अनियमितताओं का पदार्फाश हो सकता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि योजनाओं की स्वीकृति और जांच केवल टेबल पर बैठकर की जा रही है, और जमीनी स्तर पर किसी प्रकार का सत्यापन नहीं हो रहा है। यदि प्रखंड के सभी पंचायतों की योजनाओं की गहराई से जांच की जाए, तो इसमें शामिल बिचौलियों और भ्रष्ट तंत्र की परतें भी खुल सकती हैं। प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की जा रही है, ताकि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग हो और गरीब ग्रामीणों को उनका हक मिल सके। इस संबंध मे प्रादेशिक वन के वनपाल पंकज कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया की बहुत जल्द ही इसे जाँच किया जाएगा और फारेस्ट के जमीन पर डोभा कटा होगा तो डोभा काटने वाले लोग पर उचीत कार्रवाई किया जाएगा।

# सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप बनाने का काम शुरू, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप का काम शुक्रवार को शुरू कर दिया गया है। बड़ी संख्या में एलएंडटी के वर्कर रैंप निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं। रैंप निर्माण कार्य का विगत दिनों विरोध देखते हुए स्थानीय प्रशासन की सहायता ली जा रही है। सिरमटोली चौक पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। सिटी एसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर व कई डीएसपी थानेदार मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार देर रात जैसे ही कंस्ट्रक्शन कंपनी के जरिये रैंप निर्माण का काम शुरू किया गया, निर्माण का विरोध करने के लिए देर रात कई लोग सिरम टोली पहुंच गए। इस दौरान पूरे सिरम टोली चौक को पुलिस छावनी में तब्दील करना



पड़ा। आधी रात तक रैंप का विरोध कर रहे लोगों के साथ रांची पुलिस जूझती रही। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। आदिवासी संगठन के विरोध को देखते हुए पूरे सिरमटोली चौक को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। आनन -फानन में रांची के सिटी एसपी, डीएसपी सहित कई थानेदार मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस और रैंप विरोधी लोगों के बीच जमकर कहासुनी हुई। डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद के साथ विरोध कर रही कई महिलाओं ने धक्का-मुक्की की। आदिवासी संगठनों का आरोप है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से आदिवासियों को धोखा



दिया जा रहा है। सरना स्थल को लेकर रैंप का विरोध समाज के द्वारा किया जा रहा है लेकिन सरकार पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है। अब इस मामले को लेकर सरकार का ही विरोध किया जाएगा। रांची पुलिस के कई अफसर और 100 से ज्यादा जवान आधी रात तक सिरमटोली में भीड़ से जूझते रहे। काफी समझाने के बाद भी जब भीड़ नहीं मानी तब सभी को हिरासत में लेकर बस में बिठा कर उन्हें सिरमटोली से हटाया गया। फिलहाल सिरमटोली को लेकर अभी भी माहौल तनावपूर्ण है। इसे देखते हुए सिरमटोली में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## एक नजर

### केंद्र सरकार इस बार लाए पीओके वापस : जेपी

**रांची :** प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के नेता जय प्रकाश पांडेय ने केंद्र सरकार से इस बार पीओके की वापसी की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मानवता को नष्ट करने वाले आतंकी राक्षसों के अंत का समय आ चुका है। भारत सरकार और सेना आतंकियों के सफाए करने के लिए तैयार है। दुनिया के देशों को परमाणु बम बेचने वाले आतंकवादी पाकिस्तान का इस बार भारत संपूर्ण इलाज करेगा। दुनिया के अग्रणी देश अमेरिका, रूस, फ्रांस, जापान, नेपाल, इजराइल सहित कई देश भारत के समर्थन में है।

### झारखंड में मई में पड़ेगी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी

**रांची :** झारखंड के सभी जिलों में मई महीने के दूसरे हफ्ते में इस बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ेगी। इसका असर राज्य के आम जनजीवन पर भी पड़ेगा। यह जानकारी शुक्रवार को मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि मई माह के दूसरे हफ्ते में प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि दो-तीन मई तक काल बैसाखी का प्रभाव रहेगा। इससे बारिश और वज्रपात होने की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया कि जब-जब बंगाल की खाड़ी से नमी झारखंड में प्रवेश करेगी उसके प्रभाव से काल बैसाखी के चलते गर्जन वज्रपात और हल्की बारिश होगी। इससे राज्य के आम लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। वहीं पूरा झारखण्ड प्रचंड गर्मी की चपेट में है। जमशेदपुर और डाल्टेनगंज में तापमान 43 डिग्री को पार चुका है। हालांकि राजधानी रांची में अभी भी राहत है। यहां का तापमान शुक्रवार को 38.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि एक- दो दिन पूर्व तापमान 39 डिग्री था।

### अर्धनग्न अवस्था में युवक का शव बरामद

**रांची :** पुलिस ने रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित लदनापीढी स्कूल के समीप से शुक्रवार को एक युवक का अर्धनग्न अवस्था में शव पेड़ से लटकता हुआ बरामद किया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। स्थानीय लोगों आशंका जता रहे है कि हत्या कर आत्महत्या का रुप देने की कोशिश की गई है। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पेड़ से लटका हुआ अर्धनग्न अवस्था में एक युवक का शव बरामद हुआ है। आसपास के लोगों से पहचान करने पर किसी ने उसकी शिनाख्त नहीं की। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

### मेसरा में काली पूजा 27 अप्रैल को

**रांची :** शिव और काली पूजा समिति की ओर से मेसरा में काली पूजा इस साल भी धूमधाम मनाया जाएगा। पूजा 27 अप्रैल को (बैशाख अमावस्या) रात 10. 00 बजे शुरू होगी। रात एक बजे से बलि शुरू होगा। इस दौरान बकरों की बलि दी जाएगी। 28 अप्रैल की सुबह पांच बजे मां काली का महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा और संध्या शाम छह बजे विसर्जन किया जाएगा। मंदिर परिसर में आकर्षक मेला लगेगा। शिव और काली पूजा समिति के अध्यक्ष गंगा कारमली, सचिव अरविंद साहू, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार महतो, संरक्षक टीपू महतो, प्रीत साह लोहरा, रामकिशुन महतो (मुख्य पुजारी) जलेश्वर महतो, सुरेंद्र महतो, राजा महतो, तारकेश्वर महतो, अरविंद महतो पूजा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

## कृषि मंत्री ने आतंकवादी हमले में मारे गए आईबी अधिकारी के परिजनों से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के दौरान मारे गए आईबी अधिकारी मनीष रंजन के पश्चिम बंगाल झालदा स्थित आवास पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के नेतृत्व में जेएमएम विधायक विकास सिंह मुंडा और जेएमएम विधायक मंगल कालिंदी ने शोक संतप्त परिवार से घटना की जानकारी ली। इस दौरान आईबी अधिकारी मनीष रंजन की मां का रो-रो कर बुरा हाल था। पिता मंगलेश कुमार मिश्रा ने बातचीत के क्रम में बताया की बचपन से ही मनीष रंजन मेधावी छात्र रहे। सिर्फ शिक्षा ही नहीं क्रिकेट में उनकी प्रतिभा और संगीत की कला ने उन्हें अपने प्रियजनों के बीच लोकप्रिय बनाए रखा। जब उनका बेटा नहीं रहा, तो ऐसा लगता है जैसे सब कुछ खत्म हो गया है। आईबी अधिकारी मनीष रंजन के परिजनों से मिलने के बाद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस घटना से हम सभी आहत है। परिजनों ने कुछ समस्याओं रखा है जो जायज है, जैसे दूसरे राज्य में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के टीसी की बात हो या केंद्र सरकार के की ओर से नौकरी के प्रावधान की बात हो, इन समस्याओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखने का काम किया जाएगा। राज्य सरकार पीड़ित परिवार को हर संभव मदद के लिए तैयार है।

## सोच-समझकर दिया बयान, नहीं फिसली जुबान : सुदिव्य कुमार सोनू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस्तीफा मांगने वाले बयान पर कहा है कि वे अपनी बातों पर अब भी कायम हैं। उन्होंने कहा है कि उनकी जुबान नहीं फिसली है जबकि उन्होंने सोच समझकर ही अपनी बात रखी है। उल्लेखनीय है कि मंत्री ने लोहरदगा में पत्रकारों के समक्ष पहलगाम हमले पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने की बात कही थी। मंत्री ने शुक्रवार को रांची में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि वे अपने स्टैंड पर अब भी कायम हैं। मंत्री ने कहा कि जब जिम्मेदार व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी लेना छोड़ दे तो गैर-जिम्मेदार लोगों को ही किसी घटना की जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी और इसी संदर्भ में उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम लिया था। मंत्री



ने कहा कि 1956 में रेल दुर्घटना होने पर तत्कालीन रेलमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। 1999 में रेलमंत्री के रूप में नीतीश कुमार भी इस्तीफा दे दिया था। 2008 में मुंबई ब्लास्ट के बाद तत्कालीन गृह मंत्री शिवराज पाटिल ने इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में आज जब पहलगाम में कोई आतंकी 300 किलोमीटर चलकर आता है और घटना को अंजाम देता है तो आखिर जिम्मेदारी और जवाबदेही किसकी बनती है। मंत्री ने कहा कि यह सवाल पत्रकार बिरादरी की ओर से उठाना चाहिए था लेकिन जब पत्रकारों ने अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं किया। इस पर उन्होंने सवाल उठाया कि केंद्रशासित प्रदेश होने के नाते पहलगाम की जिम्मेदारी किसकी बनती है। मंत्री ने कहा कि उनके गत गुरुवार दिये बयान पर कई तरह की बातें की जा रही हैं। हमारे ज्ञान पर सवाल उठाए जा रहे हैं लेकिन मूल बातें कोई नहीं कर रहा है। मंत्री ने कहा कि पुलवामा की घटना में आरडीएक्स पहुंचाने वाले में एक डीएसपी का नाम आया था, उसका क्या हुआ? पठानकोट एयरबेस पर हमला हुआ, तब भी किसी की जवाबदेही तय नहीं हुई। जब बड़ी त्रासदी और आतंकी हमलों पर भी कोई जवाबदेही जिम्मेदार लोग न लें तो मैंने कहा कि जो घटना के जिम्मेवार नहीं है।

## आतंकी हमले का डटकर करेंगे मुकाबला : एकल अभियान


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में शुक्रवार को एकल अभियान, रांची ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बरियातु रोड स्थित आरोग्य भवन के सभा कक्ष में किया गया। इस अवसर पर घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। वहीं मौके पर एकल अभियान के केन्द्रीय अभियान प्रमुख ललन शर्मा ने कहा कि एकल अभियान की ओर से पहलगाम की घटना में मारे गए लोगों की याद में दो लाख गांवों में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने हिन्दूओं के साथ जिस तरह का कुकृत्य किया है वह अत्यंत दुखदायी है। इसका करारा



जवाब देना ही होगा। दिवगंत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजली अर्पित करते हुए वनबंधु परिषद रांची के सरंक्षक रमेश धरनी धरका ने कहा कि भारत को आतंकी हमले से एक बहुत बड़ी चनौती मिली है। इसे प्रत्येक नागरिक को डटकर मुकाबला करना होगा। प्रत्येक नागरिक को एक सैनिक की भूमिका निभानी होगी। वहीं श्रद्धांजली सभा में एकल अभियान के वरिष्ठ केन्द्रीय कार्यकर्ता अमरेन्द्र विष्णपुरी ने कहा कि आतंकी हमले में दिवगंत आत्माएं देश की एकता और अखंडता को जागृत कर रही हैं। उनकी आत्माह चित्कार कर ललकार रही हैं कि हम सभी एक हों और देश से आतंकी हमलों को समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि इस चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए प्रत्येक नागरिकों को आतंकी हमले के विरोध में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना ही दिवगंत आत्माओं की सच्ची श्रद्धांजली होगी।

## मेन रोड समेत कई इलाकों में 26 को तीन घंटे नहीं रहेगी बिजली



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के मेन रोड, कोकर, चुटिया, कोकर ग्रामीण, कोकर शहरी, नामकुम विकास, खेलगांव और रिम्स के इलाकों में शनिवार को तीन घंटे तक बिजली नहीं रहेगी। यह जानकारी जेवीबीएनएल के वरीय प्रबंधक सुनील कुमार ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह आठ बजे से सुबह 11 बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

उन्होंने बताया कि जेवीबीएनएल की ओर से शनिवार को 132/33 केवी ग्रिड सब स्टेबशन, नामकुम के 132 केवी मेन बस की मरम्मति का कार्य किया जाएगा। इसलिए इन इलाकों में तीन घंटों तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। उल्लेखनीय है कि बिजली विभाग समय-समय पर पावर ग्रिड और पावर सब स्टेशनों में जर्जर केबल और अन्य मशीनों की मरम्मति का काम करता है। इससे विभाग की ओर से संबंधित इलाकों में बिजली सेवा को रोकना पडता है।

## राज्यपाल से अलग-अलग शिष्टमंडल के लोगों ने की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को अलग-अलग शिष्टमंडल ने शुक्रवार को राजभवन में मुलाकात की। इसी क्रम में आदिवासी छात्र संघ, केन्द्रीय समिति का एक शिष्टमंडल ने गुमला जिला अंतर्गत प्रस्तावित विश्वविद्यालय और छात्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गुमला में निमार्णाधीन विश्वविद्यालय का नाम पंखराज बाबा कार्तिक उरांव विश्वविद्यालय रखने का आग्रह किया गया है। इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ



चुनाव कराए जाने के लिए पहल करने का आग्रह किया। वहीं, राज्यपाल से आदिवासी भूमिज समाज कल्याण समिति के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। विधानसभा के बजट सत्र के शून्यकाल में सिल्ली विधायक अमित कुमार की ओर से चुहाड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के तैल चित्र को झारखंड विधानसभा भवन में लगाए जाने के संबंध में उल्लेख करते हुए कहा कि इस निर्णय से भूमिज समाज में व्यापक असंतोष उत्पन्न हो रहा है तथा इससे भूमिज और कुर्मी समाज के मध्य टकराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से विधानसभा में रघुनाथ महतो का तैल चित्र लगाए जाने के प्रस्ताव को निरस्त करने के लिए आग्रह किया। वहीं, राज्यपाल से श्री साईं सेवा ट्रस्ट, गिंजो ठाकुरगांव के एक शिष्टमंडल ने ट्रस्ट के सचिव शिव कुमार तिवारी के नेतृत्व में राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को साईं मंदिर, गिंजो ठाकुरगांव की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इसके अलावा राज्यपाल से नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को सिंह ने मई, 2025 में प्रस्तावित विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीन घोटाला : अमित कुमार अग्रवाल, तल्हा खान और मो. अफसर अली की जमानत खारिज




**रांची :** जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तीन आरोपितों की अलग-अलग जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने तीनों आरोपितों अमित कुमार अग्रवाल, तल्हा खान और मो अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में अमित कुमार अग्रवाल और तल्हा खान आरोपित है। वहीं खेलगांव की जमीन से जुड़े फर्जीवाड़ा मामले (ईसीआईआर 25/2023) में मोहम्मद अफसर अली आरोपित है। मामले में ईडी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास, सौरभ कुमार एवं वरुण गिरधर ने पैरवी की थी। सेना की जमीन फर्जीवाड़ा मामले में ईडी की ओर से अमित कुमार अग्रवाल और तल्हा खान के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें अमित कुमार अग्रवाल, तल्हा खान, छवि रंजन सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन खरीद-बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141/2022 दर्ज किया गया है।

### सांसद ने हुटुप गौशाला के लिए दी गौहाल और बोरिंग की स्वीकृति



**रांची :** एकादशी के शुभ अवसर पर शुक्रवार को हुटुप गौशाला धाम में राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा पहुंचे। इस अवसर पर प्रदीप वर्मा ने अपने सांसद निधि से गौशाला में एक गौहाल और एक बोरिंग कराने की स्वीकृति दी। इस अवसर पर गौशाला न्यास समिति की ओर से प्रदीप वर्मा के प्रति आभार प्रकट किया गया। उल्लेखनीय है कि हुटुप गौशाला धाम में लाचार और बिना दूध देने वाली गायों को रखा जाता है। ताकि कमजोर और असहाय गौवंश को संरक्षण मिल सके। यह गौशाला ओरमांझी प्रखंड के हुटूप गांव में स्थित है और अपने आप में अद्भुत है। यह गौशाला रांची गौशाला न्यास समिति की तीन इकाइयों में से एक है, जिसमें पहला हरमू रोड गौशाला, दूसरा सुकुरहुटू गौशाला तथा तीसरा ओरमांझी स्थित हुटुप गौशाला हैं। वहीं हुटूप गौशाला पहुंचने पर प्रदीप वर्मा का स्वागत गौशाला के मुकेश काबरा और वासुदेव भाला ने किया।

### हितचिन्तक सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

**रांची :** सेवा और त्याग का आधार लेकर 26 वर्षो से झारखंड में सेवा भारती सेवा में कार्यरत है। इस लम्बी यात्रा के दौरान विभिन्न आयामों जैसे बच्चों को संस्कारित शिक्षा, स्वालंबन, स्वाभिमान, जागरण, स्वच्छता, पर्यावरण आदि परिणाम कारक रहे हैं। समाज के निचले पायदान पर खड़े समाज जनों का सेवा भिन्न -भिन्न आयामों द्वारा सेव किया जा रहा है इसी सेवा कार्य के विस्तार हेतु सेवा भारती द्वारा रविवार दिनांक 27/4/2025 को आयोजित हिचिन्तक सम्मेलन का आयोजन को सफल बनाने के लिये काव्य रेस्टोरेंट सभागार बायपास रोड हरमू में राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक की गई । बैठक में मुख्यरूप से सेवा भारती के ऋषि पाण्डेय,सह प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव, आर के बिद्धु,शुभेंदु भट्ट, श्याम टोरका, पूनम आनंद, विनय लाल उपस्थित रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर सीबीआई ने बहस के लिए मांगा समय

**रांची :** राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत की ओर से आरोप गठित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई ने बहस के लिए समय की मांग की। इस पर कोर्ट ने अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दो सप्ताह के बाद सुनवाई की तिथि निर्धारित की। पिछली सुनवाई में तीसरी बार मधु कोड़ा की ओर से समय मांगे जाने पर कोर्ट ने उनपर 4000 रुपये का जुमार्ना लगाया था। उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आईवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपए घूस ली। साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है, इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। उन्हें 30 जुलाई 2013 को जमानत मिली थी। आरोप है कि पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड कंपनी आईवीआरसीएल को काम दिया था। वर्ष 2006 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ रुपये मिले थे। इस परियोजना के तहत झारखंड के छह जिलों के 27359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था। इससे 29.26 लाख परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिलता।

### मंत्री सुदिव्य का बयान अहंकार को दर्शाता है : बाबूलाल मरांडी



**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को आड़े हाथ लिया है। मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि झारखंड के मंत्री सुदिव्य का व्यंग्य उनके भीतर कूट कूटकर भरे अहंकार को दर्शाता है। जब पूरा देश और दुनिया पहलगाम हमले को लेकर सदमे में है, ऐसे समय में किसी मंत्री का फूहड़ व्यवहार शर्मनाक है और उनके इस आचरण की जितनी भी निंदा की जाए, कम है। बाबूलाल ने दूसरे पोस्ट में लिखा है कि मनुष्य का असली चरित्र तब सामने आता है, जब वो नशे में होता है। फिर नशा चाहे धन का हो, पद का हो, रूप का हो या शराब का। मेरे इस पोस्ट का पहलगाम घटना के संदर्भ में झारखंड के मंत्री सुदिव्य के बचकाना बयान वाले हरकत से कोई संबंध नहीं है।

# पहलगाम हमले के विरोध में विहिप-बजरंग दल ने किया देशव्यापी प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरुद्ध विश्व हिंदू परिषद बोकारो ने आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर जिहादी आतंकवाद और पापी पाकिस्तान का पुतला दहन किया। नया मोड़ बिरसा मुंडा चौक पर सैकड़ों की संख्या में घटना से मर्माहत विश्व हिंदू परिषद तथा आमजन लोगों ने आक्रोशित स्वर में जिहादी आतंकवाद व पापी पाकिस्तान की काफिरोफोबिया से ग्रसित मानसिकता का समूल नाश करने का संकल्प व्यक्त किया। विरोध प्रदर्शन में संजीव कुमार ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मुक्त कर पाक अधिकृत कश्मीर को जिहादी चंगुल से छुड़ा कर पुनः भारत में मिलाया जाए। कश्मीरी लोगों की समृद्धि पर्यटन पर आधारित है और इस घटना के माध्यम से उसके पर्यटन उद्योग को समाप्त कर घाटी को दिवालिया घोषित करने जो षड्यंत्र रचे गए हैं, वे सफल नहीं होंगे। बनवारी बटवाल ने कहा कि अब इस घटना को लेकर भारत सरकार के कड़े कूटनीतिक कदमों और आतंकवाद को निरंतर पल्लवित व पोषित करने के कारण नापाक पाकिस्तान संपूर्ण विश्व में अब पूरी तरह से अलग-थलक पड़ गया है। भारत, पाकिस्तान समेत सम्पूर्ण विश्व में भारत विरोधी किसी भी ढांचे को पूरी तरह से समाप्त करने में सक्षम है। हरे राम पोद्दार ने कहा कहा कि अब पाकिस्तान अपने कुकर्मों के लिए दंड भुगतने को तैयार रहे। प्रदर्शनकारियों को बजरंग दल के विभाग सह संयोजक अजीत पांडे ने भी संबोधित किया। वहीं विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रान्त के संपर्क प्रमुख के सदस्य संतोष कुमार ने कहा कि पहलगाम की घटना सिर्फ एक सामान्य आतंकवादी हमला नहीं बल्कि, देश की संप्रभुता तथा हिंदू समाज के समक्ष एक बड़ी चुनौती है। अब सीमा पार की लड़ाई तो सरकार ने लड़नी शुरू कर दी है और देश को विश्वास है कि उसके अपेक्षित परिणाम भी शीघ्र देखने को मिलेंगे किंतु, अंदर के युद्ध के लिए सम्पूर्ण हिंदू समाज व राष्ट्रवादी शक्तियों को एकजुटता के साथ तैयार रहना होगा। कहा कि स्थानीय सहयोग व समर्थन के बिना कोई आतंकी इस प्रकार की घटना को नहीं कर सकता। ऐसे में हम सभी भारतवासियों का कर्तव्य है कि अपने आसपास पल रहे आस्तीन में सांपों को अविलंब बाहर निकाल कर देश के सुरक्षा बलों के हाथ मजबूत करें और स्वयं के साथ देश को भी सुरक्षित बनाएं। पाकिस्तान मुदार्बाद पाकिस्तान हाय हाय आतंकवाद समाप्त करो हिंदुओं का नरसंहार, नहीं सहेंगे नहीं सहेंगे जैसे नारे लगाए गए।

## एक नजर

### सामाजिक कार्यकर्ता उस्मान अंसारी का निधन

**बोकारो :** पेटरवार प्रखंड के पतकी पंचायत के चिनियागढ़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता उस्मान अंसारी का कल निधन हो गया। उनके निधन पर सामाजिक कार्यकताओं ने दु:ख व्यक्त किया है। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि 61 वर्षीय उस्मान अंसारी जी लंबे समय तक सामाजिक कार्यों में लग रहे हैं। उन्होंने भारत सरकार के महिला बाल विकास मंत्रालय से जुड़े चाइल्डलाइन, सहयोगिनी, साक्षरता कार्यक्रम आदि में 30 वर्षों से सेवा देते आए हैं। उन्होंने बताया कि उस्मान जी दो वर्षों से बीमार थे। तथा घर में ही उनका इलाज चल रहा था। कल उनका निधन हुआ। आज उनका अंतिम संस्कार के तहत भारी भीड़ के बीच मिट्टी दी गई। इस दौरान परिवार समाज सहित काफी लोग उपस्थित थे। सहयोगिनी संस्था की कल्याणी सागर, रवि कुमार राय, मंजू देवी, सूर्यमणि देवी, सोनी कुमारी, अभय कुमार सिंह, विकास गोस्वामी, तपन कुमार अड्डी, नीतू कुमारी, सनी कुमार, अमरजीत कुमार, अभय कुमार आदि ने दु:ख शोक व्यक्त किया है।

### रेलवे स्टेशन परिसर में लगी भीषण आग, 15 दुकानें जलकर खाक



**बोकारो:** गुरुवार देर रात करीब 1:30 बजे बोकारो रेलवे स्टेशन परिसर के कुमीर्डीह साइड में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते मिठाई, राशन, होटल, सब्जी और अन्य मिलाकर करीब 12 से 15 दुकानें जलकर खाक हो गईं। सभी दुकानें पिछले 40 वर्षों से वहां स्थापित थीं और स्थानीय लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन थीं। हालांकि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों का कहना है कि रात में अचानक धुआं उठता दिखा, जिसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। 5 दमकल की गाड़ियां समय पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई। लेकिन दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने बचाई नाबालिक की इज्जत



**बोकारो :** रेलवे स्टेशन पर सूचना मिली कि एक नाबालिक लड़की जो दूसरे समुदाय (मुस्लिम) के लड़के के साथ से भागी हैं और हजारीबाग स्टेशन ट्रेन संख्या 12826 पर सवार होकर जो ट्रेन दिल्ली से चलकर रांची को जाती है इस ट्रेन पर चढ़ी हुई है। फोन के माध्यम से अपने परिजनों के व्हाट्सएप पर नाबालिक लड़की द्वारा फोटो भेजा गया है जैसे ही उसके परिजनों को इसकी सूचना हुई परिजन तुरंत हजारीबाग स्टेशन के आरपीएफ के पास पहुंच सारी कहानी विस्तार रूप से बताया गया। हजारीबाग आरपीएफ द्वारा तुरंत इसकी सूचना बोकारो आरपीएफ को दी गई मौके पर मौजूद एएसआई परितोष कुमार झा और एचसी विकास कुमार और एलसी मीरा कुमारी सूचना मिलते ही प्लेटफार्म संख्या तीन पर ट्रेन का इंतजार करने लगे ट्रेन जैसे ही स्टेशन पर आई तो जो फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा गया था इस फोटो से एवं वीडियो कॉलिंग के माध्यम से उचित पहचान कर दोनों नाबालिकों को अपने कस्टडी में लेकर परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

## जनरल अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग में छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जनरल अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग में जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत में स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या नीलिमा कुमारी ने सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. बी.बी. करुणामय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी, बोकारो जनरल अस्पताल के द्वारा परम्परागत रूप से दीप प्रज्वालित कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. बी.बी. करुणामय ने अपने संबोधन में नर्सिंग पेशे को सेवा, संवेदना और समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने छात्राओं को मानव सेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान करते हुए कहा कि एक नर्सिंग सिस्टर प्रत्येक मरीज के लिए आशा, सहानुभूति और विश्वास की प्रतिमूर्ति होती है। उन्होंने इसके उपरांत पारंपरिक रूप से नर्सिंग शपथ दिलाई, जिसमें 40 छात्राओं ने निष्ठा और सेवा भाव के साथ नर्सिंग पेशे की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आनंद कुमार, डॉ. अनिंद मंडल एवं डॉ. इंद्रनील चौधरी, एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वर्षा घाणेकर, स्कूल ऑफ नर्सिंग की अध्यक्ष डॉ. सोफिया, वरिष्ठ चिकित्सकगण, छात्राएं एवं स्टाफ नर्सें बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## ईसीअरकेयू ने मनाया एआईआरएफ के 101 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** भारत के सबसे पुराने और विशाल संगठन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने का हमें हमेशा गर्व रहेगा। इस महान संगठन ने न केवल तात्कालीन अंग्रेजी हुकूमत के मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध किया,बल्कि आजादी के बाद भी भारत सरकार के समक्ष मजदूर हितों के लिए सतत संघर्ष और आंदोलन जारी रखा। उक्त बातें ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने कहीं। वे ईसीआरकेयू धनबाद शाखा कार्यालय में एआईआरएफ के 101 वर्ष पूरे होने की खुशी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहे। उपस्थित वक्ताओं ने ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एआईआरएफ का उपलब्धियां पर अपना विचार रखें और साथ ही साथ एआईआरएफ के स्थापना दिवस पर के काटकर कार्यक्रम को संपन्न किया गया।आपको बता दे की यह कार्यक्रम पूरे भारतीय रेलवे में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के सभी यूनियन कार्यालय में किया गया है । इस मौके पर एन के खवास,जे के साव,ए के तिवारी, रणधीर कुमार, श्री पिंटू नंदन, विश्वजीत मुखर्जी, राजकुमार जी, दिलीप गुप्ता जी, बिनोद बिहारी गोप, सुरेंद्र चौहान, शंभू कुमार और रंजीत कुमार यादव के अलावे कई रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

## चास में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग, एसपी ने दिया आश्वासन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकरिणी समिति के साथ बोकारो जिला के विधि व्यवस्था के संबंध में बोकारो एसपी कार्यालय में एक बैठक एसपी मनोज स्वर्गियारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीएसपी मुख्यालय अनिमेष गुप्ता, डीएसपी नगर आलोक रंजन, डीएसपी यातायात, एसडीपीओ प्रवीण सिंह,चास थाना प्रभारी सह आरक्षी निरीक्षक खुर्शीद आलम सहित जिले कई थाना के पदाधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने चास में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के संबंध में कहा की ब्रिज से लेकर महावीर चौक तक पार्किंग के लिए एक विशेष मार्किंग लाइन बनाई जाए जहां गाड़ी खड़ी की जाए। उसके बाहर की गाड़ियों का ही चालान कटना चाहिए। मार्किंग के अंदर रहने वाली गाड़ियों का चलन नहीं काटा जाना चाहिए इससे चास बाजार का व्यापार प्रभावित हो रहा है। संरक्षक संजय बैद ने बताया की जोधडीह मोड चौराहे पर काफी जाम की समस्या रहती है वहां की यातायात व्यवस्था सही की जाए ताकि जाम न लगे। हाईवे पर रॉन्ग साइड से गाड़ियां चलती हैं जिसे दुर्घटना कि संभावना बनी रहती है। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने बताया कि सिटी सेंटर में अक्सर गाड़ियों का जाम लग जाता है इसकी सही व्यवस्था की जानी चाहिए। एसपी श्री स्वर्गियरी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के पश्चात आश्वासन दिया की बोकारो पुलिस प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ इस समस्या के समाधान के लिए पूरा प्रयास करेगी जिससे यहां के व्यापारियों को एवं आम जनमानस को सहूलियत हो सके और भविष्य में हर महीने बोकारो चेंबर के साथ बैठक आयोजित कर जिले के विभिन्न समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श कर उनका निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में नरेंद्र सिंह, विनय सिंह, सिद्धार्थ पारिख, अनूप भलोटिया, रविशंकर प्रसाद, राजेश पोद्दार,राजीव कुमार सहित कई सदस्य शामिल थे।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** कसमार थाना क्षेत्र के मुरहुलसूदी पंचायत अंतर्गत चौड़ा गांव के पास गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना कसमार-बरलांगा मुख्य पथ पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर से हुई। मृतक की पहचान चौड़ा गांव के मांझडीह निवासी 32 वर्षीय अमरेश करमाली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अमरेश अपनी बाइक से पिरगुल की ओर जा रहे थे, जबकि दूसरी बाइक पर सवार चौड़ा बस्ती निवासी 22 वर्षीय जीतेंद्र मुर्मू और 19 वर्षीय बाबूलाल किस्कू पिरगुल से अपने गांव लौट रहे थे। चौड़ा गांव के पास नवनिर्मित सड़क पर तेज रफ्तार के कारण दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को कसमार सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने अमरेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं जीतेंद्र और बाबूलाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही कसमार थाना के एएसआई सत्येंद्र कुमार व पुलिस दल मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। समाचार लिखे जाने तक मृतक अमरेश करमाली का शव कसमार सीएचसी में रखा गया था।

## भाजपा का विरोध प्रदर्शन, मंत्री हफीजूल हसन के शरिया वाले बयान पर जताया आक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** झारखंड सरकार के मंत्री हफीजूल हसन के द्वारा असंवैधानिक बयान एवं कश्मीर में हुए आतंकी हमला के विरोध में बोकारो उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भाजपा बोकारो जिला द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया बीते दिन मंत्री हफीजूल ने कहा कि ₹हम कुरान को दिल में और संविधान को हाथ में रखते हैं।₹ मंत्री जी यहीं नहीं रूके बल्कि उन्होंने कहा कि ₹मेरे लिए शरिया पहले है, संविधान बाद में₹। राज्य के एक मंत्री श्री इरफान अंसारी संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून को राज्य में लागू नहीं होने देने का धमकी भरा असंवैधानिक बयान देते हैं। दोनों बयान संविधान की मयार्दाओं का उल्लंघन है। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी जी ने कहा कि मंत्रीमंडल में शपथ ग्रहण में यह पंक्ति का उल्लेख रहता है कि मैं विधि द्वारा स्थापित संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा/ रखूंगी परन्तु, इस प्रकार शपथ लेकर राज्य सरकार के मंत्री संविधान की खुल्लम-खुल्ला अवमानना कर रहे है। इतना ही नहीं बल्कि ऐसे बयानों और मानसिकता के कारण राज्य में उन्मादी शक्तियों को मनोबल बढ़ रहा है, जिसका परिणाम है कि सनातनी पर्व त्यौहार दशहरा, रामनवमी, सरस्वती पूजा, शिवरात्रि, सरहुल के दौरान राज्य में समुदाय विशेष के उपद्रवियों द्वारा पत्थरबाजी, मारपीट, दंगा फसाद, आगजनी की घटनाओं को बड़े पैमाने पर अंजाम दिया जा रहा है। राज्य की विधि-व्यवस्था ध्वस्त हो रही है।राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति है जिसे संविधान की शपथ लेकर सत्ता सुख प्राप्त करने वाले मंत्रीगण ही उत्पन्न कर रहे हैं। यह एक प्रकार से सत्ता संपोषित संवैधानिक संकट है। मैं राज्यपाल महोदय से संवैधानिक संकट को दूर करने की मांग करते हैं। संविधान की मयार्दाओं का उल्लंघन करने वाले, उसे अपमानित करने वाले, दोयम दर्जा देने वाले तया राष्ट्र और संविधान प्रथम की जगह शरिया प्रथम मानने वाले कैबिनेट मंत्री हाफिजूल हसन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने के लिए मुख्यमंत्री को निर्देशित कर संवैधानिक संकट को दूर करें। जिला अध्यक्ष जयदेव राय जी ने कहा कि ऐसे हिन मानसिकता वाले मंत्री हफीजूल एवं इरफान अंसारी को अविलम्ब मंत्री पद से मुक्त करने की मांग झारखंड के मुख्यमंत्री से करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद रोहित लाल सिंह,मुकेश राय, लक्ष्मण नायक, कुमार अमित, संजय त्यागी, परिंदा सिंह, मंटू राय,विनोद महतो,अर्जुन सिंह, शंकर रजक, गौउर रजवार, श्याम गुप्ता, अनिल स्वर्णकार, विक्रम महतो, धीरज झा, अर्चना सिंह, विक्रम पाण्डेय,भानु प्रताप सिंह, ब्रज दुबे,राघव मिश्रा, अभिषेक कुमार ध्रुव, विककी राय,अमर स्वर्णकार, निवारण सिंह, मनोज सिंह,अविनाश सिंह, हरीश सिंह, बाटुल प्रमाणिक, अशोक शर्मा, पंकज शेखर, इंदू शेखर मिश्रा, बबलू चौबे, जगन्नाथ कुमार, अनिल सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, एंजला सिंह, संदीप टुन्ना, अरविंद दुबे, धर्मेंद्र महता, कृष्णा ,गोविंद, कुसुम जी, राज सिंह, पन्ना लाल कान्दू, मनोज, कुलदीप, ऋषव झा,ऋषव कुमार,शिव शंकर, पंकज सिंह, अर्जुन स्वर्णकार और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बसंत महतो ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**धनबाद :** शुक्रवार को टुंडी प्रखंड अंतर्गत कटनिया पंचायत के कमाटांड में 63'5 का ट्रांसफार्मा टुंडी के विधायक सह सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो के अनुज बसंत कुमार महतो ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि विगत कई दिनों से उक्त गांव में ट्रांसफार्मर खराब रहने से अंधेरा छाया था, इस पर माननीय विधायक जी ने पहल करते हुए पर विभाग से नया ट्रांसफार्मर दिलाया। इस मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के वरिष्ठ नेता कामेश्वर सिंह चौधरी, सुरेंद्र सोरेन, धनेश्वर मुर्मू, बीरु सिंह, रुस्तम काजी, चौहान हेंब्रम ,बीरबल सोरेन, गणेश मुर्मू,नरेश मुर्मू सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### मानव अधिकार प्रोटेक्शन ने की पत्रकारों के साथ मारपीट करने वालों को दंडित करने की मांग



**धनबाद :** बीते दिनों रणधीर वर्मा चौक पर पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार तथा उनपर किए हमले को लेकर मानव अधिकार प्रोटेक्शन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को धनबाद उपायुक्त के नाम एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा को एवं एसएसपी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इसमें पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार तथा उनपर हमला करने वाले दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए एडीएम से कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। वे समाज के हर सुख दुख के साथी हैं। प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को 16 अप्रैल 2025 की रणधीर वर्मा चौक की घटना से अवगत कराया। साथ ही बताया कि 17 अप्रैल 2025 को घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध धनबाद थाना में प्राथमिकी संख्या 122/25 दर्ज कराई है। इसके बावजूद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रतिनिधिमंडल में मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड के महासचिव मुख्तार अहमद, सचिव सुदिष्ट कुमार, कानूनी सलाहकार धनंजय कुमार सिंह, धनबाद जिला सचिव हाजी जमीर आरिफ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीत सिंह, महिला जिला अध्यक्ष गीता सिंह, सुशीला देवी, सुनील सिंह, परमेश दास, शादाब आलम उपस्थित थे।

### जालसाजी कर एलआईसी पॉलिसी से रुपये गबन करने की शिकायत



**धनबाद :** एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की शिकायत सुनी। जनता दरबार में कतरास से आए व्यक्ति ने बताया कि उनकी पत्नी ने धोखाधड़ी एवं जालसाजी कर उनकी एलआईसी पॉलिसी से 40409 रुपए का गबन कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि पत्नी 7 वर्ष पहले घर से चली गई है और अन्य स्थान पर रह रही है। उन्होंने बताया कि एक दिन उनके मोबाइल पर एलआईसी पॉलिसी का भुगतान कर देने का मैसेज आया। जब एलआईसी के कतरास ब्रांच में जाकर पूछताछ की तो पता चला कि एलआईसी एजेंट, डेवलपमेंट ऑफिसर और शाखा प्रबंधक की मिली भगत से उनकी पत्नी ने जाली कागजात बनवाकर रुपए का गबन किया है। आवेदन में उनके जाली हस्ताक्षर और उनका पुराना फोटो लगाकर एक एफिडेविट भी दिया था। पीड़ित ने एडीएम से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। वहीं बैंक मोड़ से आई एक महिला ने एडीएम को बताया कि उनकी बहू आए दिन प्रताड़ित करती है और घर में प्रवेश करने से रोकती है। जबकि जमीन और मकान उनके पति ने खरीदा है। बहू की प्रताड़ना से परेशान होकर पति-पत्नी बस्ताकोला रहने चले गए हैं। जब वे अपने घर में जाने का प्रयास करते हैं तो बहू लड़ाई झगड़ा कर उन्हें घर में घुसने नहीं देती है। इसके अलावा जनता दरबार में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के सामने सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने, सेवानिवृत्ति का लाभ दिलाने, जमीन पर जबरन कब्जा करने, वार्ड 23 में नाली का निर्माण कराने, रजिस्ट्री और म्यूटेशन हो जाने के बाद भी बिल्डर द्वारा जमीन का कब्जा नहीं देने, सरकारी तालाब का जीर्णोद्वार कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा मौजूद थे।

### बोकारो में टैंकर की चपेट में आने से स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत



**बोकारो :** सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-5 स्थित पत्थर कट्टा चौक पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब बीएसएल नगर सेवा जल आपूर्ति विभाग की वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के टैंकर ने स्कूटी (संख्या खल्-09अऊ-6202) को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए स्कूटी सवार को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 68 वर्षीय विनोद शाह के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि वे शुक्रवार को किसी कार्यवश घर से बाहर निकले थे, जब यह हादसा घटित हुआ। घटना के तुरंत बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सिटी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, हादसे के तुरंत बाद टैंकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है ताकि चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सके। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने जानकारी दी कि घायल की मौत हो गई है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**एक नजर**

### महिला की मौत, जेठानी और उसकी दो बेटियां गिरफ्तार

**पलामू :** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के दिनादाग गांव में बकरी बांधने को लेकर हुए विवाद में पिटायी से जख्मी एक महिला की इलाज के दौरान 21 दिन बाद मौत हो गई। महिला को उसकी जेठानी ने अपनी दो बेटियों के साथ मिलकर पीटा था। रांची के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेठानी और उसकी दो बेटियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृत महिला की पहचान शांति देवी (42) के रूप में हुई है। जबकि जेठानी फूलमतीया देवी (45) और उसकी दो बेटी रंजू (22) और अंजू (19) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार घटना गत तीन अप्रैल की है। मृतका के पति मदन यादव के अनुसार फूलमतीया देवी और उनकी बेटियां रंजू और अंजू ने शांति देवी को लाठी-डंडे और लकड़ी के पीढ़े से मारा था।

# दिव्यांगों को मिला ट्राईसाईकिल, लाभुकों को सुनने के लिए मिला ईयर मशीन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** समाज में शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग जनों का विकास एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इनको समाज के मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल किया जाना चाहिए। दिव्यांग की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उक्त बातें राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहीं। श्री वर्मा आज टाटी पूर्वी पंचायत में उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से आयोजित दिव्यांग सहायता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से इर्द गिर्द के गांवों के लोगों को रोजगार के साथ ग्रामीण विकास का वैकल्पिक उपाय मिल रहा है। इसका लोगों को लाभ उठाना चाहिए ताकि समाज का संपूर्ण विकास हो सके। उन्होंने समाज को रोजगार के लिए आगे आने का आह्वान किया। उषा मार्टिन के सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से गांवों के विकास के लिए एकीकृत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें स्वास्थ, शिक्षा एवं क्षमता निर्माण के साथ रोजगारोन्मुख कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसके अलावा कृषि को वैकल्पिक आय का माध्यम बनाने के लिए कई कार्यक्रम चल रहे हैं। गांवों के लोगों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। समाजसेवी राजन साहु ने कहा कि सरकार की योजना के बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए, ताकि ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर टाटी पूर्वी के मुखिया कृष्णा पाहन ने कहा कि उषा मार्टिन के सहयोग से गांवों के विकास में योगदान दिया जा रहा है। महिलौंग के पूर्व पंचायत प्रमुख राजेंद्र महतो ने कहा कि एसे सामाजिक कार्यों से समाज को लाभ मिलता है। फॉउंडेशन ने गांवों के 15 दिव्यांगों को सरकारी योजना से जोड़ने के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनवाया गया है। इन दिव्यांगों को दीपशिखा के माध्यम से विकलांगता की जांच करायी गयी है। इसके अलावा अगले माह से दिव्यांग के लिए एक विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस अवसर पर पूर्व उप प्रमुख माधुरी देवी, पूर्व सरपंच शैलेश मिश्रा, राजेन्द्र महतो, कुमार अभयकांत, दरोथिया एक्का, आर्टिफिशियल लिंब के चंद्रमौली पांडेय और उषा मार्टिन के प्रिया बागची वरूण कुमार, मोनीत बूतकुमार, भुवनेश्वर महतो, संगीता कुमारी, मेवालाल महतो के अलावा बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

## सरिया का प्रवासी मजदूर दुबई से लापता परिजनों ने खोजबीन की लगाई गुहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बन्दखारो पंचायत के खुंटा निवासी युगलाल पंडित के 24 वर्षीय पुत्र भुनेश्वर पंडित जो दिसंबर 2024 को दुबई कमाने गए थे।जहां पिछले सोमवार से लपता है।परिवार के लोगों को शक हो रहा है कि भुनेश्वर पंडित के साथ कोई अप्रिय घटना हुई है और उन्हें सही जानकारी जानबूझकर नहीं दी जा रही है। दो मासूम बच्चों की मां अंजली देवी को किसी अनहोनी की आशंका सता रही है। उन्हें शक है कि पति को किसी ने किडनैप कर लिया है या फिर उनकी हत्या कर दी गई है।वो अपने दोनों मासूम बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान हैं। उसका कहना है कि अगर उनके पति को कुछ हो गया तो इन बच्चों का क्या होगा।परिवार के सामने अब 2 जून की रोटी का इंतजाम करना भी मुश्किल हो गया है। बूढ़े बाप और मां अपने बेटे को याद करके रोते हैं। परिवार वाले भुवनेश्वर पंडित को वापस बुलाने की सरकार से गुहार लगा रही है। इसकी सूचना मिलने पर प्रवासी मजदूर के हितार्थ में काम करने वाले सिकन्दर अली प्रवासी मजदूर के घर पहुंचे और परिजनों को मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का मुख्य मुद्दा पलायन और प्रवासी मजदूरों की समस्या का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कब तक झारखंड के युवा रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में जाते रहेंगे।

## मारवाडी युवा मंच का वार्षिक चुनाव संपन्न अंकित जैन बने अध्यक्ष

**खूंटी :** अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच का वार्षिक चुनाव शुक्रवार को राजस्थान भवन में पूर्व अध्यक्ष दया लाल भाला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कराया गया। सत्र 2024-25 के अध्यक्ष अखिल सरावगी को पुष्पगुच्छ देकर विदाई दी गई। सत्र 2025-2026 के लिए अंकित जैन को नया शाखा अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव मुकुल पीपुरिया, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष शालिनी जैन, रोशन जगनानी, आशीष अग्रवाल और राजेश मिश्रा का चयन किया गया। संयोजक के रूप में गौरव जैन, संदीप पीपुरिया, हिमांशु अग्रवाल, आशीष जैन, विशाल जैन, नेहा सरावगी, शिवांगी पीपुरिया, पूजा जैन, प्रिंस अग्रवाल, अनुराग प्रतीक सहित अन्य का चयन किया गया है।

# मुखिया ने नाबालिग बच्चों और ससुर के नाम पर कराया टीसीबी निर्माण, होगी कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** मृतकों और जेल जाने वालों के नाम पर मनरेगा में भुगतान के बाद अब स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के नाम भी योजना लेकर उसमें भुगतान करने का मामला सामने आया है। पलामू जिले के पिपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत में मुखिया उषा देवी ने अपने पोता-पोती और ससुर के नाम से टीबीसी का निर्माण कराकर एक लाख तीन हजार की निकासी कर ली है। लोकपाल की जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर कार्रवाई की तैयारी है। मुखिया उषा देवी ने ससुर रामाशीष सिंह और पोती पिहू कुमारी एवं पोता सक्षम कुमार के नाम पर मनरेगा योजना में टीसीबी का निर्माण कराने का मामला सामने आया है। शिकायत किए जाने के 13 दिन बाद मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार शुक्रवार को जांच के लिए मौके पर पहुंचे। मामले में गड़बड़ी को लेकर सकलदीपा के रहने वाले रविन्द्र कुमार सिंह ने उपायुक्त से शिकायत की थी। दो योजनाओं में गड़बड़ी, मुखिया पर होगी कार्रवाई: लोकपाल जांच के दौरान लोकपाल शंकर कुमार ने कहा कि मुखिया उषा देवी ने मनरेगा कानून के विपरीत जाकर अपने नाबालिग पोते-पोती के नाम से टीसीबी योजना की स्वीकृति दी। योजनाएं धरातल पर हैं, लेकिन उसका चयन गलत तरीके से हुआ है। जिनका जॉब कार्ड नहीं रहता, उनके नाम पर योजना की स्वीकृति नहीं देनी है।

# वकफ संशोधन के विरोध में मानव श्रृंखला बना कर हेसल में निकाला गया जुलूस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा :** राजधानी रांची के अन गडा प्रखंड हे सल गांव वक्फ संसोधन अधिनियम के विरुद्ध में रोड़ किनारे मानव श्रृंखला बनाकर शांतिपूर्ण तरीके से वक्फ बिल संसोधन का पुरजोर विरोध गांव के अंजुमन कमिटी और अंजुमन अव्वामी तरक्की एदारा के तत्वाधान में किया गया,जिसमें सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष बैनर पोस्टर लिये हुए शामिल हुए थे। मौके पर मुस्लिम समुदाय के अगुवा गणों ने बताया की यह कानून मुसलमानों की धार्मिक,शैक्षणिक और सामाजिक संस्थाओं के अस्तित्व पर सीधा हमला है। वक्फ की जमीनें हमारे पूर्वजों की दी हुई अमानत हैं,जिन्हें सरकार अपने नियंत्रण में लेना चाहती है, सरकार इस संशोधन के जरिए मुसलमानों को कमजोर करना चाहती है और मुसलमानों के इबादतगाहों, मदरसों, मस्जिदों, दरगाहों और अन्य वक्फ संपत्तियों को असुरक्षित बना रही है। उनके अनुसार,यह कानून मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है,जिस पर चुप रहना मुमकिन नहीं। उन्होंने इस बिल के खिलाफ देशव्यापी एकजुट विरोध की आवश्यकता पर जोर दिया और अपील की कि सभी धार्मिक और सामाजिक संगठन इस कानून को अदालत में चुनौती दें। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से भी आग्रह किया है कि वह इस कानून का संज्ञान ले और अल्पसंख्यकों के मूलभूत संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करे,वहीं उन्होंने बताया की जब तक इस बिल को सरकार वापस नहीं लेती तब तो संघर्ष जारी रहेगा, और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुस्तफा अंसारी साबिर अंसारी अमीरूल अंसारी मौलाना अबुल कलाम मिन्हाज अंसारी महमूद अंसारी जबारुल अंसारी एहशान अंसारी अहम योगदान रहा मौके पर अब्बास अंसारी युसुफ अंसारी मौलाना हारून हाफिज सुफयान अंसारी अमानत अंसारी असफाक अंसारी अमीरूल अंसारी असरफूल सकील अंसारी अजीज अंसारी आदि शामिल थे ।

## 13.77 करोड़ की लागत से बनेगी 11 सड़क, भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, जमशेदपुर द्वारा क्रियान्वित बोड़ाम प्रखंड की विभिन्न क्षेत्रों के जर्जर 11 सड़कों का सुदृढ़ीकरण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम शुक्रवार को स्थानीय झामुमो व भाजपा नेताओं के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया गया। 13.77 करोड़ रुपए से बनने वाली 11 सड़कों का शिलान्यास पूर्व में ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा ऑनलाइन में किया गया है। जमशेदपुर सांसद विद्युत वरन महतो व विधायक मंगल कालिंदी के निर्देश पर शुक्रवार को स्थानीय झामुमो व भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया। सड़कों में मोहरीबासा प्राथमिक विद्यालय से पहाड़पुर तक , जाल्ला से चुनीडीह तक पथ, बंगाल सीमा से बनडीह तक, राखडीह पिच रोड से कांकीडीह तक, छोटा चिड़का से हाथियाडीह तक, पोखरिया मेन रोड से बाघुडीह होते हुए बंगाल सीमा तक , बोड़ाम से धोबनी तक, मुचीडीह से चिंगरागोडा पथ तक, आमझोर से सांसांगडीह तक, निपानिया से डांगार तक व बोड़ाम से मुचीडीह तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है। इस दौरान जिला पार्षद प्रतिनिधि माणिक महतो, प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह, मुखिया गुरुवारी हांसदा, बोड़ाम मुखिया रूपा सिंह सरदार, छुटुलाल हांसदा, दीपंकर महतो, काजल सिंह, विनय मंडल, बनामली बनर्जी, सनातन दास व शंभूनाथ सिंह, बुद्धेश्वर रूहिदास, मनोज रजक आदि उपस्थित थे।

## चलती जाइलो कार में लगी आग, बाल-बाल बचे लोग

**पलामू :** पलामू जिले के तरहसी से शादी समारोह में शामिल होने आ रही एक जाइलो कार में शुक्रवार दोपहर रेडमा चौक के पास अचानक आग लग गई। कार में महिलाएं और बच्चों सहित 10 लोग सवार थे। आग लगता देख आस के लोगों के बताने पर चालक ने गाड़ी रोक दी। यातायात प्रभारी शमाल अहमद ने सतर्कता दिखायी और सभी कार सवारों को बाहर निकाल कर आस पास की दुकानों से पानी लाकर आग बुझाई।

**संक्षिप्त खबरें**

### साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल के बच्चो का बेहतर प्रदर्शन




**मुरी :** साइंस ओलिंपियाड फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित इंटरनेशनल सोशल साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल, मुरी के 9 बच्चो को स्वर्ण पदक मिला। विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार के दिन सभी विजेता प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत,प्रतिबद्धता एवं दृढ़संकल्प ने इतनी बड़ी सफलता दिलाई। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं रमेश गोराई, सीमा झा, प्रतिमा कुमारी, डौली कुमारी,प्रीति नंदा, मनीषा सिंह , वी वेंकट राव एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पुलिस ने अवैध बालू लदा टर्बो पकड़ा



**सिल्ली:** झारखंड सरकार के आदेश का सख्ती से पालन करते हुए सिल्ली पुलिस ने गुरुवार की रात गश्ती के दौरान करियाडीह से मुरहू तुन्कु होते हुए जंगल के रास्ते जरवाडीह के पास अवैध बालू लदा टर्बो को पकड़ा और थाने ले आई तत्पश्चाप खनन विभाग को सूचित करते हुए आगे की कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध रूप से बालू उत्खनन एवं अवैध परिवहन करते पकड़े जाने पर माफियाओं और गाड़ी मालिक के ऊपर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। बताते चले कि सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत झारखंड सरकार द्वारा तीन बालू घाट चोकेसोरेग,श्यामनगर और सुंडील संचालित किया गया है और तीनों घाटों से बालू चालान सहित निर्गत किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व ही जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली एवं अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने संयुक्त रूप से तीनों घाटों का निरीक्षण किया तथा घाट के आसपास के ग्रामीणों से आग्रह किया कि सभी तीनों घाट सरकार के द्वारा विधिवत रूप से आवंटित है और चालान सहित परिवहन में सहयोग करें ताकि जिले में बालू की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। अवैध रूप से बालू के कारोबार में सम्मिलित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी गई क्योंकि अवैध बालू के परिवहन से सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचता है। इसके मद्देनजर दिन प्रतिदिन जिला खनन टास्क फोर्स, स्थानीय थाना तथा अंचल कार्यालय अवैध बालू परिवहन को रोकने के लिए सक्रिय रूप से निगरानी कर रही है।

### गंगा नारायण सिंह जयंती पर आजसू नेता हरे लाल महतो ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**ईचागढ़ :** भूमिज विद्रोह के महानायक स्वतंत्रता सेनानी शहीद गंगा नारायण सिंह के जयंती अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो ने श्रद्धांजलि अर्पित की। नीमडीह प्रखंड के बांधडीह तथा सामानपुर मोड़ पर स्थित शहीद गंगा नारायण सिंह के प्रतिमा पर हरे लाल महतो ने अपने समर्थकों संग माल्यार्पण किया। इस अवसर पर हरे लाल महतो ने कहा कि गंगा नारायण सिंह जैसे हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शहादत दी है। गंगा नारायण सिंह ने शहादत को स्वीकार किया था लेकिन अंग्रेजों की गुलामी को स्वीकार नहीं किया था, उनके संघर्ष गाथा से हमें प्रेरणा मिलती हैं। इस मौके पर नीमडीह जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, पूर्व मुखिया हरि सिंह सरदार, हरि नारायण सिंह, मिथुन पांडे, रवि महतो, कांचन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
**जिला परियोजना कार्यालय**
प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, पुराना समाहरणालय परिसर, गुमला पिन–835207
ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

पत्रांक : 487 दिनांक : 24.04.2025

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2025–26)
निविदा संख्या :– 01/2025–26
10 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पैकेजवार सामग्रियों की आपूर्ति के संबंध में

गुमला जिला अंतर्गत संचालित 10 कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, 02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों के लिए सत्र 2025–26 में खाद्य एवं अन्यान्य सामग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित विद्यालय के प्रखंड के संस्थानों/इच्छुक निविदादाताओं से विद्यालयवार एवं पैकेजवार निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, पुराना समाहरणालय परिसर, गुमला से दिनांक 26.04.2025 से 17.05.2025 तक कार्य दिवस में अपराह्न 5:00 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं दिनांक 19.05.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में (पैकेजवार अलग–अलग लिफाफा) जमा कर सकते हैं।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रति पैकेज अप्रतिदेय 500/– (पाँच सौ रूपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट, जो राष्ट्रीयकृत बैंक से Samagra Shiksha Abhiyan Gumla के नाम देय हो के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा। पूर्ण निविदा हेतु पैकेजों की विवरणी इत्यादि से संबंधित विस्तृत शर्तें तथा अन्य जानकारी हेतु झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, पुराना समाहरणालय परिसर, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी https://gumla.nic.in के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला।

PR 351050 Jharkhand Education Project Council(25-26)D

**व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा**

नीलामी विज्ञापन
सरकारी वाहन की नीलामी

सभी इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा द्वारा तीन सरकारी वाहनों की नीलामी आयोजित की जा रही है। नीलामी हेतु चिन्हित वाहनों का विवरण निम्नलिखित है –

1. वाहन का विवरण :

| Sl No. | Type of Vehicles | Registration Number |
|---|---|---|
| 1. | Ambassador Car | JH07A-1530 |
| 2. | Ambassador Car | JH07A-5231 |
| 3. | Ambassador Car | JH20A-2701 |

2. नीलामी तिथि : 30.04.2025
3. समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न
4. स्थान : व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा परिसर
5. निरीक्षण तिथि : 28.04.2025
6. वाहन निरीक्षण की तारीख और समय : 28.04.2025 10:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक
7. न्यूनतम बोली मूल्य : 30,000/– रूपये (तीस हजार रूपये) प्रत्येक वाहन

नियम और शर्तें :
(1) बोली लगाने से पूर्व पंजीकरण/जमानत राशि जमा करनी होगी।
(2) वाहन को "जैसा है, जहाँ है" आधार पर बिक्री किया जाएगा।
(3) सफल बोलीदाता को सात दिनों के अंदर पूरी राशि जमा करनी होगी।
(4) नीलामी में भाग लेने के लिए पहचान पत्र अनिवार्य है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नाजिर से इस नंबर 9431520596/9608339740 पर सम्पर्क करें। ह/–
आदेशानुसार
प्रभारी न्यायाधीश

PR 351013 Simdega (25-26)_D

# ड्रॉपआउट बच्चों के लिए 10 मई तक चलेगा विशेष अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को स्कूल रुआर 2025 अभियान का शुभारंभ किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपायुक्त ने अभियान की शुरूआत की। यह अभियान ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चलाया जा रहा है। जो आगामी 10 मई तक चलेगा। उपायुक्त ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, ह्यबचपन में शिक्षा की अनदेखी केवल एक बच्चे का नुकसान नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की क्षति है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। कार्यशाला में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, बाल संरक्षण इकाइयां, गैर-सरकारी संगठन, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं और मीडिया प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अभियान के तहत 10 स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उच्च गुणवत्ता वाले प्री-रिकॉर्डेड लेक्चर की शुरूआत की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि आने वाले दो-तीन वर्षों में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र आदर्श केंद्रों के रूप में परिवर्तित किए जाएंगे। बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के लिए सीटी बजाओ, स्कूल चलो अभियान निरंतर चलाया जाएगा। उपायुक्त ने ड्रॉपआउट दर के कारणों को जानने के लिए जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और अन्य पदाधिकारियों से संवाद किया। उपस्थित लोगों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी, प्रवासी मजदूरी, घरेलू कार्यों में बच्चों का लगना और प्रेरणा की कमी को प्रमुख कारण के रूप में बताया। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना, छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, डीपीआरओ डॉ असीम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा सहित अन्य शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## पहलगाम : अब भारत की पारी शुरू

पहलगाम का आतंकी हमला हताशा में किया गया ऐसा कुकृत्य है, जिस पर हमेशा की तरह सुई पाकिस्तान की तरफ घूमती है। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा एक देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-बार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है।

यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपित तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बीच हुआ है। मुनीर ने पिछले हफ्ते ही कश्मीर को अपने देश की ह्यगले की नसह्ळ बताकर 22 अप्रैल के हमले की भयावहता की जमीन तैयार कर दी थी। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, वहीं उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को उछालना चुना। दावा किया कि हिंदुओं व मुसलमानों में कोई समानता नहीं है। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की भारत यात्रा के दौरान यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दे दी है।

पाकिस्तान ने पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त करने का प्रपंच तो रचा लेकिन हमले की निंदा करने से परहेज किया। उरी(2016) और पुलवामा (2019) की तरह क्या पहलगाम हत्याकांड भी ऐसी प्रतिक्रिया को जन्म देगा? मोदी सरकार, क्या पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाने के लिये भारी दबाव में है? वैसे कूटनीतिक मोर्चे पर भारत के लिये अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब और शर्मिंदा करने का एक बड़ा अवसर है। पहलगाम जांच के नतीजों और राणा से पूछताछ से भारत के इस रुख की पुष्टि होने की उम्मीद है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है।

बहरहाल, पहलगाम के बैसरन में पाक पोषित आतंकियों ने जो खूनी खेल खेला, उसने पूरे देश को झकझोरा है। सैर-सपाटे के लिये गए लोगों को मौत मिलेगी, ऐसी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन एक हकीकत है कि देश-विदेश के 26 पर्यटक आतंकियों की गोली के शिकार हुए। हमले ने शेष देश के साथ कश्मीर की आत्मा को भी झकझोरा है। यह त्रासदी सिर्फ जम्मू-कश्मीर की ही नहीं है बल्कि इस हमले ने पूरे देश को गहरा जख्म दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस पीड़ादायक हादसे के बाद घाटी के लोगों ने एकजुट होकर हमले की निंदा की है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों पर दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए। कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है।

लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोककर भारत लौटे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भी घाटी पहुंचकर तत्काल जमीनी स्थितियों का आकलन होने तक पूरी सरकारी मशीनरी की ताकत झोंक दी है। तात्कालिक प्रतिक्रिया के तौर पर इस संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र कड़ा जवाब दिया जाएगा। अधिकारियों को घाटी की उन आवाजों को भी बुलंद करना चाहिए जिन्होंने हिंसा को खारिज करके मानवता को चुना है।

### सूडोकु नवताल- 7412

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7411 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौता रद किया जाना भारत के हित में है

**डॉ. विश्वास चौहान**

भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध के बाद 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौता हुआ था। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच शांति बहाली, युद्धबंदियों की रिहाई और आपसी विवादों को शांतिपूर्वक हल करना था। परंतु 21वीं सदी के पहले दो दशकों में पाकिस्तान की ओर से बार-बार सीमा उल्लंघन, आतंकवाद को समर्थन और कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के प्रयासों ने शिमला समझौते की आत्मा को गंभीर रूप से आहत किया है। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा इस समझौते को औपचारिक रूप से 'निरस्त' करना एक प्रतीकात्मक घटना है, परंतु इसके निहितार्थ भारत के दृष्टिकोण से लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

इस आलेख में हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे कि पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौते को रद्द किया जाना भारत के लिए कैसे लाभकारी है, किन ऐतिहासिक तथ्यों, आंकड़ों और घटनाओं के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है और इसके दीर्घकालिक रणनीतिक प्रभाव क्या हो सकते हैं।

### शिमला समझौताः संक्षिप्त पृष्ठभूमि

1971 के भारत-पाक युद्ध के पश्चात भारत ने पाकिस्तान के 90,000 से अधिक सैनिकों को बंदी बनाया था। युद्ध के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान, स्वतंत्र राष्ट्र 'बांग्लादेश' बना। इन परिस्थितियों में शांति बहाली के उद्देश्य से तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच शिमला में समझौता हुआ। इसके प्रमुख बिंदु थेः भारत और पाकिस्तान अपने मतभेदों को द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाएंगे। युद्धबंदियों की सुरक्षित वापसी की जाएगी। दोनों देश एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे। नियंत्रण रेखा को दोनों पक्ष सम्मान देंगे।

लेकिन उक्त समझौते का पाकिस्तान की ओर से निरन्तर उल्लंघन की घटनाएं हुई तथा शिमला समझौते के बाद भी पाकिस्तान ने कभी इस समझौते की आत्मा का पालन नहीं किया। पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौता उल्लंघन की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार थी -

**1.** कारगिल युद्ध (1999)पाकिस्तानी सेना ने भारतीय नियंत्रण वाले कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ कर ली, जबकि शिमला समझौते के अनुसार, नियंत्रण रेखा का सम्मान अनिवार्य था।

**2.** सीमा पर लगातार संघर्ष विराम उल्लंघन2003 में संघर्ष विराम समझौता हुआ, परंतु 2010 से 2020 के बीच पाकिस्तान ने औसतन प्रति वर्ष 1500 से अधिक बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया (गृह मंत्रालय के आंकड़े)।

**3.** आतंकवाद को समर्थनपाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों- लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद आदि ने भारत में कई आतंकी हमले किएः साल 2001 में संसद पर हमला, 2008 मुंबई हमले (166 मृतक), 2016 पठानकोट हमला, 2019 पुलवामा हमला (40 CRPF जवान शहीद) ये घटनाएं शिमला समझौते की शांति एवं आपसी सम्मान की भावना के विरुद्ध थीं।

वर्तमान में पाकिस्तान द्वारा समझौते को निरस्त करना एक मूर्खतापूर्ण कदम के लिए इतिहास में स्मरण किया जाएगा। वैसे भी इस समझौते का कोई महत्व नहीं रह गया था क्योंकि 2024 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें शिमला समझौते को "अप्रासंगिक और निष्प्रभावी" बताया गया और इसे औपचारिक रूप से रद्द करने की सिफारिश की गई। इसके पीछे तर्क दिया गया कि भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य पुनर्गठन ने "यथास्थिति" को बदल दिया है।

मेरी राय में पाकिस्तान का यह कदम भारत के लिए झटका नहीं बल्कि एक रणनीतिक अवसर है। अब प्रश्न यह है कि पाकिस्तान का यह कदम भारत के हित में कैसे है? तो इस सम्बन्ध में निम्नानुसार तर्क दिए जा सकते हैं।

पहला यह कि भारत अब द्विपक्षीयता की बाध्यता से मुक्त हो गया है क्योंकि शिमला समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान विवादों का समाधान केवल द्विपक्षीय तरीके से करना था। अब भारत इस विषय को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए स्वतंत्र है और विशेषकर आतंकवाद जैसे विषयों पर व्यापक वैश्विक समर्थन प्राप्त कर सकता है।

दूसरा यह कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता को इस कदम से क्षति पहुंची है क्योंकि शिमला समझौता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप था और एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता मानी जाती है। पाकिस्तान द्वारा इसे रद्द करना उसकी अस्थिर और गैर-जिम्मेदार छवि को और मजबूत करता है। इससे भारत को विश्व स्तर पर कूटनीतिक लाभ मिलेगा।

तीसरा, भारत को अब कूटनीतिक आक्रमकता का अवसर मिल गया है क्योंकि पाकिस्तान द्वारा यह समझौता रद्द करने से भारत अब अपने पक्ष को अन्य देशों के सामने खुलकर रख सकता है, विशेष रूप से पाकिस्तान द्वारा लगातार प्रायोजित आतंकवाद और सीमा उल्लंघनों पर। जी20, SCO और BRICS जैसे मंचों पर भारत इस मुद्दे को मजबूती से उठा सकता है जो पहले इस समझौते से बंधा होने से नहीं उठा पाता था।

चौथा यह कि अब LoC की स्थिति और रक्षा नीति को सुदृढ़ किया जा सकेगा क्योंकि अब भारत को नियंत्रण रेखा की "यथास्थिति" बनाए रखने की बाध्यता नहीं है। इससे सामरिक रूप से पाकिस्तान की ओर अधिक सक्रिय रक्षा नीति अपनाने की संभावनाएं बनती हैं- जैसे सर्जिकल स्ट्राइक (2016) और एयर स्ट्राइक (2019) जैसे उपायों को वैधानिक रूप से और अधिक समर्थन मिल सकता है।

### भविष्य की रणनीतिक दिशाः भारत को अब क्या करना चाहिए?

**1.** नई सुरक्षा नीति का निर्माणभारत को एक अद्यतन सीमा नीति बनानी चाहिए जो केवल रक्षात्मक नहीं, अपितु सक्रिय प्रतिकार पर आधारित हो।

**2.** राजनयिक स्तर पर आक्रामकताभारत को पाकिस्तान की यह असंगत स्थिति वैश्विक मंचों पर उजागर करनी चाहिए कि वह शांति समझौतों को स्वीकारने और बनाए रखने में विफल राष्ट्र है।

**3.** आतंकवाद विरोधी वैश्विक गठजोड़ में नेतृत्वभारत, अमेरिका, फ्रांस, इजराइल और अन्य आतंकवाद-विरोधी राष्ट्रों के साथ गठजोड़ को और मजबूत कर सकता है।

**4.** UN और क्ळख में कदमअब भारत, पाकिस्तान की नापाक गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और वठ में अधिक मजबूती से उठा सकता है।


कुल मिलाकर इस समझौते को पाकिस्तान द्वारा रद्द करने से भारत की सामाजिक और आंतरिक नीति पर सकारात्मक प्रभाव ही पड़ेगा। वहीं, कश्मीर में सुदृढ़ शासन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी क्योंकि अब भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की "राजनीतिक घुसपैठ" की बात को पूरी तरह नकार सकता है। यह जम्मू-कश्मीर के एकीकरण को और सशक्त करेगा।

भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि पाकिस्तान के साथ किसी विवाद के कारण होने वाली अनिश्चितता को भारत एकतरफा तरीके से नियंत्रित कर सकता है। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। हम कह सकते हैं कि शिमला समझौता, ऐतिहासिक रूप से भारत की नैतिक और राजनयिक विजय थी लेकिन इसका पालन केवल भारत ने किया। पाकिस्तान ने हमेशा इसकी आत्मा का उल्लंघन किया। अतः उसका इसे रद्द करना प्रतीकात्मक मात्र है - परंतु इससे भारत को अपनी विदेश नीति, रक्षा नीति और आंतरिक स्थिरता को सुदृढ़ करने का एक अवसर मिल गया है। अब भारत द्विपक्षीय समझौतों की मयार्दा से बंधा नहीं है और अपनी सामरिक शक्ति और कूटनीतिक कौशल का प्रयोग स्वतंत्र रूप से कर सकता है। पाकिस्तान की यह हरकत, दूरगामी दृष्टि से भारत के हित में सिद्ध होती है - न केवल वर्तमान सामरिक सन्दर्भ में बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण से भी।

**(लेखक, अंतरराष्ट्रीय विधि, स्टेट लॉ कॉलेज भोपाल में प्राध्यापक हैं।)**

# 26 अप्रैल 1858 : क्रांतिकारी बाबू कुंअर सिंह 80 वर्ष की आयु में संभाली थी क्रांति की कमान

**रमेश शर्मा**



भारतीय स्वाधीनता संग्राम में ऐसे असंख्य बलिदानी हुये जिन्होंने न अपने परिवार की चिंता की न आयु बाधा बनी। वे भारत की स्वाधीनता के लिये न्यौछावर हो गये। ऐसे ही बलिदानी थे बाबू कुँअर सिंह, जिन्होंने हाथ में बंदूक लेकर 80 वर्ष की आयु में क्राँति का मोर्चा संभाला। उनका जन्म 1777 को बिहार के शाहाबाद जिला अंतर्गत जगदीशपुर गांव में हुआ था। शाहाबाद का पुराना नाम भोजपुर था। बाबू कुँअर सिंह भोजपुर बसाने वाले इतिहास प्रसिद्ध राजा भोज के वंशज माने जाते थे लेकिन समय के साथ यह वंश परंपरा जगदीशपुर के जागीरदार तक पहुंची। अंग्रेजी राज में इस परिवार ने समन्वय का मार्ग निकाला। अंग्रेजों से संबंध तो ठीक रखे लेकिन अपनी जागीर के अंतर्गत सामान्य जनों पर कोई अतिरिक्त कर न थोपे। कृषि एवं खनिज उत्पाद का एक निश्चित लाभांश संबंधित प्रजा जनों को मिले इसका सिद्धांत बनाकर ही वे अपनी जागीर का संचालन करते थे इसलिए वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय और सम्मानित भी थे।

समय के साथ 1857 की क्रान्ति आरंभ हुई। इस क्रांति का उद्घोष बंगाल की बैरकपुर छावनी से क्राँतिकारी सिपाही मंगल पाडेय ने कर दी थी। अंग्रेजों ने कुछ सैनिकों का कोर्ट मार्शल किया और कुछ को अपमानित करके बर्खास्त कर दिया। छावनी में बर्खास्त किये गये सैनिकों में एक बड़ी संख्या भोजपुरी सैनिकों की थी। वे बर्खास्त और अपमानित होकर भोजपुर लौटे। इसकी प्रतिक्रिया स्थानीय नागरिकों में हुई। जगदीशपुर में सभा हुई और अंग्रेजों से भारत को मुक्त कराने का संकल्प लिया गया। सभी सैनिक और नागरिक एकत्र होकर बाबू कुँअर सिंह के पास आये और उनसे नेतृत्व संभालने का अनुरोध किया। तब बाबू कुँअर सिंह की आयु 80 वर्ष थी फिर भी उन्होंने मातृभूमि की मुक्ति के संघर्ष का मार्ग चुना। पूरे भारत में यह क्राँति मई माह में आरंभ हुई लेकिन जगदीशपुर में इसका उद्घोष अप्रैल 1857 में ही हो गया था। बाबू कुंवर सिंह के नेतृत्व में इन सैनिकों ने पहले कारागार से सभी बंदियों को मुक्त किया और अंग्रेजों के खजाने को अपने अधिकार में ले लिया। यह तिथि 27 अप्रैल 1857 थी। इसके बाद क्राँतिकारी सैनिक दानापुर सैन्य छावनी पहुंचे और दानापुर छावनी के भारतीय सैनिकों को अपने साथ लिया और भोजपुर, शाहाबाद, आरा आदि आसपास के सभी नगरों को अपने अधिकार में ले लिया।

इस विजित क्षेत्र पर प्रशासन संचालन की व्यवस्था करके बाबू कुँअर सिंह के नेतृत्व में सैनिकों ने बीबीगंज पर धावा बोला और उसपर अधिकार कर लिया। अंग्रेज समर्थक टुकड़ी ने या तो घुटने टेक दिये अथवा भाग गई। यह 2 अगस्त 1857 की तिथि थी। पर क्राँतिकारियों की यह स्वतंत्र सत्ता अधिक न चल सकी। सितम्बर माह में अंग्रेजी फौज ने पहले आरा पर हमला बोला फिर बीबीगंज पर। अंग्रेजों के पास आधुनिक हथियारों से युक्त सैन्य टुकड़ी और तोखाना था। आरा और बीबीगंज में अंग्रेजों के भारी पड़ते ही क्राँतिकारी जगदीशपुर आ गये। अंग्रेजी फौज ने जगदीशपुर घेरा और गोलाबारी से किले की दीवारें ध्वस्त कर दीं। एक भी व्यक्ति को जीवित न छोड़ा। महल और किला दोनों खंडहर हो गये। वीर कुंवर सिंह किसी प्रकार सुरक्षित निकल गये। वे पहले मध्य प्रदेश के रीवा आये। रीवा राज परिवार में उनकी रिश्तेदारी थी। रीवा में कुछ दिन रुककर बांदा गये फिर कालपी। यहाँ उनकी भेंट तात्या टोपे और नाना साहब पेशवा से हुई।

बाबू कुँअर सिंह आगे चल रहे थे और अंग्रेज अधिकारी कॉलिन के नेतृत्व में एक सैन्य टुकड़ी निरंतर उनका पीछा कर रही थी। नाना साहब पेशवा ने बाबू कुंवर सिंह की सुरक्षा में रामगढ़ के सैनिकों की एक टुकड़ी तैनात कर दी थी। इस टुकड़ी की सतर्कता से पीछा कर रहे अंग्रेज सैनिकों का दांव न लग रहा था। कुँअर सिंह बांदा, आजमगढ़, बनारस, बलिया, गाजीपुर एवं गोरखपुर होकर बिहार लौटना चाहते थे। जब यह समूह गंगा पार करने के लिये नाव में बैठा तब पीछा कर रहे अंग्रेज सैनिकों ने मौका देखकर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा टुकड़ी ने जवाबी गोलीबारी तो की पर वे नाव में थे। बचाव असफल हो गया। अनेक क्राँतिकारी घायल हो गये। एक गोली वीर कुँअर सिंह को भी लगी। यह गोली उनकी बांह में लगी थी। किसी तरह बचकर जंगल की ओर गये। बहुत रक्त बह गया था। बचने की संभावना बहुत कम रह गई थी। वे अपने जन्मस्थान पर ही शरीर छोड़ना चाहते थे इसलिये जगदीशपुर की ओर चल दिये। वे 23 अप्रैल 1858 को जगदीशपुर पहुंचे। अधिक रक्त बहने और घाव बढ़ने से जीवन नाम मात्र का रह गया था। जगदीशपुर में उपचार हुआ किन्तु व्यर्थ गया और 26 अप्रैल 1858 को क्रान्ति के इस महान नायक ने शरीर त्याग दिया। इतिहास की पुस्तकों में इस 80 वर्षीय वीर महानायक का विवरण बहुत कम है पर भोजपुर के लोक जीवन में इनके संघर्ष की चर्चा कहानियों के रूप में आज भी जीवन्त है ।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# मध्य प्रदेश में मोहन सरकार की कृषि क्षेत्र में दंड नीति

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

संत तुलसीदास ने 'रामचरित मानस' के जरिए सामाजिक जीवन के आदर्श को स्थापित किया है, प्रत्येक स्थिति में सीख देने के लिए प्रभु श्रीराम और उनके इर्द-गिर्द अनेकों लोगों के कई उदाहरण इस ग्रंथ में मौजूद हैं। एक प्रसंग लंका चढ़ाई के समय श्रीराम ने विनयपूर्वक समुद्र से मार्ग देने की गुहार लगाने के संबंध में भी है। लेकिन जब देखा कि समुद्र से आग्रह करते हुए तीन दिन बीत गए, किंतु समुद्र पर कोई प्रभाव नहीं हुआ है, तब भगवान राम ने अपने सामर्थ्य की शक्ति का उपयोग कर दंड के रास्ते की अनिवार्यता को व्यवहार में लाने की ठानी। इस संपूर्ण घटना के बारे में संत तुलसी लिखते हैं-

**विनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति।।**

'रामचरित मानस' की इस पंक्ति की जो सबसे बड़ी सीख है, वह यही है कि जब अनेक बार आग्रह से काम न बने, तब दंड ही अंतिम विधान है क्योंकि 'भय बिनु होइ न प्रीति।' वस्तुतः मध्य प्रदेश में भी यही स्थिति बनी है और इस बार राज्य के सामने हैं उसके अपने किसान भाई। जिनमें अनेकों किसानों को कई बार समझाने के बाद वे अपनी सुविधा के लिए खेतों में नरवाई जलाने के कृत्य में लगे हुए हैं, जबकि वह भी जानते हैं कि यह कृत्य 'पर्यावरण' की दृष्टि से बेहद नुकसान दायक है।

वस्तुतः इस संबंध में एक नया निर्णय राज्य की डॉ. मोहन यादव सरकार ने लिया है। मुख्यमंत्री ने साफ कह दिया है, फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने के मामलों में वृद्धि होने से वायु प्रदूषण सहित कई प्रकार से पर्यावरण को बेहद नुकसान हो रहा है। खेत में आग लगाने से जमीन में उपलब्ध पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरक क्षमता में भी गिरावट आती है। इसके निदान के लिये राज्य सरकार पहले ही नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर चुकी है। इसके बाद भी यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है तो उसे 'मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना' का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा नरवाई जलाने पर संबंधित किसान से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल उपार्जन भी नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण, मृदा संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय 01 मई से लागू होगा।

एक तरह से देखा जाए तो इस तरह का सख्त निर्णय लेने की आज बेहद आवश्यकता थी, ताकि जो कृषक पर्यावरणीय नुकसान में जाने-अनजाने भागीदार हो रहे हैं, उसे रोका जा सके। हालांकि यह अच्छी बात है कि राज्य का कृषि क्षेत्र पिछले कई वर्षों से श्रेष्ठ कार्य कर रहा है। पिछले 20 सालों में मध्य प्रदेश के किसानों को जो सुविधाएं राज्य शासन की ओर से मिलीं और दूसरी तरफ कृषकों ने भी राज्य से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाकर कृषि को सामान्य से उन्नत बनाने का जो प्रयास अपने स्तर पर किया है, वह देशभर में आज मिसाल है। यही कारण है कि अब तक 'कृषि कर्मण्ड अवार्ड' जैसे अनेकों कृषि नवाचार एवं अन्य सफलताओं के लिए पुरस्कार मध्य प्रदेश को मिले हैं।


एक संक्षिप्त नजर इस क्षेत्र पर डालें तो मध्य प्रदेश में 45 लाख हेक्टेयर में कृषि सिंचाई की सुविधा है। उद्यानिकी उत्पादों के समग्र रूप से उत्पादन में राज्य देश में प्रथम स्थान पर है। देश में आज टमाटर, सोयाबीन, गेहूँ, मक्का, प्याज, लहसुन और हरी मिर्च के उत्पादन में राज्य का दूसरा स्थान है। इसी तरह से प्रदेश फूल-फल तथा एरोमेटिक फसलों के उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है। राज्य दुग्ध उत्पादन में तीसरा स्थान रखता है। प्रतिदिन साढ़े पांच लाख किलोग्राम दुग्ध उत्पादन होता है, जो सरप्लस है। देश की 27 प्रतिशत जैविक खेती आज मध्य प्रदेश में हो रही है। प्रदेश में बेहतर वेयरहाउसिंग कैपेसिटी है, 13 लाख मीट्रिक टन से अधिक क्षमता के कोल्ड स्टोरेज हैं।

इसके साथ ही प्रदेश में 25 लाख हेक्टेयर भूमि में उद्यानिकी उत्पाद लिए जा रहे हैं। खाद्य डेरी प्रोसेसिंग यूनिट्स के लिए सकारात्मक उद्योग नीति बनाई गई है। प्रदेश में प्लांट तथा मशीनरी पर 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। कृषि खाद्य एवं डेयरी की सूक्ष्म इकाइयों की स्थापना के संबंध में अतिरिक्त रूप से शासन द्वारा इंसेंटिव प्रदान किया जाता है। अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए अतिरिक्त तथा निर्यात करने वाली इकाइयों को एडिशनल 12 प्रतिशत इंसेंटिव दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में 15 फूड क्लस्टर बनाए गए हैं। यहां कृषि तथा खाद्य प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है। अनेक योजनाएं कृषकों से जुड़ीं और खेती को लाभ का धंधा बनाने के उद्देश्य से आज राज्य में चलायी जा रही हैं, जिसका कुल परिणाम यह है कि मध्य प्रदेश विविध कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों में देश में अग्रणी है।

कहना होगा कि देश के 10 प्रतिशत क्षेत्रफल वाले राज्य मध्य प्रदेश में देश की लगभग सात प्रतिशत आबादी निवास करती है। यहां 11 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों का उत्पादन किया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्तमान सरकार परिणाम देने वाली नीतियों के माध्यम से प्रगति के नए अध्याय लिख रही है। स्वभाविक है कि कुछ किसानों के द्वारा नरवाई जलाने का कृत्य प्रदेश को आलोचना का शिकार बनाता है और कहीं न कहीं किसानों की मंशा पर प्रश्न भी खड़े करता है कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए संवेनशील नहीं दिखते। स्वभाविक है कि इन परिस्थितियों में राज्य सरकार का यह निर्णय कहीं न कहीं उन किसानों को नरवाई जलाने से अवश्य रोकेगा, जो अब तक जन-जागृति की भाषा समझने को तैयार नहीं दिखे हैं। कम से कम नई व्यवस्था में लाभ से वंचित हो जाने का भय उन्हें अवश्य अपने नागरिक कर्तव्य के प्रति जिम्मदार बनाएगा।

### दैनिक पंचांग

26 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.37 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 08.35 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.48 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.04 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.16 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.27 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.42 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.58 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.03 बजे से |
| | | कुंभ | 01.49 बजे से |
| | | मीन | 03.22 बजे से |
| | | मेष | 04.53 बजे से |

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2025 वर्ष का 116 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 08.28 बजे तदनन्तर चतुर्दशी 04.50 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 06.27 बजे तदनन्तर रेवती 03.39 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वैधृति 08.41 बजे तदनन्तर विष्कुम्भ 04.35 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** वणिज 08.28 बजे, विष्टि 18.41 बजे तदनन्तर शकुनि 04.50 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 32' **सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872326
**जूलियन दिन** 2460791.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 27

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### ग्रिजली विद्यालय में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कोच बलवान सिंह

**कोडरमा** : ग्रिजली विद्यालय में कबड्डी के प्रसिद्ध कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित बलवान सिंह तथा भारतीय राष्ट्रीय कबड्डी टीम के खिलाड़ी मोहित छिल्लर का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर कोडरमा कबड्डी लीग सीजन-1 की आयोजन समिति के सदस्य विशाल सिंह और कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी द्वारा अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन फारिया सबा ने किया, जिन्होंने सर्वप्रथम अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी विंग के कैडेट्स — अनुराग कुमार, असद सैफ, हिमांशु उमर, श्रेयान्श राज, आयुष पांडेय, उत्कर्ष राज और खेल कप्तान अनुराग कुमार, बॉयज कैप्टन सार्थक सिन्हा तथा गर्ल्स कैप्टन शीतल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिथियों को विद्यालय परिसर का भ्रमण एकता कुमारी ने कराया। बलवान सिंह को 2005 में कबड्डी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे भारतीय राष्ट्रीय कबड्डी टीम के कोच रह चुके हैं, और उनकी कोचिंग में भारत ने 1990 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

### पहलगाम में हुई हिंसा नरसंहार के समान : विनोद कुशवाहा

**हजारीबाग** : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुई हिंसक घटना को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव विनोद कुशवाहा ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को नरसंहार करार देते हुए केंद्र सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विनोद कुशवाहा ने अपने बयान में कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुआ यह हमला सिर्फ एक आतंकी वारदात नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ किया गया एक जघन्य अपराध है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए आंतवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि वहां पर खुफिया तंत्र और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। विनोद कुशवाहा ने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। ऐसे समय में राजनीति से ऊपर उठकर सभी दलों और नागरिकों को एक स्वर में आतंकवाद की निंदा करनी चाहिए और शांति व एकता का संदेश देना चाहिए।

### डेंटल कॉलेज ने पहलगाम में हुये आतंकी हमले पर किया विरोध प्रदर्शन

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में शुक्रवार को जम्मू कश्मीर पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकी हमले पर जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ। आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। निर्दोष भारतीय की हत्या पर कड़ी निंदा की गई। जिसमें मुख्य रूप से हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्णा एवं उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव उपस्थित रहे। इस दौरान मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया। आतंकवादियों को कठोर से कठोर सजा देने, न्याय एवं शांति का मांग किया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवारों के असहनीय दुख प्रति सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की। दो मिनट का सामुहिक मौन धारण कर ईश्वर से मृतकों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त किया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में बैक टू स्कूल कैंपेन अंतर्गत स्कूल रुआर को लेकर हुई बैठक

# बच्चों के समग्र विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें शिक्षक : बीडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए प्रखंड स्तरीय बैक टू स्कूल कैंपेन अंतर्गत स्कूल रुआर 2025 को लेकर बैठक का आयोजन प्रखण्ड सभागार कोडरमा एवं जयनगर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। उक्त बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय के सभागार में प्रखण्ड के प्रखंड प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के भविष्य संवारने पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि गांव मुहल्ले के बच्चे बच्चियां किसी कारण से विद्यालय में नामांकित नहीं है। वैसे छीजित बच्चों को विद्यालय वापस लाने तथा विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर बैठक किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल रुआर 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करनी है। शिक्षकों की शत प्रतिशत जिम्मेवारी है कि अपने पोषक क्षेत्र के बच्चों के समग्र विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने बताया कि रुआर कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन विद्यालय स्तर पर निर्धारित तिथि को नियमित रूप से किया जाए ताकि इस महवपूर्ण अभियान को सफल बनाया जा सके। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि 5 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का नजदीकी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराया जाना है। साथ ही पार गमन ट्रांजीशन वर्ग प्रोन्नति भी शत प्रतिशत हो यह सुनिश्चित किया जाय। कार्यशाला में अंचल अधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावे प्रखण्ड क्षेत्र के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित हुए।

# योग्य लाभुकों का आवास योजना स्वीकृत करें : डीडीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : उप विकास आयुक्त, कोडरमा ऋतुराज की अध्यक्षता में प्रखण्ड सभागार मरकच्चो में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस (2.0) सर्वे कार्य, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना एवं मनरेगा योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवास स्वीकृति हेतु विभाग से प्राप्त लक्ष्य 292 के विरुद्ध मात्र 236 योग्य लाभुकों का आवास स्वीकृति किया गया हैं। समीक्षा बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव को निदेशित किया गया हैं कि योग्य लाभुकों का तीन दिनों के अन्दर शत प्रतिशत स्वीकृति कराये। आवास प्लस (2.0) अंतर्गत नए योग्य लाभूकों का सर्वे हेतु अंतिम तिथि 30.04.2025 तक तिथि बढ़ाई गई हैं । सभी पंचायत सचिव को निदेशित किया गया कि योग्य परिवार का सर्वे कार्य पुर्ण कर लेंगे।। साथ जेएसएलपीएस टीम को निदेशित किया गया कि पंचायत स्तर पर सर्वेक्षित सूची में सत्यापन कर लेंगे की कोई योग्य लाभुक सर्वे हेतु नही छुटा हैं। अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास को पूर्ण किया गया हैं, अंतिम किश्त की राशि का भुगतान बहुत कम हुआ हैं। सभी पंचायत सचिव को निदेशित किया गया कि अबुआ आवास पूर्णता प्रमाण पत्र निर्गत करते हुए एक सप्ताह के अन्दर सभी लंबित भुगतान के लिये प्रस्ताव भेजे। प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना एवं अम्बेडकर आवास योजना में लंबित आवास को भी निरिक्षण करते हुए पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना में 02 लाभूकों का आवास स्वीकृति किया गया हैं इसे निरक्षण करते हुए किश्त का भुगतान करें। अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना तथा प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतगर्त लाभुकों को मनरेगा से मजदूरी के लिये सभी ग्राम रोजगार सेवक को एक सप्ताह के अंदर मास्टर रॉल निर्गत करने हेतु निदेशित किया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत कूप योजनाओं को शुरू करने हेतु ग्राम रोजगार सेवक को निदेशित किया गया। पुराने योजनाओं को पूर्ण करने हेतु एक सप्ताह के अंदर सभी ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को निदेशित किया गया। जिन पंचायत में कूप निर्माण भौतिक रूप से पूर्ण कर लिया गया हैं उन्हें नरेगा सॉफ्ट पर पूर्ण कराये। बागवानी का निरिक्षण करते हुए कार्य कराये। बैठक के उपरांत उप विकास आयुक्त कोडरमा एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा कई पंचायतों में आवास योजना एवं मनरेगा योजनाओं का भौतिक निरिक्षण किया गया एवं कार्य को तेजी से कराने हेतु उपस्थित लाभुक एवं पंचायत कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया । उपस्थितिः बैठक में सभी पंचायतों के पंचायत सचिव / ग्राम रोजगार सेवक / कनीय अभियंता / प्रखंड समन्वयक/ प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला स्तर से लोकपाल, परियोजना पदाधिकारी, परियोजना अर्थशास्त्री, जिला समन्वयक, प्रशिक्षण समन्वयक उपस्थित थे ।

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया पठन कार्य

**हजारीबाग** : पहलगाम आतंकी हमले से शिक्षक समुदाय में भी रोष देखी जा रही है। शिक्षक संघ ने राज्य कार्यकारणी के आह्वान पर पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ कटकमदाग इकाई के द्वारा भी पहलगाम आतंकी हमले का घोर निंदा की गई। विरोध स्वरूप काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह झारोटेफ के जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 22/4/25 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे 28 बेगुनाह देशवासियों की नृशंस हत्या कर मानवता को कलंकित करने वाली एक कायरतापूर्ण कार्य किया है इस आतंकी हमले से पूरा देश मर्माहत है, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ इस जघन्य एवं घिनौने कांड की भर्त्सना करती है ।

# सिविल सर्जन की अध्यक्षता में जिला स्तर पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन, डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ । साथ ही जागरूकता हेतु प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से आए बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एमपीडब्ल्यू) एवं सहिया तथा जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए। जिला अंतर्गत वर्ष 2024 में वेक्टर जनित रोग के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक प्रखंड से दो सहिया एवं दो एमपीडब्ल्यू को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला भीबीडी पदाधिकारी, डॉ मनोज कुमार द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को मलेरिया से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु विस्तृत जानकारी दी गई । उन्होंने बताया कि मलेरिया एक घातक बीमारी है इसे हल्के में ना ले। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है तथा समय पर जांच एवं उपचार नहीं कराने पर मरीज की मौत भी हो सकती है इसलिए समय पर लोगों को जांच करानी चाहिए तथा मलेरिया से अपने आप को सुरक्षित रखना चाहिए। वहीं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री महेश कुमार ने बताया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों अंतर्गत इसकी जांच सुनिश्चित की जाए आम जनों को मलेरिया की जांच एवं उपचार से वंचित ना रहना पड़े इसकी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जन जागरूकता हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम सभा का आयोजन, विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम, रैली/प्रभात फेरी इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन भी करेंगे।

# बाल विकास परियोजनाः ग्रीष्मकालीन तैयारियों को लेकर हुई विशेष बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर** : बाल विकास परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बी.डी.ओ गौतम कुमार ने की। बैठक में सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं और आंगनवाड़ी सेविकाओं को ग्रीष्मकालीन तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। भयंकर गर्मी को देखते हुए, आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव किया गया है। अब सभी केंद्र 7:00 बजे सुबह से 11:00 बजे तक खुले रहेंगे, ताकि बच्चे और माताएं गर्मी से सुरक्षित रह सकें। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर पानी की व्यवस्था, ओआरएस घोल, मेडिकल किट, कपड़े का तौलिया, गृह भ्रमण (घर-घर जाकर आंगनवाड़ी सेविका द्वारा परिवारों से संपर्क) और पोषण ट्रैकर को अपडेट करने के उपायों को पूरा किया जाए। साथ ही, टीएचआर वितरण की स्थिति और गिरह भ्रमण की भी समीक्षा की गई, ताकि सभी लाभार्थियों को पोषण सामग्री समय पर प्राप्त हो सके और उनका स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके।

# भारत विकास परिषद ने सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र के उत्थान का लिया संकल्प : अरुण ओझा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया** : भारत विकास परिषद झुमरी तिलैया (कोडरमा) का दायित्व ग्रहण सह अभिनंदन समारोह का आयोजन शिव वाटिका में आयोजित की गई। अध्यक्षता अरुण कुमार ओझा संचालन अजय अग्रवाल ने किया। सर्वप्रथम भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित किया गया। उसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत रिंकी ओझा एवं अन्य द्वारा वंदे मातरम गान से की गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथिरामप्रवेश पांडे, विशिष्ट अतिथि के रूप में केटीपीएस पावर प्लांट के एचओपी मनोज कुमार ठाकुर, भव्या ठाकुर एवं प्रांतीय वित सचिव अश्वनी तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर राम प्रवेश पांडे ने नवनिर्वाचित प्राधिकारियों को शुभकामनाएं दी एवं भारत विकास परिषद के कार्यों एवं उद्देश्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। वहीं मनोज ठाकुर ने भी भारत विकास परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद समाज सेवा एवं देश सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद कई संगठनों का निर्माण व स्थापना हुई इन संगठनों में से जिस संगठन ने सेवा- संस्कार के माध्यम से राष्ट्र के उत्थान का संकल्प लिया और उस दिशा में उड़ान भरा, उसका नाम भारत विकास परिषद है। उन्होंने कहा कि भारत का अर्थ भारत की सीमाओं से नहीं, अपितु भारतीय जनमानस के साथ-साथ भारतीय दर्शन, भारतीय संस्कृति, भारतीय मूल्यो एवं संस्कार जैसे आयामों के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़ा है। वही ओझा ने सभी दायित्व धारीयो एवं नए सदस्यों का परिचय कराया। मौके पर ही सभी 15 नए सदस्यों को कार्यक्रम के परियोजना निदेशक सेवानिवृत्त डीएसपी एम आर भार्गव ने परिषद का अंग वस्त्र एवं पीन पहनाकर स्वागत किया। भारत विकास परिषद के संस्थापक सदस्य सुरेश जैन, नारायण सिंह, महेश दारू का, प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह ने सभी नए प्राधिकारियों को शुभकामनाएं दी। यह सब अवसर पर प्रसिद्ध गायक राकेश राजपूत ने देशभक्ति से जुड़े गीत गाकर लोगों को आनंदित कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव विमल कुमार पच्चीसिया ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुमार झुन्नू, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, गोपाल कुमार गोतुल, डॉ नरेश पंडित, डॉ सुजीत कुमार राज, डॉ आर दीपक, डॉक्टर प्रियरंजन, डॉ आशीष कुमार, डॉ अभिषेक कुमार, रितु सेठ, प्रोफेसर कैलाश राणा, सिटी मैनेजर लीमांशु कुमार, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, सुमन पांडे, नीतू सिंहा व अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी पंचायत सचिवों के साथ हुई समीक्षा बैठक



**जयनगर** : शुक्रवार को जयनगर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री गौतम कुमार की अध्यक्षता में सभी पंचायत सचिवों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी विभागों के समन्वयक भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड की प्रमुख योजनाओं जैसे मनरेगा, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वां वित्त आयोग, जन्म-मृत्यु एवं विवाह निबंधन, पंचायत ज्ञान केंद्र, पंचायत सुदृढ़ीकरण, पंचायत सहायकों का रोस्टर तथा पंचायत भवनों से संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि वे अपने पंचायत क्षेत्र में संचालित योजनाओं की नियमित निगरानी करें और लाभुकों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, पंचायत भवनों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने, पंचायत ज्ञान केंद्रों को सक्रिय बनाए रखने, और पंचायत सहायकों की कार्य में सहायता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जन्म-मृत्यु एवं विवाह निबंधन कार्य को समय से पूर्ण किया जाए। मनरेगा और आवास योजनाओं के तहत लंबित कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के लिए पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए।

### कोडरमा पुलिस ने पशु तस्कर को किया गिरफ्तार



**कोडरमा** : कोडरमा पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा थाना के रास्ते अवैध पशु तस्करों द्वारा वाहन में भारी संख्या पशु लादकर तस्करी किया जा रहा है। मामले की सत्यापन कर कार्रवाई किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी ,कोडरमा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक-24/25.04.2025 के मध्य रात्री में वाहन संख्या-बीआर 01 जीपी 5220 एवं वाहन संख्या-बीआर 01 जीएन 618 में लदे पशुओं को जप्त करते हुए 05 (पांच) अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना काण्ड संख्या-71/25, दिनाक-25.04.2025 दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तविष्णुपद राय, उम्र 23 वर्ष, पिता स्व० मन्दु प्रसाद,साकिन-सुरत गिहरा, थाना-हिलसा, राजेश कुमार, उम्र लगभग 22 वर्ष, पिता-शोभी मेहता, थाना-लालजी बिगहा, इस्लामपुर, जिला-नालंदा, जिला-बिहार, जानवर मालिक उप लल्लु प्रसाद, उम्र 35 वर्ष, पिता-बिन्दुश्वर प्रसाद, सा०-भातु बिगहा, थाना-इस्लामपुर, जिला-नालंदा, बिहार, रौशन कुमार, उम्र-19 वर्ष, पिता महेश प्रसाद, सा०-मुगीर्याचक, थाना-हिलसा, जिला-नालंदा, बिहार।,शशि कुमार उम्र-20 वर्ष, पिता-योगेन्द्र प्रसाद, साकिन-परवलपुर,थाना-हिलसा, जिला-नालंदा, बिहार, बरामद/जप्त बोलेरो पिकअॉप वाहन संख्या-बीआर 01 जीपी 5220 बोलेरो पिकअॉप वाहन संख्या बीआर 01 जीएन 618, बोलेरो पिकअॉप वाहन संख्या-बीआर 01 जीपी 5220 में लदे 14 भैंस(पाड़ा) का बच्चा,बोलेरो पिकअॉप वाहन संख्या बीआर 01 जीएन 618 में लदे 16 भैंस (पाड़ा) का बच्चा।छापामारी दल मे पु०नि०अरविन्द कुमार, थाना प्रभारी, पु०अ०नि० अभिमन्यु कुमार, एस०ओ०जी० प्रभारी, स०अ०नि० अनुरंजन कुमार, कोडरमा थाना, सशस्त्र बल, कोडरमा थाना मौजूद रहे।

### कोडरमा कबड्डी लीग में कौणिडनिया सुपर किंग बना उपविजेता



**कोडरमा** : जिला कबड्डी एसोसिएशन के द्वारा सी.एच. इंटर कॉलेज झुमरी तिलैया के ग्राउंड में संपन्न कोडरमा कबड्डी लीग सीजन 1 के फाइनल मुकाबले उम्दा प्रदर्शन करते हुए कौंडिण्निया सुपर किंग ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबला मॉडर्न मिरेकल्स तथा कौंडिण्निया सुपर किंग के बीच जबरदस्त कांटे की टक्कर में कौंडिण्निया सुपर किंग महज कुछ पॉइंट से उप विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर कोडरमा जिला कबड्डी एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारी गण मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी कोच तथा द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित बलवंत सिंह अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी मोहित चिल्लर भाजपा विधायक मनोज यादव झारखंड कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह तथा कौंडिण्निया सुपर किंग के ओनर सह कौणिडनिया पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर राजीव रंजन सिंह तथा शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कंटीन्यूअस सुपर किंग कोच विद्या भारती के दिशा निर्देश में कैप्टन मनीषा कुमारी के नेतृत्व में अपने दमखम तथा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता बना। स्पाइनल मुकाबले में पूजा कुमारी ऑल राउंडर बेस्ट रेडर ज्योति वैश्य तथा लक्ष्मी मारडी एवं रिमझिम सिंह को बेस्ट डिफेंडर के पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा मुस्कान कुमारी तथा रजनी गुप्ता ने मैं भी अपना उल्लेखनीय योगदान देकर कौंडिण्निया सुपर किंग को उपविजेता बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर कौणिडनिया सुपर किंग के ओनर राजीव रंजन सिंह अपार हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य संजय सिंहा तथा सीईओ विक्रांत सिंह कौंडिण्निया सुपर किंग के सभी खिलाड़ियों को कौणिडनिया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सम्मानित करते हुए बधाई दी।

### डीएवी कोडरमा में नन्हे -मुन्ने बच्चों ने बनाया वेलकम क्राफ्ट

**कोडरमा** : डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में सतत विकास प्रक्रिया के अंतर्गत नए सत्र में नन्हे -मुन्ने बच्चों के बीच वेलकम क्राफ्ट मेकिंग कंपटीशन का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने भाग लिया। कक्षा एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के बीच हुई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एलकेजी के संपूर्ण राजपूत रहे। द्वितीय स्थान पर यूकेजी के अर्श अर्णव रहे। तृतीय स्थान यूकेजी की तान्या रंजन ने प्राप्त किया। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों के बीच हुई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा प्रथम की सानिया सोनी,आन्या माही और कक्षा दूसरी के पुनीत कुमार महतो रहे। द्वितीय स्थान कक्षा दूसरी की राहिनी प्रिया ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कक्षा दूसरी की शान्वी गुप्ता और सर्वोत्तम असीम मिंज रहे।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा इन बच्चों में अद्भुत प्रतिभा छिपी हुई है। समय-समय पर अवसर पाकर यह बाहर आती है।

# आरपीएफ सर्च अभियान के दौरान, तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** गुरुवार को गुप्त सूचना पर, ए एसआई रविशंकर यादव, एचसी स्वपन कुमार घोष और एच सी नूपुर बरन मिद्या सभी सीआईबी/मालदा से जिसका नेतृत्व आरपीएफ/सीआईबी/मालदा के एसआई/पार्थ मिश्रा ने किया तथा आरपीएफ पोस्ट बरहरवा से इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक जलेश्वर कुमार दुबे के साथ न्यू फरक्का रेलवे स्टेशन से बरहरवा रेलवे स्टेशन तक ट्रेन नंबर 15733 अप में एक सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान जब उक्त ट्रेन बिंदुबासहनी रेलवे स्टेशन को पार कर रही थी, तो देखा कि उक्त ट्रेन के कोच नंबर एस -3 के शौचालय के पास दो (02) बैग संदिग्ध स्थिति में रखे हुए थे। पूछताछ करने पर, किसी ने भी उक्त डिब्बे में दोनों बैगों का होने का दावा नहीं किया। दोनों बैग की तलाशी लेने पर 66 हेवड्र्स 5000 स्ट्रोंग बीयर, प्रत्येक पैक में 500 मिली लीटर तथा प्रत्येक की कीमत 110/- रुपये (कुल मूल्य 7260, ऑफिसर चॉइस व्हिस्की टेट्रा पैक की 10 बोतलें, प्रत्येक पैक में 180 मिली लीटर, जिसका मूल्य 130 रुपए प्रत्येक बोतल, कुल मूल्य 1,300 रुपए है। जिसकी कुल राशिझ8,560 रुपये है। सभी को मौके पर ही अंक्लेम्ड जब्त किया गया। और जब पूरे एसझ3 कोच को चेक किया गया तो देखा कि तीन (03) व्यक्ति कुछ भारी बैक पैक और हैंड बैग के साथ संदिग्ध तरीके से घूम रहे थे। संदेह होने पर आरपीएफ ने उन्हे हिरासत में लिया और बैग की तलाशी लेने पर उसमें विदेशी शराब मिली। इस प्रकार बैग के साथ उपर्युक्त व्यक्तियों को बरहरवा रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। पूछे जाने पर उन्होंने अपना नाम अमरकांत 24 वर्ष, पिता लक्ष्मीकांत, ग्राम छोटी कबहिया, थाना- कबहिया, जिला- लखीसराय, बिहार, जिसके पास से हेवड्र्स 5000 स्ट्रांग बीयर की 60 बोतलें, प्रत्येक की कीमत 110 रुपये है, कुल मूल्य 6600 रुपए है। भोंदू कुमार 19 वर्ष, पिता लेफ्टिनेंट के रूप में बताई, नीरज राम, ग्राम-छोटी कबिया, थाना- कबिया,जिला-लखीसराय, बिहार, जिसके पास से हेवड्र्स 5000 स्ट्रोंग बीयर के 45 पैकेट, जिनमें प्रत्येक की कीमत 110 रुपये है, कुल मूल्य 4,950 रुपए है और मनीष कुमार 20 वर्ष, पिता बिंदेश्वरी शर्मा, बड़ी मस्जिद सुल्तानगंज, थाना- सुल्तानगंज, जिला-भागलपुर, बिहार के पास से हेवड्र्स 5000 स्ट्रोंग बीयर की 30 बोतलें, जिनमें प्रत्येक की कीमत 110 रुपये है, कुल मूल्य 3,300 रुपए है और 10 सिग्नेचर व्हिस्की, प्रत्येक की कीमत 1000 रुपये, कुल मूल्य 10,000 रुपए बरामद हुआ। कुल कीमत 24,850/- रुपये है। सभी को जब्त कर, आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया और इंस्पेक्टर एक्साइज डिपार्टमेंट साहेबगंज को अग्रिम कार्यवाही हेतु सौंपा गया। दोनों जब्त फॉरेन लीकर की कुल कीमत 33,410 रुपए है। गिरफ्तार अभियुक्त को आगे की कानूनी अनुसंधान करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## एक नजर

### बीटीएम एवं एटीएम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जारी

**साहिबगंज :** नवनियुक्त बीटीएम व एटीएम कर्मियों का तीन दिवसीय प्रेरणा प्रशिक्षण शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। संयुक्त कृषि भवन में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान बीटीएम व एटीएम को दूसरे दिन विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। बताया गया की योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले और किस कोटि के किसान इससे लाभान्वित होंगे उनकी भी जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण शनिवार तक चलेगा। जिले के कुल 15 नवनियुक्त बीटीएम व एटीएम भाग ले रहे हैं। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का व आत्मा के परियोजना निदेशक आदि उपस्थित थे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर का चापानल दो माह से खराब

**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत बालीडीह आयुष्मान आयोग मंदिर केंद्र का चापानल बीते दो माह से खराब पड़ा है। बालीडीह आरोग्य मंदिर में प्रसव केंद्र भी है। चापानल खराब रहने के कारण गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। केंद्र की एएनएम सरिता सिन्हा ने बताया की बालीडीह स्वास्थ्य उप केंद्र सह आयुष्मान आरोग्य केंद्र में चापानल खराब रहने से पेयजल का घोर संकट है। चापानल में मोटर भी लगा है, वह भी खराब है। कई बार सीएससी प्रभारी को सूचना दी गई है। इस संबंध में पेयजल व स्वच्छता विभाग के जेई दिलीप मंडल ने बताया की बालीडीह में चापानल खराब रहने की जानकारी उन्हें नहीं है।

### चेन स्नैचिंग की कोशिश नाकाम, एक आरोपी पकड़ा गया



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम के कदमा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दो युवकों ने एक महिला के गले से चेन छीनने की कोशिश की। हालांकि उनकी यह कोशिश नाकाम रही। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उनमें से एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी स्कूटी छोड़ कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पकड़े गए युवक की जमकर पिटाई की और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से स्कूटी को जब्त कर लिया है और फरार आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों आरोपित स्कूटी पर सवार होकर आए थे और ब्रह्मर्षि समाज आश्रम के पास एक महिला के गले की चेन छीनने का प्रयास किया। लेकिन महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग सक्रिय हो गए और दौड़ा कर एक युवक को पकड़ लिया।

### शिक्षकों को मिला टीएनए प्रशिक्षण

**साहिबगंज/मंडरो :** शिक्षा में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से बीपी हाई स्कूल भगैया में शुक्रवार को शिक्षकों को टीएनए का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर भानु प्रताप ने मोबाइल एवं टैब द्वारा टीएनए लिंक के माध्यम से शिक्षकों को ऑनलाइन लिंक संचालित कर बताया। इस दौरान शिक्षकों ने तीन घंटे की समय अवधि में 100 प्रश्न हल कर लिंग को समिट किया। मौके पर बीआरपी क्लेमेंट सोरेन, पंकज पोद्दार, अभिषेक कुमार सहित शिक्षक सुशांत मंडल, कुमारी संगीता अब्दुल अंसारी, सहित कई विद्यालय की शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## पुलिस ने आर्म्स एक्ट में तीन आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मिजाचौकी थाना कांड में तीन अभियुक्त को आर्म्स एक्ट में पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत। मिली जानकारी के अनुसार मिजाचौकी प्रासंगिक कांड के प्राथमिकी अभियुक्त विक्रम पासवान उम्र 20 वर्षीय, पिता विनोद पासवान, अवधेश कुमार मंडल उम्र 21 वर्षीय, पिता वकील मंडल एवं पवन कुमार वर्णमाला उम्र 20 वर्षीय, पिता संतोष प्रसाद वर्णमाला तीनों का साकिन बड़तल्ला, जिला साहिबगंज को मिजाचौकी कांड संख्या 25/25 दिनांक 25 अप्रैल 2025 धारा 25(1 बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट में पुलिस ने विधिवत गिरफ्तारी करने के बाद चिकित्सा जांच के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा चिकित्सा जांच करने के उपरांत पुलिस ने तीनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## मॉडल कॉलेज राजमहल में फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शुक्रवार को मॉडल कॉलेज राजमहल में झारखंड अग्निशमन सेवा के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में राजमहल अग्निशमन पदाधिकारी सुमंत कुमार सिंह चौहान ने छात्रों को आग लगने के संभावित कारणों तथा उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने घरेलू गैस सिलिंडरों की एक्सपायरी तिथि की पहचान के तरीके और सुरक्षा उपायों को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ह्रहर व्यक्ति को अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी होनी चाहिए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। कार्यक्रम का संचालन प्रबीर कुमार ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ रमजान अली द्वारा किया गया। अपने संबोधन में डॉ रणजीत कुमार सिंह ने छात्रों से आग्रह किया कि वे स्वयं तो जागरूक बनें ही, साथ ही अपने परिवार और समाज को भी अग्नि सुरक्षा के प्रति सजग बनाएं। खास कर अभी प्रचंड गर्मी के दौरान विशेष सावधानी बरते सतर्क रहें कोई ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग सावधानी से करें। सूती कपड़े से भी आग पर काबू पाई जा सकती है। घर, संस्थान या होटल प्रतिष्ठान आदि पर लगे आग उपकार का उपयोग उसकी जांच समय समय करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधान अग्नि चालक मोहम्मद सजलिम, कॉलेज के डॉ अमित कुमार, डॉ विवेक महतो, डॉ अरविंद पांडे अन्य प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पशुपालकों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यशाला में आधुनिक पशुपालन, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, जूनोटिक बीमारियों, पशु क्रूरता, संतुलित पशु आहार कृत्रिम गभार्धान, 1962 पशु चिकित्सा हेल्पलाइन सहित अन्य विषयों एवं सरकारी योजनाओं पर पशुपालकों को जानकारी दी गयी। पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए जिला पशुपालन विभाग द्वारा आज रविन्द्र भवन टाउन हॉल में पशुपालकों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत बकरा विकास योजना एवं सूकर विकास योजना के तहत बकरा एवं सुकर के लघु प्रजनन इकाई का उपायुक्त ने लाभुकों के बीच वितरण किया। कार्यशाला में उपायुक्त ने पशुपालकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी सफलता की कहानी जानी उनकी समस्याओं को सुना तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। उपायुक्त ने पशुपालन की महत्व के साथ-साथ ऑर्गेनिक खेती के महत्व को भी रेखांकित किया, उपायुक्त ने उपस्थित पशुपालकों को प्रोत्साहित कर कहा कि यदि पशुपालन वैज्ञानिक विधि से किया जाता है तो आशातीत लाभ अर्जित किए जा सकते हैं। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ० अनिल कुमार सिन्हा, जिला पशुपालन कार्यालय के कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड के किसान ने शुगर फ्री शकरकंद की खेती से रचा इतिहास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के पटमदा प्रखंड स्थित चिरूडीह गांव के किसान संजीव महतो ने एक बीघा खेत में शुगर फ्री शकरकंद की सफल खेती कर पूरे झारखंड में अलग पहचान बना ली है। खेती की इस नई पहल को उन्होंने आटी पुआल मशरूम प्राइवेट लिमिटेड के एमडी डॉ. अमरेश महतो के मार्गदर्शन में महज तीन महीने पहले शुरू किया था, जो अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन गया है। संजीव महतो ने जब खेत से एक शकरकंद का पौधा उखाड़ा, तो उसकी जड़ों में एक से दो किलो तक की उपज देख कर वे गदगद हो उठे। न केवल उपज शानदार रही बल्कि इसकी गुणवत्ता और स्वाद भी बेहतरीन है। इस मौके पर डॉ. अमरेश महतो, दीनबंधू ट्रस्ट के महासचिव नागेन्द्र कुमार, संजीव महतो के परिवार और आसपास के किसान मौजूद थे। स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है यह शकरकंद डॉ. अमरेश महतो ने जानकारी दी कि यह शुगर फ्री शकरकंद पारंपरिक शकरकंद की तुलना में कम चीनी और ग्लूकोज युक्त होता है, जो मधुमेह, कैंसर और गैस्ट्रिक जैसी बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए बेहद लाभकारी है। उन्होंने यह भी बताया कि इसी भूमि पर पेडीस्ट्रा मशरूम और कसावा की भी खेती की जा रही है, जो आने वाले समय में किसानों को आर्थिक रूप से और भी मजबूत बनाएगा। मिशन एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत देशभर में फैलाने की योजना डॉ. महतो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत मिशन का हवाला देते हुए कहा कि इस नई तकनीक और खेती के नवाचार को पूरे देशभर में फैलाना चाहिए।

## जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कैंडल मार्च निकाल कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज/बरहरवा :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई लोगों के शहीद होने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस दुखद घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कमिटी साहेबगंज द्वारा राजमहल रोड, स्थित बशीर गैरेज बरहरवा मे जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। उसके उपरांत बशीर गैरेज बरहरवा से बरहरवा स्टेशन चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने इस कायरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा, हम सरकार से मांग करते हैं कि पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आतंकवाद के प्रवेश पर जवाबदेही लेने और पुलवामा हमले की जांच में देरी पर सवाल उठाया। साथ ही मणिपुर जैसी घटनाओं पर सरकार से स्पष्ट जवाब की मांग की। बरकत खान ने कहा, आतंकवाद का कोई धर्म या जाति नहीं होती। मीडिया से अनुरोध है कि धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह न किया जाए। सरकार आतंकियों को ऐसी सजा दे जो भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने का सबक बने। उन्होंने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना व्यक्त की। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाम रब्बानी, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू , प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, परवेज आलम, अश्वनी आनन्द, मिथुन मंडल, निताई सरकार, नेहाल अख्तर, मोती, संतोष राम, अनीता साहा, आलमगीर मंसूरी, कालू, दिल अफरोज, मनोज घोष, सुभोजित मिश्रा, थॉमस रॉबट, जमीरुल, मेहबूब, अजमल, अनारूल खान, दाऊद शेख, आफताब आलम, भोलानाथ महतो, विक्की कर्मकार, राकेश शेख,जयंतो साहा विष्णु मॉल, रंजीत भंडारी, शरिक रब्बानी, अजीत कुमार रॉय, अमित भगत, राहुल, साहित सैकड़ों लोगों शामिल हुए।


## संक्षिप्त खबरें

### शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार



**सरायकेला :** जिले के चांडिल थाना के कपाली ओपी क्षेत्र में एक युवती को शादी का झांसा देकर वर्षों तक यौन शोषण करने वाले आरोपित को पुलिस ने शुकवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित की पहचान जमशेदपुर के मानगो चेपा पुल के पास रहने वाले 29 वर्षीय मोहम्मद जहांगीर उर्फ जुगनू के रूप में हुई है। युवती ने 23 अप्रैल को दर्ज कराई गई शिकायत में बताया गया कि मोहम्मद जहांगीर उर्फ जुगनू ने कई वर्षों तक उसे शादी का झांसा देकर संबंध बनाए। जब युवती ने उससे विवाह की बात की तो आरोपित ने साफ तौर पर इनकार कर दिया और अब वह किसी अन्य लड़की से शादी करने की योजना बना रहा है। कपाली ओपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित मोहम्मद जहांगीर उर्फ जुगनू को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### स्टोन क्रेशर में एक मजदूर का दर्दनाक मौत



**तीनपहाड़ :** शुक्रवार को तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बाकुडी में एक दिल दहला देने वाला घटना सामने आई है, जहां एक स्टोन क्रेशर में काम करने के दौरान स्टोन मशीन के फीता में फंस जाने के कारण एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं मिली जानकारी के अनुसार तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाना पाड़ा बाकुडी में संचालित राहुल मेटल्स क्रेशर प्लांट मे काम करने के दौरान जितन गुप्ता, पिता स्वर्गीय सिद्धु प्रसाद गुप्ता, झिकटिया, राजमहल रोड मजदूर का क्रेशर मशीन के फीता कि चपेट मे आ गया,जिसके कारण मजदूर जितन गुप्ता की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना प्रभारी गुलशन गौरव दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक मजदूर के शव को अपने कब्जे मे लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। संबंधित घटना के मामले को पुलिस छानबीन कर रही है।

### 207 वाहन ने मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी को मारा टक्कर, हायर सेंटर रेफर



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चौक के समीप मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी को 207 वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगने से पति-पत्नी घायल हो गए घायल आधे घंटे तक रोड पर तड़पता रहा और राहगीरों ने तमाशा देखता रहा। लेकिन मानवता दिखाते हुए दो युवक चंदन कुमार ठाकुर व चुनचुन कुमार यादव ने दोनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक मुकेश कुमार के द्वारा प्रारंभिक इलाज करते हुए दोनों घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मिजाचौकी निवासी गर्जन प्रसाद यादव 61 वर्षीय व पत्नी 42 वर्षीय राजकुमारी देवी के बेटे अमित कुमार के शादी था और बारात साहिबगंज धर्मशाला शुक्रवार को आना था। जिसको लेकर शॉपिंग के लिए मिजाचौकी से मोटरसाइकिल में सवार होकर आया था शॉपिंग करने के बाद, बैंक से पैसे निकालकर वापस मिजाचौकी घर जा रहा था। उसी दौरान 207 फोर व्हीलर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भयानक थी कि दंपति घटनास्थल पर ही खून से लहू लोहान होकर बेहोश हो गए आसपास के लोग मुख दर्शक बनकर देखते रहे, लेकिन अस्पताल ले जाने वाला कोई नहीं था। दो युवक के सहयोग से दंपति को सदर अस्पताल में भर्ती कराया दोनों युवक ने बताया कि हम लोग घर पर थे,अचानक पता चला कि चौक के समीप दुर्घटना घटी है और जाकर देखा तो दोनों दंपत्ति घायल थे। कुछ लोग गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तो कुछ लोग पुलिस के आने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन हम लोगों ने ई-रिक्शा पर दोनों घायल को लाकर साहिबगंज में इलाज कराया और डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

### डीपीआरओ ने बड़ाघघरी पंचायत भवन एवं प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण



**पाकुड़ :** ज़िले के पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत बड़ाघघरी पंचायत भवन का निरीक्षण किया।? निरीक्षण के दौरान भस्मक का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।? ज्ञान केन्द्र के सफल संचालन हेतु निर्देशित किया। प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के निरीक्षण के क्रम जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने निर्माणधीन हैंड वॉश यूनिट को यथाशीघ्र बनाने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया। मौके पर मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### शिक्षक संघ ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

**सरायकेला :** सरायकेला जिला झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की चांडिल प्रखंड ईकाई के बैनर तले शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुक्रवार को पहलगाम नरसंहार के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने केंद्र सरकार से घटना के दोषियों को सख्त सजा देने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। प्लस टू हाई स्कूल चौका के मैदान में विरोध प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी एकजुटता दिखाई। संघ ने शिक्षकों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों से इस तरह की हिंसक घटनाओं के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। संघ ने सरकार से शिक्षकों और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की। प्रदर्शन में संघ के जिला प्रधान सचिव अमित कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष धरम सिंह उरांव, प्रखंड सचिव जवाहरलाल महतो, परमेश्वर सिंह सरदार, कालीचरण सरदार, पंकज चौधरी, विकास चंद्र मंडल, दुर्गा प्रसाद, बाबूराम माहली, आनंद माझी, गुरुचरण हजाम, महेश्वर महतो, श्रवण कुमार सिंहा, सानू माझी, निर्मल चंद्र घोष, रंजीत प्रमाणिक, भीष्म देव सिंह सरदार, रीना देवी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च

## रांची में दी गई श्रद्धांजलि, आतंकियों ने पत्नी-बच्चों के सामने मारी थी गोली

सीवान। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में 26 लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश है। गुरुवार को सीवान वासियों ने शहर के शिव व्रत साह छठ घाट धर्मशाला से बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और सनातन संघर्ष समिति, सीवान के संयुक्त तत्वावधान में एक कैंडल मार्च निकाल कर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए जेपी चौक पर आकर पहलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए गए और केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए बजरंग दल के बिहार-झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक जन्मेजय कुमार ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हमला कर भारत की आत्मा पर हमले का दुस्साहस किया है।

ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि पहलगाम में हमला करने वाले और उसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाए। सरकार से आग्रह है कि अब आतंकियों की बची-कुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। सरकार आतंकियों की पहचान करे और उन्हें ढूंढकर मारे। इस मौके पर नगर परिषद सभापति सैम्पी गुप्ता, उपसभापति किरण गुप्ता, प्रभात रंजन, गिरीश कुमार सिंह, बबलू साह, रंजीत शाही, विनोद, भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र कुशवाहा, प्रदीप कुमार रोज, कुंदन सिंह, त्रिलोकी पटेल, हैप्पी यादव, जयप्रकाश गुप्ता, नीरज पटेल, अनमोल कुमार, बादल व्याहुत, सनी कुमार, अर्जुन कुमार गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, राजन कुमार, रोशन कुमार, मुकेश कुमार जायसवाल, मुकेश कसेरा, चंदन चौरसिया, गणेश कसेरा, मनोज गुप्ता और सौरभ श्रीवास्तव मौजूद रहे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता जताने के लिए सीवान में ₹सीवान के नागरिक₹ के बैनर तले एक कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च में डॉक्टर, वकील, शिक्षक, बुद्धिजीवी और संस्कृतिकर्मी शामिल हुए। हाथों में मोमबत्तियां और ₹पहलगाम के दोषियों को सजा दो₹, ₹साम्प्रदायिक एकता जिंदाबाद₹, ₹दहशतगर्दों को सजा देना होगा₹ जैसे नारों की तख्तियां लिए लोग शहीद सराय तक पहुंचे, जहां शहीद स्मारक पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया है। उन्होंने इस कायराना हमले की निंदा करते हुए पीड़ित परिवारों के साथ देश की एकजुटता जताई। सुशील कुमार ने अफसोस जताया कि कुछ लोग इस त्रासदी का फायदा उठाकर धर्म और पहचान के नाम पर नफरत, जातिवाद और भेदभाव की राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. के. एहतेशाम अहमद ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने सरकार से सवाल पूछने के बजाय विपक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पर नाराजगी जताई। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव अशोक कुमार प्रसाद ने कहा कि इस हमले ने मानवता, प्रेम, न्याय और शांति को गहरी चोट पहुंचाई है। उन्होंने आम लोगों के विश्वास को सबसे बड़ा नुकसान बताया। मार्च में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. विधु शेखर पाण्डेय, शिवधारी दुबे, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, गोरिया कोठी के पूर्व प्रमुख अशोक सिंह, डॉ. शाहनवाज आलम, मार्कण्डेय दीक्षित, प्रो. वीरेंद्र यादव, शशि भूषण कुमार, गणेश दत्त पाठक, सलमान सिद्दीकी, राम कृष्णा तरुण, जमशेद अहमद, रविंद्र कुमार सिंह, मो. हक, संस्कार यादव, संदीप शर्मा, गुफरान, नीरज यादव, अलाउद्दीन अहमद, अजय कुमार और आशुतोष यादव सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।







## रेलवे ट्रैक से पेंडुलम निकालते मदरसा के दो छात्र धराए





**मोतिहारी ।** कुण्डवा चैनपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे ट्रैक से पेंडुलम निकाल रहे दो मदरसा छात्रों को गिरफ्तार किया है। छात्रों के पास से लगभग 50 से अधिक पेंडुलम बरामद किए गए हैं। घटना के बाद आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि दोनों छात्रों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। छात्रों को कुण्डवा चैनपुर रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया गया। रेल पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या दोनों छात्रों को किसी ने भेजा था। भारत-नेपाल सीमा से सटे इस क्षेत्र में यह घटना रेलवे सुरक्षा की चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। पेंडुलम बरामद होने के बाद रेलवे और स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। यह भी जांच की जा रही है कि मदरसे के छात्रों को रेलवे ट्रैक की तकनीकी जानकारी कैसे मिली। बताया कि गिरफ्तार छात्रों से रेल पुलिस पूछताछ कर रही है।

## तम्बू में राज्यपाल पर उड़ाए पेपर कटिंग

**भागलपुर।** तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) का 48वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता बिहार के राज्यपाल और कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने की। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे से बीएन कॉलेज परिसर में पीएचडी उपाधियों के वितरण के साथ हुई, जहां अब तक 248 शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। दीक्षांत समारोह में कुल 5117 छात्र-छात्राओं को डिग्री और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसमें पीजी, स्नातक, वोकेशनल और प्रोफेशनल कोर्स के विद्यार्थी शामिल थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने बताया कि टीएमबीयू के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा दीक्षांत समारोह रहा। समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक देखने को मिली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान जैसे ही मंच पर पहुंचे, तभी एक छात्र आलोक ने अचानक विरोध स्वरूप नारेबाजी शुरू कर दी और मंच की ओर अखबार की कटिंग फेंकी। यह घटना मंच के पास घटी, जिससे समारोह में कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने मुस्तैदी दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और मंच से दूर किया। उसे हिरासत में लेकर थाने भेज दिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया। इस घटना ने विश्वविद्यालय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब समारोह में राज्यपाल समेत कई विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। समारोह में चार अलग-अलग शैक्षणिक सत्रों के 430 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, स्मृति पदक, बेस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी की उपाधि दी गई। इनमें पीजी सामान्य कोर्स के 116 विद्यार्थियों के अलावा एमबीए, एमसीए, बायोटेक और एमलिब जैसे प्रोफेशनल कोर्स के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। डिग्री वितरण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीन प्रमुख कॉलेजों को केंद्र बनाया। बीएन कॉलेज में पीजी डिग्री और सर्टिफिकेट का वितरण हुआ, जबकि टीएनबी कॉलेज और मारवाड़ी कॉलेज में स्नातक डिग्रियों का वितरण किया गया। इसके अलावा, टीएनबी कॉलेज में वोकेशनल और प्रोफेशनल कोर्स की डिग्रियां दी गईं। जहां एक ओर यह समारोह विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि रहा, वहीं सुरक्षा में हुई चूक ने आयोजन की भव्यता पर सवालिया निशान भी लगा दिया। हालांकि, कार्यक्रम को तय समय पर संपन्न कराया गया और सभी विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक उपाधियां प्रदान की गईं।



### संक्षिप्त डायरी

## पहलगाम हमले के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूटा, पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई की मांग की



**मुजफ्फरपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए हमले और निर्दोष हिंदुओं व पर्यटकों की हत्या के विरोध में बिहार के मुजफ्फरपुर में लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को मक्खन शाह चौक के समीप बड़ी संख्या में युवाओं ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान का झंडा जलाया और उसे जूते-चप्पलों से पीटकर अपना विरोध दर्ज कराया। युवाओं का कहना था कि अब भारत को निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। प्रदर्शन में शामिल विक्रम सर्राफ ने कहा कि जिस तरह पाकिस्तान के पोषित आतंकियों ने भारत में घुसकर 28 लोगों की हत्या की, अब हमें भी 28 के बदले 28 चाहिए। सरकार को चाहिए कि आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारे। प्रदर्शनकारी पंकज कुमार ने कहा कि पहले 1993, फिर 2000, मुंबई 2008 और अब 2025, क्या पाकिस्तान भूल गया है कि यह नया भारत है? अब हम सिर्फ शोक नहीं मनाएंगे, जवाब भी देंगे। पाकिस्तान के आतंकी कैंपों को तबाह करना जरूरी है, ताकि फिर कोई हमारे देश की तरफ आंख उठाकर न देख सके। लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि वे सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट जैसी निर्णायक कार्रवाई दोहराएं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पोषित आतंकियों को या तो वहीं मार गिराया जाए या फिर उन्हें भारत लाकर जनता के हवाले किया जाए। स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि अब भारत को कड़ा संदेश देना होगा कि मासूमों की हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी और देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के साथ मजबूती से खड़े रहने की बात दोहराई और कहा कि हम भारत के लोग अब सिर्फ सहेंगे नहीं, हिसाब भी लेंगे।

## बिहार में डाक विभाग की अनोखी पहल



**मुजफ्फरनगर।** डाक विभाग ने एक अनोखी पहल की है। एनिमल लवर के लिए प्रतियोगिता की शुरूआत किया है। इसको लेकर डाक विभाग के इस अनोखी पहल की खूब चर्चा हो रही है। दअरसल, डाक विभाग द्वारा एनिमल लवर को लेकर इस अभियान की शुरूआत की गई है और डाक विभाग के द्वारा अब इसमें हिस्सा लेने वाले लोगों को 1.40 लाख जीतने का मौका दे रहा है। दअरसल, नेशनल पेट डे के अवसर पर डाक विभाग ने पेंट्स ऑफ इंडिया प्रतियोगिता शुरू की है, जिसमें टॉप टेन विनर को 40 हजार से 1.40 लाख रुपये का पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। साथ ही उनके पालतू पशु की तस्वीर इंडिया पोस्ट के आधिकारिक पिक्चर पोस्टकार्ड पर छापी जाएगी। इसमें जीतने वाले को इनाम दी जाएगी।

## कैबिनेट बैठक: 34 एजेंडों पर लगी मुहर



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट की अहम बैठक बुलाई थी, जिसमें 34 एजेंडों पर मुहर लगी है। सीतामढ़ी जिले में स्थित मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या की तरह पूरी तरह से विकसित किया जाएगा। इसके लिए उसी डिजाइन कंसल्टेंट को चुना गया है। जिसने अयोध्या में राम मंदिर बनवाया था। इसके लिए नोएडा की कंपनी मेसर्स डिजाईन एसोसिएट्स इन्कॉरपोरेटेड को चुना गया है। बैठक में 3 हजार 837 पदों पर बहाली की स्वीकृती मिली है। इसमें खेल में 244, नगर विकास में 663, विधि में 40, पशुपालन में 2159, गन्ना में 19, शिक्षा में 526, राजस्व में 185, स्वास्थ्य में 1 पद शामिल हैं। मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मिकीनगर, भागलपुर और सहरसा में हवाई अड्डा बन सकता या नहीं इसके लिए अध्ययन कराया जाएगा। इस काम के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (अ अक), नई दिल्ली को चुना गया है। इस लिए कुल 2 करोड़ 43 लाख 17 हजार 676 रुपए की राशि दी गई है। मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान जो वादे किए गए थे, उनके अनुसार बिहार के 8 जिलों (मधुबनी, गोरौल, शाम्हों, इमामगंज, अधौरा, कटोरिया, असरगंज और चकाई) में नए डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। इन कॉलेजों के लिए कुल 526 पदों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 422 पद शिक्षक वर्ग के होंगे। इसमें हर कॉलेज में एक प्रिंसिपल यानी प्रधानाचार्य भी शामिल हैं। वहीं 104 पद गैर-शिक्षक (शिक्षकेत्तर) स्टाफ के होंगे। इससे पहले 8 अप्रैल को हुई पिछली कैबिनेट बैठक में 27,000 से अधिक नई नियुक्तियों को मंजूरी दी गई थी।नगर विकास विभाग में एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों के संचालन के लिए 663 विभिन्न कोटि के गैर तकनीकी पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। इस पर हर साल 35 करोड़ 27 लाख 48 हजार 344 रुपए खर्च होंगे। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना₹ के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं को बिजली खपत पर प्रति यूनिट अनुदान दिया जाएगा। सरकार ने इसके लिए कुल 15 हजार 995 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। यह राशि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक हर महीने 1 हजार 332 करोड़ रुपये की दर से दी जाएगी। यह भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से सीधे NTPC लिमिटेड को किया जाएगा, ताकि बिजली आपूर्ति में कोई बाधा न हो और उपभोक्ताओं को तय दर पर बिजली मिलती रहे। आज की बैठक में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी है। इसका मतलब यह है कि अब राज्य में जमीन की नई रसीद (खतियान) और नक्शा तैयार किया जा रहा है। इस प्रक्रिया को और ज्यादा सही, पारदर्शी और तेजी से पूरा करने के लिए नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। अब जमीन के सर्वे के समय, अगर किसी जमीन का बंटवारा पहले से मौखिक सहमति (बातों-बातों में आपसी समझ) से हो चुका है, और वह बंटवारा जमीन पर लागू हो चुका है, तो उसे भी मान्यता दी जाएगी। पहले यह सुविधा नहीं थी। सरकार का मानना है कि इससे सर्वेक्षण का काम आसान, तेज और सही तरीके से पूरा किया जा सकेगा। कैबिनेट की यह बैठक मुख्य सचिवालय स्थित कैबिनेट हॉल में आयोजित हुई।

## औरंगाबाद के महुआईन गांव में धरने पर बैठे ग्रामीण



**औरंगाबाद ।** मनिका पंचायत के महुआईन गांव में ग्रामीण धरने पर बैठ गए हैं। पीएम श्री योजना को राजकीय मध्य विद्यालय से हटाकर मनिका स्कूल में शिफ्ट करने का विरोध कर रहे हैं। अभिभावक और छात्रों ने स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया है। शिक्षकों को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इस स्कूल को पीएम श्री योजना से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। मधु कुमारी ने बताया कि 1944 से इस गांव में स्कूल संचालित है। यहां दलित और पिछड़ा वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल में कंप्यूटर लैब सहित अन्य सुविधाएं हैं। स्कूल शिफ्ट करने के विरोध में ग्रामीणों ने सुबह ही मेन गेट पर ताला जड़ दिया। किसी भी टीचर को अंदर नहीं जाने दिया। मौके पर शिक्षा विभाग के डीईओ और डीपीओ को बुलाने की मांग कर रहे हैं। हेड मास्टर अशोक कुमार ने बताया कि मनिका स्कूल का चयन पीएम श्री योजना के तहत हुआ है। विभाग की ओर से आसपास के स्कूलों में पढ़ने वाले छठी से आठवीं क्लास के बच्चों को उक्त विद्यालय में शिफ्ट करने की अधिसूचना जारी की गई। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीण भड़क गए और स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया। विद्यालय में कुल 214 बच्चे नामांकित हैं। प्रतिदिन 170 से 175 बच्चे पढ़ने आते हैं। छठी से आठवीं वर्ग में लगभग 140 छात्र-छात्राएं हैं। जिन्हें मनिका विद्यालय में शिफ्ट करने का आदेश विभाग द्वारा प्राप्त हुआ है। वहीं, बीईओ संजीव कुमार ने बताया कि विभाग के आदेश के बाद ही बच्चों को उक्त स्कूल में भेजा जा रहा है। ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है।

## प्लास्टिक में पैक शव: जलाने के लिए टायर-पेट्रोल के साथ यूरिया!



**बेतिया।** 30 साल की महिला को मारकर प्लास्टिक की बोरी में बंद रखा गया था। अंतिम संस्कार करना नहीं था, शव को जल्दी से जला डालना था इसलिए लकड़ी नहीं बल्कि टायर-पेट्रोल के साथ यूरिया खाद का इंतजाम रखा गया था। नहर के पास शव पहुंच चुका था और जलाने का यह इंतजाम भी। लेकिन, इसी बीच कानोंकान खबर महिला के मायके वालों तक पहुंच गई। मायके वाले इस तरह शव दाह की तैयारी देख चौंक गए। ससुराल वालों से ठन गई। शव को जलाने से रोकने का प्रयास किया तो पिटाई हो गई, लेकिन जलने नहीं दिया। इस हंगामे की खबर पुलिस तक पहुंची तो उसके आने के पहले ससुराल वाले फरार हो गए। हत्या का यह केस पुलिस के सामने आइने की तरह साफ होकर आया है और आरोप दहेज में बाइक नहीं देने के कारण मार डालने का है। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिहार के बेतिया में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का यह मामला आया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना से इलाके में चचाओं का बाजार गर्म है। घटना मझौलिया थाना क्षेत्र के मझौलिया की है। मृतका की पहचान चम्पा देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बेतिया भेज दिया है। ससुराल वाले घर छोड़ फरार हैं। मृतका के पिता रामानंद महतो ने बताया कि 6 साल पहले उन्होंने अपनी बेटी की शादी हरिरंजन महतो से की थी। कुछ दिनों से ससुराल वाले बाइक की मांग को लेकर चम्पा को प्रताड़ित कर रहे थे। हमेशा मारपीट करते थे। संभवतः गुरुवार की रात ससुराल वालों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। ससुराल वाले शव को जलाने के लिए टायर, यूरिया और पेट्रोल लेकर घर से एक किलोमीटर दूर 80 आरडी अमवा नहर के पास पहुंच थे तो ग्रामीणों ने सूचना दी। पहुंचे तो देखा कि आरोपी ससुराल वाले शव को जलाने की तैयारी कर रहे हैं। शव जलाने से मना करने पर हमलोगों के साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गए।

## प्रेम-प्रसंग में हुई भुजा विक्रेता की हत्या

### सिर को धड़ से अलग कर गाड़ दिया था नदी किनारे



**सहरसा।** जिले में पतरघट थाना क्षेत्र के फोरसहा में बीते 12 अप्रैल को हुई भुजा विक्रेता गोलमा निवासी निर्मल साह की हत्या प्रेम-प्रसंग में हुई थी। जानकारी के अनुसार, मृतक फोरसाहा में ही भुजा और अन्य फास्ट फूड की दुकान चलाता था। वहीं, किसी महिला के साथ उसका अवैध संबंध था, जिसकी जानकारी महिला के परिजनों को मिली तो उसकी हत्या की साजिश रची। मौका मिलते ही उसकी हत्या कर धड़ से सिर को अलग कर घटना स्थल से कुछ दूरी पर बह रहे शीतल पट्टी मुख्य नदी के फोरसहा के समीप नदी किनारे गाड़ दिया। घटना के बाद से ही आम लोगों में प्रेम-प्रसंग को लेकर चर्चा हो रही थी। शव को देखने के बाद लोगों ने कहा था कि कहीं न कहीं मामला प्रेम-प्रसंग से ही जुड़ा है अन्यथा ऐसा नृशंस हत्या भुजा विक्रेता का क्यों कोई करेगा। मालूम हो कि बीते 12 अप्रैल को गोलमा वार्ड-12 निवासी निर्मल साह को अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गला काटकर हत्या कर दिया गया था तथा मृतक निर्मल साह के कटे सिर को लेकर भाग गया था। मृतक की पत्नी सुनिता देवी के आवेदन के आधार पर पतरघट थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। घटना के 12 दिन तक पुलिस को गायब सिर नहीं मिला। पुलिस ने घटना के बाद घटना स्थल पर डॉग स्क्वॉड एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट को भी बुलाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अनुसंधान के दौरान ही पुलिस अधीक्षक हिमांशु द्वारा गठित एसआईटी ने फोरसाहा के पवन सदा नाम के एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। उसके बाद पुलिस को सुराग मिल गया। फिर क्या था पुलिस ने उसकी निशानदेही पर गुरुवार शाम मिट्टी में गड़े सिर के साथ घटना में प्रयुक्त दबिया एवं रॉड को जब्त कर लिया। हालांकि, पुलिस के अधिकारी अभी भी मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार, शाम में मामले में पुलिस के वरीय अधिकारी प्रेसवार्ता में पूरी जानकारी देंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार अपराधकर्मी से पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर अपनी संलिप्ता स्वीकार करते हुए बताया कि प्रेम-प्रसंग को लेकर यह घटना तीन लोगों के द्वारा मिलकर अंजाम दिया गया। मृतक के कटे सिर और घटना में प्रयोग किए हथियार को नदी के किनारे गाड़ कर छुपा दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी के साथ घटना की पुनरावृति भी कराया। ताकि सभी बातें स्पष्ट हो सकें। पुलिस बरामद सिर का डीएनए जांच भी कराएगी। पुलिस घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मालूम हो कि गुरुवार को गिरफ्तार अपराधी को साथ लेकर सदर एसडीपीओ आलोक कुमार, साइबर डीएसपी अजीत कुमार, मुख्यालय डीएसपी, पतरघट थानाध्यक्ष, जिला आसूचना की टीम के साथ गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर गायब सिर एवं घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद की थी।

# मैं आपसे सबसे ज्यादा प्यार करती हूं अप्पा: श्रुति हासन

बालीवुड एक्ट्रेस श्रुति हासन ने अपनी जिंदगी के सबसे खास रिश्ते पर खुलकर बात की है। अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने बताया कि वह किससे सबसे ज्यादा प्यार करती हैं, और वह कोई और नहीं बल्कि उनके पिता और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता-निर्देशक कमल हासन हैं। श्रुति ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह अपने पिता के साथ नजर आ रही हैं। तस्वीरों में कमल हासन ब्राउन पैंट और बेबी पिंक टी-शर्ट पहने कुर्सी पर बैठे हैं, जबकि श्रुति ब्लैक आउटफिट में उनके पैरों के पास जमीन पर बैठी हैं। दोनों कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रहे हैं। इन प्यारी तस्वीरों के साथ श्रुति ने एक इमोशनल कैप्शन भी लिखा है: 'आप हमेशा मेरी जिंदगी की रोशनी और ताकत का जरिया हो, हंसी का कारण होज मैं आपसे सबसे ज्यादा प्यार करती हू अप्पा।' फैंस को यह पोस्ट काफी पसंद आ रही है और सोशल मीडिया पर इसे लेकर कई भावुक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई यूजर्स ने पिता-बेटी के इस प्यारे रिश्ते को दिल छू लेने वाला बताया है। श्रुति का पूरा नाम श्रुति राजलक्ष्मी हासन है। उनका जन्म 28 जनवरी 1986 को तमिलनाडु में हुआ था, जो उनके माता-पिता कमल हासन और सारिका की शादी से दो साल पहले हुआ था। बाद में कमल और सारिका ने 1988 में विवाह किया और उनकी दूसरी बेटी अक्षरा हासन का जन्म हुआ। हालांकि 2004 में यह रिश्ता तलाक के साथ खत्म हो गया। श्रुति और कमल हासन के बीच का यह भावनात्मक रिश्ता इंडस्ट्री में मिसाल माना जाता है, और एक बार फिर इस पोस्ट ने यह साबित कर दिया कि पब्लिक फिगर होने के बावजूद भी कुछ रिश्ते बेहद निजी और अनमोल होते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस श्रुति हासन अक्सर अपने अभिनय से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। फैंस और पैपराजी अक्सर उनसे शादी और रिलेशनशिप को लेकर सवाल पूछते हैं।





# रचनात्मक प्रस्तुति को लेकर सुर्खियों में अपारशक्ति खुराना

अपनी रचनात्मक प्रस्तुति को लेकर अभिनेता, गायक और होस्ट अपारशक्ति खुराना आजकल सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में मशहूर पाकिस्तानी कवि अनवर मसूद की प्रसिद्ध कविता बनैन को अपनी शैली में प्रस्तुत किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इस रचनात्मक यात्रा का सबसे भावुक पल तब आया जब यह प्रस्तुति खुद अनवर मक़सूद साहब तक पहुँची। उन्होंने न केवल इस प्रयास को सराहा, बल्कि अपारशक्ति के अभिनय और अदायगी की खुलकर तारीफ भी की। अनवर मक़सूद ने अपारशक्ति के लिए एक विशेष वीडियो संदेश भेजा जिसमें उन्होंने कहा, खुराना साहब, आपने मेरी नज्म बनैन जो पढ़ी है, वह मैंने सुनी है और मुझे बहुत पसंद आई है। मेरी नज्म और आपकी अदायगी, दोनों मिलकर एक बहुत खूबसूरत मंज़र पेश करते हैं। मैं आपको इस अदायगी पर मुबारकबाद देता हूँ। ऐसे प्रतिष्ठित साहित्यकार से मिली सराहना से अपारशक्ति भावुक हो उठे और उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अपना आभार प्रकट करते हुए लिखा कि यह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने अनवर साहब की पोती हादिआ आकिब को भी विशेष धन्यवाद दिया, जिनकी मदद से यह वीडियो संदेश उनके पास पहुँचा। अपारशक्ति का यह प्रयास न केवल उनकी बहुआयामी प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि साहित्य और कला की भाषा सीमाओं से परे होती है। इस भावनात्मक संवाद ने भारत और पाकिस्तान के बीच सांस्कृतिक रिश्तों की एक खूबसूरत मिसाल पेश की है। अपारशक्ति की यह प्रस्तुति सिर्फ एक वीडियो नहीं, बल्कि एक सरहद पार साहित्यिक पुल है जो दिलों को जोड़ता है। अब दर्शकों की निगाहें उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स पर हैं। वह जल्द ही फिल्म बदतमीज़ गिल में परेश रावल और वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे।


# निल बटे सन्नाटा: अच्छी कहानी के लिए नामी चेहरे जरूरी नहीं

साल 2015 में आई छोटी सी फिल्म निल बटे सन्नाटा ने बिना बड़े सितारों या भारी प्रमोशन्स के वो कर दिखाया, जो बड़ी-बड़ी फिल्मों के लिए भी मुश्किल होता है। प्रोडक्शन हाउस 'कलर यलो प्रोडक्शन्स' के तहत बनी इस फिल्म ने यह संदेश दिया कि एक अच्छी कहानी के लिए जरूरी नहीं कि नामी चेहरे हों, बस सच्ची भावनाएं और मेहनत से रचा गया सपना होना चाहिए। फिल्म एक सिंगल मदर की कहानी कहती है, जो घरेलू सहायिका होने के बावजूद अपनी बेटी के लिए ऊँचे सपने देखती है। इस किरदार को स्वरा भास्कर ने बेहद संजीदगी से निभाया। उनकी परफॉर्मेंस ने दर्शकों को न सिर्फ भावुक किया, बल्कि सोचने पर भी मजबूर कर दिया कि समाज में किस तरह सपनों को वर्ग, उम्र या हैसियत के आधार पर सीमित कर दिया जाता है।

निल बटे सन्नाटा की सबसे बड़ी खूबी यही थी कि उसने उम्मीद और हौसले की बात की, और दिखाया कि अगर इरादा पक्का हो, तो कोई भी बाधा मायने नहीं रखती। यह फिल्म उस पुरानी सोच को तोड़ती है कि एक सफल फिल्म में पुरुष लीड जरूरी होता है। इस फिल्म में कैमरे के दोनों ओर महिलाएं थीं सामने स्वरा भास्कर, और निर्देशन की कमान थामे अश्विनी अय्यर तिवारी, जिनके लिए यह पहली फिल्म थी। उन्होंने एक ऐसी कहानी कही जो हर उम्र, हर वर्ग और हर जेंडर को छू गई।

नौ साल बीत जाने के बाद भी निल बटे सन्नाटा उतनी ही प्रासंगिक, ताज़ा और प्रेरणादायक लगती है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है एक भरोसा कि परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन हों, अगर उम्मीद थामे रखी जाए, तो ज़िंदगी बदली जा सकती है। यह फिल्म उन गिनी-चुनी कहानियों में से एक है जो आपको मुस्कुराना सिखाती है, और यह यकीन दिलाती है कि जहां भी हों, आप आगे बढ़ सकते हैं। सपनों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती, और यही बात निर्देशक आनंद एल राय और फिल्म निल बटे सन्नाटा ने साबित कर दी।





# जान्हवी ने पीरियड्स के दर्द को कम आंकने वाले पुरुषों पर साधा निशाना

हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने महिलाओं के पीरियड्स के दर्द को कम आंकने वाले पुरुषों पर निशाना साधा। जान्हवी का कहना है कि अगर मर्दों को पीरियड्स होते तो वे एक पल भी इस दर्द को सहन नहीं कर पाते, और शायद तब पूरी दुनिया में युद्ध जैसा माहौल बन जाता।

उन्होंने कहा कि कई बार जब महिलाओं का मूड खराब होता है या वे किसी बात पर बहस करती हैं, तो पुरुष उन्हें यह कहते हैं, क्या यह पीरियड्स का समय है? लेकिन जान्हवी का मानना है कि इस तरह की बातें महिलाओं के दर्द और भावनाओं को अनदेखा करने जैसी हैं। उनका कहना है, अगर आप सच में हमारी भावनाओं को समझते हैं तो आपको थोड़ा रुकना चाहिए, क्योंकि पीरियड्स का दर्द इतना गहरा होता है कि उसे शब्दों में नहीं कहा जा सकता। जान्हवी ने आगे कहा, यह बहुत अजीब और गलत नजरिया है, क्योंकि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं, पुरुष इस दर्द और मूड स्विंग को एक मिनट भी सहन नहीं कर पाएंगे। अगर मर्दों को पीरियड्स होते तो शायद पूरी दुनिया में परमाणु युद्ध जैसा माहौल बन जाता।


जान्हवी का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग इसे लेकर खूब चर्चा कर रहे हैं। जान्हवी कपूर की 2024 में तीन फिल्में रिलीज़ हुईं, जिनमें मिस्टर एंड मिसेज माही, उलझन और देवरा पार्ट 1 शामिल हैं। अब एक्ट्रेस अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा, उनकी फिल्म परम सुंदरी 2025 में रिलीज़ होगी। जान्हवी तेलुगू फिल्म पेद्दी में भी नजर आएंगी, जिसमें राम चरण, शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी होंगे। पेद्दी 27 मार्च 2026 को रिलीज़ होने वाली है।

# फिल्म निकिता रॉय की रिलीज डेट का ऐलान




साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म निकिता रॉय की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका निभा रही हैं, उनके साथ अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म 30 मई, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें इसकी ऑफिशियल रिलीज डेट का खुलासा किया गया है। निकिता रॉय का निर्देशन कुश एस. सिन्हा ने किया है। फिल्म का जॉनर साइकोलॉजिकल थ्रिलर है, जो ह्यूमन माइंड के ग्रे एरियाज और रहस्यमय परतों को सामने लाने का दावा करती है। फिल्म का निर्माण निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले हुआ है। इसका नेतृत्व किंजल अशोक घोने ने किया है और इसमें निक्की खेमचंद भगनानी, विक्की भगनानी, अंकुर टकरानी, दिनेश रतिराम गुप्ता और क्रेटोस एंटरटेनमेंट ने सहयोग दिया है। फिल्म की कहानी और स्क्रीनप्ले पवन कृपलानी ने लिखा है, जो थ्रिलर जॉनर के लिए जाने जाते हैं। फिल्म के निर्माता निक्की और विक्की भगनानी ने अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा, यह फिल्म हमारे दिल के बेहद करीब है। यह उन विषयों को छूती है जो आमतौर पर मेनस्ट्रीम सिनेमा में नहीं दिखते। फिल्म की कहानी, शानदार कास्ट और कुश एस सिन्हा का अलग विजन इसे एक मस्ट-वॉच बनाता है। हमें पूरा भरोसा है कि दर्शक इस तरह के कंटेंट के लिए तैयार हैं। रहस्य, थ्रिल और मनोवैज्ञानिक गहराईयों से भरपूर यह फिल्म 2025 की सबसे रोचक थ्रिलर्स में से एक मानी जा रही है। दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह पहले से ही देखने को मिल रहा है। निकिता रॉय को आनंद मेहता, प्रकाश नंद बिजलानी, शक्ति भटनागर, मेहनाज़ शेख और प्रेम राज जोशी ने को-प्रोड्यूस किया है।

# 'महाभारत' पर काम शुरू करने जा रहे हैं आमिर खान



हाल ही में एक इंटरव्यू में बालीवुड एक्टर आमिर खान ने खुलासा किया कि वह इस साल से 'महाभारत' पर काम शुरू करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनका अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट साबित होने वाला है। उन्होंने बताया कि 'महाभारत' को मल्टीपल पार्ट्स में बनाया जाएगा, ठीक उसी तरह जैसे हॉलीवुड की मशहूर सीरीज 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' को पेश किया गया था। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस भव्य प्रोजेक्ट की स्क्रिप्टिंग में काफी समय लग सकता है क्योंकि कहानी को संजीदगी और विस्तार के साथ दर्शाना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। फिल्म को लेकर आमिर ने यह भी कहा कि वह खुद इस प्रोजेक्ट को डायरेक्ट नहीं करेंगे। उन्होंने इसे एक मल्टी-डायरेक्टर प्रोजेक्ट बताया, जिसका निर्देशन कई फिल्ममेकर मिलकर करेंगे।

इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म के हर पार्ट पर एक अलग दृष्टिकोण और विशेषज्ञता के साथ काम किया जाएगा। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह खुद फिल्म में एक्टिंग करेंगे, तो आमिर ने कहा कि इस बारे में उन्होंने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है।

उन्होंने कहा कि रोल्स का चयन टीम करेगी और इस बात का फैसला लिया जाएगा कि कौन सा कलाकार किस किरदार के लिए सबसे उपयुक्त होगा। आमिर खान आखिरी बार साल 2022 में फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में नजर आए थे, जो हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' की आधिकारिक रीमेक थी। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब आमिर फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' में दिखाई देंगे, जो साल 2007 में आई सुपरहिट फिल्म 'तारे ज़मीन पर' का सीक्वल है। इस फिल्म का निर्देशन आर.एस. प्रसन्ना कर रहे हैं और इसमें आमिर के साथ दर्शील सफारी और जेनेलिया देशमुख भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'महाभारत' को लेकर दर्शकों में जो उत्सुकता है, वह आमिर के इस नए कदम के बाद और भी बढ़ गई है। बता दें कि आमिर खान पिछले कुछ समय से अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'महाभारत' को लेकर चर्चा में हैं। इस पौराणिक गाथा पर आधारित फिल्म को लेकर कई तरह की अटकलें और खबरें पहले से ही सामने आती रही हैं।

# ज्वेल थीफ: द हाइस्ट बिगिन्स' को लेकर चर्चा में सैफ अली खान




अपनी आगामी फिल्म 'ज्वेल थीफ- द हाइस्ट बिगिन्स' को लेकर अभिनेता सैफ अली खान खासा चर्चा में हैं। सैफ इसके प्रमोशन में पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं। उन्होंने एक और बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसे डायरेक्टर राहुल ढोलकिया निर्देशित कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस फिल्म की शूटिंग मुंबई के बल्लार्ड एस्टेट स्थित ग्रैंड होटल के पास शुरू हो चुकी है। सैफ आने वाले कुछ हफ्तों में शहर के अलग-अलग हिस्सों में शूटिंग करते नजर आएंगे। उन्होंने प्रतीक गांधी और दीपक डोबरियाल के साथ एक महत्वपूर्ण सीक्वेंस भी फिल्माया है। माना जा रहा है कि 'ज्वेल थीफ' के प्रमोशनल कमिटमेंट्स पूरे करने के बाद, सैफ पूरी तरह इस नए प्रोजेक्ट पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हालांकि फिल्म से जुड़ी जानकारियों को गोपनीय रखा गया है, लेकिन इंडस्ट्री में चर्चा है कि सैफ इस फिल्म में भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन का किरदार निभा सकते हैं। यह फिल्म भारत के पहले आम चुनाव और उस दौर की ऐतिहासिक घटनाओं को उजागर करेगी, जिसमें सेन की भूमिका केंद्रीय होगी। वहीं, 'ज्वेल थीफ- द हाइस्ट बिगिन्स' की बात करें तो यह एक हाई-स्टेक हीस्ट ड्रामा है, जिसमें सैफ रेहान रॉय की भूमिका में हैं, जिसे जयदीप अहलावत का किरदार राजन औलाख 500 करोड़ रुपये के कीमती अफ्रीकन रेड सन हीरे की चोरी के लिए हायर करता है। फिल्म में कुणाल कपूर इंस्पेक्टर विक्रम पटेल, निकिता दत्ता राजन की पत्नी और रेहान की एक्स-गर्लफ्रेंड फराह के किरदार में हैं। फिल्म में शबाना आजमी, अनुपम खेर, परेश रावल और जैकी श्रॉफ जैसे सशक्त कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्देशन कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने किया है।

# आईपीएल में आज होगा केकेआर और पंजाब किंग्स का मुकाबला

**कोलकाता (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर जीत के इरादे से उतरेगी। आईपीएल के इस सत्र में अब तक पंजाब का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर सहित खिलाड़ी अच्छे फार्म में हैं जिससे वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। वहीं दूसरी ओर अपने घरेलू मैदान पर खेल रही केकेआर का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है। उसके गेंदबाज और बल्लेबाज लय में नहीं है, इसके अलावा घरेलू मैदान पर भी उसे अब तक चार में से एक ही मैच में जीत मिली है। पंजाब की टीम ने अब तक पांच मैच जीते हैं और वह अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। वहीं सातवें स्थान पर चल रही केकेआर को प्लेऑफ में बने रहने के लिए छह में से पांच मैच हर हालत में जीतने होंगे। केकेआर के मध्यक्रम के बल्लेबाज आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप लय में नहीं हैं जिससे टीम में बदलाव करना पड़ सकता है। अब वह रोवमैन पॉवेल को उतार सकती है। इस मैच में केकेआर के बल्लेबाजों के लिए पंजाब के गेंदबाजों अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल का सामना करना आसान नहीं होगा।

केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को अब हर मैच में बेहतर खेलना होगा। उन्हें चहल से सावधान रहना होगा। इस मैच में केकेआर की गेंदबाजी हर्षित राणा का सामना पंजाब के बल्लेबाज किस प्रकार करते हैं ये देखना होगा। कुल मिलाकर देखा जाये तो मैच में केकेआर को जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन। हरनूर सिंह, मुशीर खान, प्याला अविनाश।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकरिया।

# यशस्वी ने तीन मैचों में पहली ही गेंद पर छक्का लगाने का रिकार्ड बनाया



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। अब यशस्वी तीन आईपीएल मैचों में पहली ही गेंद पर छक्का लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये हैं। इस सूची में विराट कोहली और मयंक अग्रवाल का नाम भी है। अब तक

अब तक कुल मिलाकर आठ बल्लेबाजों ने आईपीएल मैच की पारी की पहली गेंद पर ही छक्का मारा है पर यशस्वी ही एकमात्र क्रिकेटर हैं जिन्होंने ये कारनामा तीन बार किया है। आरसीबी के खिलाफ पारी की शुरुआत करने आए यशस्वी ने 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भुवनेश्वर कुमार की पहली गेंद पर बड़ा छक्का मारा।

यशस्वी ने पहले भी दो मैच में पहली गेंद पर ही छक्का लगाया था। अब तीसरी बार यह कमाल कर उन्होंने बाकी बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। वहीं नमन ओझा, मयंक अग्रवाल, सुनील नरेन, विराट कोहली, रॉबिन उथप्पा, फिल साल्ट और प्रियांश आर्या ने भी एक बार पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार 5वीं हार मिली जिससे उसके प्लेऑफ की राह अब कठिन हो गई है। आरसीबी के खिलाफ 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 9 विकेट पर 9 विकेट पर 194 रन ही बना पाई। इस हार के बाद अब राजस्थान के प्लेऑफ की उम्मीदें तकरीबन समाप्त खत्म हो गई हैं। 9 मैच खेलने के बाद उसे 7 में हार मिली है। जिससे वह अंक तालिका में 8वें नंबर है।

# एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट के लिए ओलंपिक की तरह : स्टीव वॉ

**-आगे भी इस प्रारुप का महत्व बना रहेगा**

**सिडनी (एजेंसी)।** टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बाद पिछले कुछ साल में एक दिवसीय क्रिकेट का आकर्षण घटा है। ऐसे में एकदिवसीय क्रिकेट के भविष्य पर भी सवाल उठने लगे है। जहां कई दिग्गजों का मानना है की



आने वाले समय में एकदिवसीय क्रिकेट प्रासंगिक नहीं रहेगा। वहीं दूसरी ओर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव वॉ का मानना है कि एकदिवसीय प्रारुप का महत्व आगे भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट के लिए ओलंपिक के समान है। वॉ ने माना है कि छोटे प्रारूपों के बढ़ते दबाव से इसपर प्रभाव पड़ा है लेकिन इसके बाद भी 2023 विश्व कप भारी तादाद में लोगों ने देखा था। उन्होंने कहा कि हर किसी को लगता है कि एकदिवसीय क्रिकेट नहीं बचेगा पर सच ये है कि इसकी रेटिंग काफी ऊंची है और उसे लोग पसंद करते हैं। विश्वकप के बाद फिर इसमें रूचि कम हो जाती है और फिर बढ़ती है। यही हालात बने रहते हैं।

वॉ ने कहा कि हम इस समय तीनों प्रारूपों में जैसे तैसे संतुलन देख रहे हैं। फिर टी10 का भी दबाव है जिससे चार प्रारूप हो सकते हैं। पता नहीं कैसे चलेगा पर अभी तो चल रहा है। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट के लिए अहम है। यह ओलंपिक की ही तरह है। हर चार साल में विश्व कप खेलना। लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में सौ से अधिक साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी।

सभी टेस्ट खिलाड़ियों के लिए समान मैच फीस की वकालत करते हुए वॉ ने कहा कि टेस्ट मैच खेलने वाले हर खिलाड़ी को समान पैसा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी कोई नहीं सुनता लेकिन मैंने 1999 में एक लेख में यह बात कही थी। टेस्ट मैच में मैच फीस समान होनी चाहिए। विश्व क्रिकेटर्स संघ के एक हालिया अध्ययन में कहा गया है कि वैश्विक क्रिकेट राजस्व का 38.5 प्रतिशत बीसीसीआई को मिलता है। इसमें व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम पर भी बात की गई है जिससे खिलाड़ियों का कार्यभार प्रबंधन मुश्किल हो रहा है।

# 'अंपायर भी पैसे ले रहे हैं', एसआरएच / एमआई मैच में ईशान किशन आउट पर सहवाग का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज और धमाकेदार ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने नॉट आउट होने के बावजूद ईशान किशन के क्रीज छोड़ने पर कहा कि उन्हें मैदानी अंपायर के फैसले का इंतजार करना चाहिए था। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2025 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम की स्थिति और खराब हो गई है।

हैदराबाद की पारी के दौरान तीसरे ओवर में राहुल चहर गेंदबाजी कर रहे थे। ओवर की पहली की गेंद पर ईशान किशन ने हिट करने की कोशिश की सही लेकिन संपर्क नहीं बना पाए और रिकेल्टन ने कैच पकड़ लिया। अंपायर ने अपना हाथ आंशिक रूप से उठाया और फिर मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने कैच के लिए विनम्र पूछताछ की। अंपायर ने अपनी



उंगली पूरी तरह से उठाई और ईशान किशन भी चले गए। हार्दिक की ओर से एक हल्की अपील आई, लेकिन कीपर या गेंदबाज की ओर से कुछ खास नहीं हुआ। अल्ट्राएज रिप्ले आया और गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी थी। हालांकि किशन का मैदान से बाहर चले गए थे। अंपायर अपील से पहले आउट का इशारा नहीं करता जो यहा देखा गया।

सहवाग ने इस पर कहा, 'कई बार, उस समय दिमाग काम करना बंद कर देता है। यह दिमागी थकान थी। रुक तो जा। अंपायर भी पैसे ले रहे हैं। उसे अपना काम करने दो। मैं उसकी ईमानदारी को समझ नहीं पाया। अगर यह किनारा होता, तो यह समझ में आता क्योंकि यह खेल भावना के अनुरूप होता। लेकिन यह आउट नहीं था, अंपायर अनिश्चित था और आप अचानक से मैदान छोड़कर चले गए।'


रोहित शर्मा ने अपना दूसरा लगातार अर्धशतक बनाया और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 40) के साथ 53 रनों की साझेदारी की जिससे मुंबई इंडियंस ने बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराकर आईपीएल में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। हेनरिक क्लासेन (44 गेंदों पर 71 रन) और अभिनव मनोहर (37 गेंदों पर 43 रन) के साथ उनकी 99 रनों की साझेदारी की बदौलत 8 विकेट पर 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन बनाकर घरेलू टीम की मुश्किलें 15.4 ओवर में खत्म कर दीं।

## डब्ल्यूटीसी में ऑस्ट्रेलिया को बोलैंड की जगह इस अनुभवी को चुनना चाहिए : रवि शास्त्री

दुबई। भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने कहा कि जून में लॉर्ड्स मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को स्कॉट बोलैंड की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चुनना चाहिए क्योंकि दिग्गज ग्लेन मैकग्रा की तरह गेंदबाजी करने वाला यह लंबे कद का खिलाड़ी इंग्लैंड की परिस्थितियों का बेहतर तरीके से उपयोग कर पाएगा। टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की जगह लगभग पक्की है। ये दोनों अगर फिट रहे तो तीसरे तेज गेंदबाज के नाम के लिए चर्चा हो सकती है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के सामने 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में खेले जाने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के तीन तेज गेंदबाजों और नाथन लियोन के रूप में एक स्पिनर के साथ उतरने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के पास हरफनमौला बीयू वेबस्टर को एकादश में शामिल करने का विकल्प भी है, तीसरे तेज गेंदबाज के लिए हेजलवुड और बोलैंड के बीच चयन होने की संभावना है। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' पर कहा, 'यह बहुत कठिन विकल्प होगा, अगर हेजलवुड फिट होते हैं, तो उन्हें बोलैंड के मुकाबले तरजीह मिलनी चाहिए।' हेजलवुड अपने करियर में कई बार चोटिल होने के कारण टीम से बाहर रहे है। वह चोट के कारण भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गयी बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के पांच मैचों में से तीन में नहीं खेल पाए थे।

## क्रुणाल पांड्या को खरीदना फायदेमंद रहा : फ्लावर


बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें खरीदे जाने का फैसला सही साबित हुआ है। फ्लावर ने कहा है कि इस सत्र में अब तक क्रुणाल ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पूरे सत्र में बीच के ओवरों में क्रुणाल का अहम योगदान रहा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दूसरी पारी में क्रुणाल ने अपनी विविधताओं के बल पर विरोधी टीम को लक्ष्य हासिल नहीं करने दिया। क्रुणाल ने अपनी पहली ही गेंद पर राजस्थान के कार्यकारी कप्तान रियान पराग को आउट करके उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। फ्लावर ने मैच के बाद कहा, नीलामी में क्रुणाल हमारे लिए बहुत काफी अहम पसंद थे। हमें उनकी हरफनमौला क्षमताएं पसंद आई और



उनका अनुभव भी। उन्हें आईपीएल में कप्तानी का अनुभव होने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का भी अनुभव है। उनमें जोश भी है और मुझे यह वाकई पसंद है। फ्लावर ने टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए स्पिन गेंदबाजी कोच मालोलन रंगराजन को श्रेय दिया, जिन्होंने क्रुणाल के साथ मिलकर काम किया है और अलग-अलग रणनीति तैयार की है जिसे 34 वर्षीय खिलाड़ी सफलता हासिल करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने हमारे स्पिन कोच के साथ अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन ऑल-राउंड कोच हैं।

## इरफान पठान बोले, आरसीबी का ही कोई खिलाड़ी तोड़ेगा गेल का रिकार्ड

मुम्बई। भारतीय टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल का सबसे बड़े स्कोर 175 रनों का रिकार्ड टूट सकता है। पठान ने कहा है कि ये रिकार्ड आरसीबी का ही कोई खिलाड़ी तोड़ेगा हालांकि उन्होंने बल्लेबाज का नाम नहीं बताया है। आईपीएल में अब तक कई नये रिकार्ड बने हैं और टूटे हैं पर गेल का साल 2013 में बनाया ये रिकार्ड ऐसा है जो एक दशक से भी अधिक समय से बना हुआ है। गेल अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने टी-20 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 66 गेंद पर 175 रन की नाबाद पारी खेली थी। उस समय गेल आरसीबी के लिए



खेलते थे। गेल के टी20 करियर में 463 मैचों में 14,552 रन शामिल हैं। गेल के अलावा दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज ब्रैंडन मैकुलम है, जिन्होंने 2008 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 73 गेंदों में नाबाद 158 रन बनाये। इस सत्र में सत्र में 141 रनों की पारी खेलकर अभिषेक शर्मा सबसे अधिक रनों की पारी के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। वहीं चौथे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक है जिन्होंने 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 70 गेंदों में 140 रन की नाबाद पारी खेली थी। इस सूची लिस्ट में पांचवें नंबर पर आरसीबी के पूर्व खिलाड़ी एबी डिविलियर्स हैं, जिन्होंने 2015 में मुंबई इडियंस के खिलाफ 59 गेंदों में नाबाद 133 रन बनाये थे जबकि छठे नंबर पर केएल राहुल हैं, जिन्होंने पंजाब किंग्स के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 69 गेंदों में नाबाद 132 रन बनाए थे।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान हॉकी टीम पर गिरेगी गाज !, एशिया कप दौरा खतरे में

**मुंबई (एजेंसी)।** पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद बढ़ते तनाव के मद्देनजर इस साल के अंत में राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम का भारत दौरा संदेह के घेरे में है।

भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किए गए हमले का जवाब देते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए हैं। यूरोप स्थित वेबसाइट टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से अगस्त में एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम के भारत दौरे को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

पाकिस्तान 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप का हिस्सा है। हमले से नाराज कई प्रमुख भारतीयों ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी संबंध खत्म करने को कहा है जिसमें खेल संबंध भी शामिल हैं। रिपोर्ट



में दावा किया गया है कि इससे पाकिस्तान में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान हॉकी टीम को एशिया कप के लिए भारत दौरे की अनुमति दिए जाने पर संदेह पैदा हो गया है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के महासचिव राणा मुजाहिद हाल के घटनाक्रमों के बाद एशिया कप के लिए टीम के भारत दौरे को लेकर बहुत आशावादी नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे हॉकी इंडिया के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन टीम के दौरे के बारे में यह सरकार-से-सरकार का मामला है। हम अपनी सरकार से अनुरोध करेंगे, और अगर वे अनुमति देते हैं तो हम भाग लेंगे, लेकिन अगर वे हमारे अनुरोध को अस्वीकार करते हैं तो कोई संभावना नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'आप हाल की स्थिति से अवगत हैं। भारत सरकार ने भारत में सभी पाकिस्तानियों के वीजा रद्द कर दिए हैं, फिर ऐसी स्थिति में हमारी टीम भारत का दौरा कैसे कर पाएगी? मुजाहिद ने कहा, 'सब कुछ अलग रखते हुए, हम अपनी सरकार से दौरे के बारे में पूछेंगे।'

इस बीच उनके भारतीय समकक्ष, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया कि उनका महासंघ अनुमति के लिए सरकार से संपर्क करने से पहले स्थिति का इंतजार करेगा और देखेगा। उन्होंने कहा, 'हमने टूर्नामेंट पर कोई चर्चा नहीं की है। हम इंतजार करेंगे कि हमारी सरकार इस पर क्या कहती है। उचित समय पर फैसला लेंगे।'

एशिया कप सभी टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2026 हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, जिसकी संयुक्त मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड करेंगे। 2014 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से पाकिस्तान की हॉकी टीमें तीन मौकों पर एफआईएच-स्तरीय आयोजनों के लिए भारत आ चुकी हैं। 2016 में लखनऊ में जूनियर पुरुष विश्व कप, 2018 में हॉकी विश्व कप और 2021 में जूनियर विश्व कप दोनों भुवनेश्वर में आयोजित किए गए थे।

## पाकिस्तान की पूर्व कप्तान निदा डार ने राष्ट्रीय चयन से वापस लिया नाम



कराची। पाकिस्तान की महिला टीम की अनुभवी खिलाड़ी निदा डार ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण राष्ट्रीय चयन से नाम वापस ले लिया। पाकिस्तान क्रिकेट में अपनी तरह की इस पहली घटना में राष्ट्रीय महिला टीम की पूर्व कप्तान 39 वर्षीय निदा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लिया है। निदा ने लिखा, 'पिछले कुछ महीनों में मेरे आसपास व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बहुत कुछ हुआ है, जिसने मेरे मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाला है। मैंने ऐसे में खुद पर ध्यान देने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैं सभी से इस दौरान मेरी निजता का सम्मान करने की अनुरोध करती हूं।' हरफनमौला निदा पाकिस्तान महिला क्रिकेट में सबसे पहचाने जाने वाले चेहरों में से एक है। निदा ने कहा कि उन्होंने अपनी स्थिति के बारे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को बता दिया है। निदा ने पाकिस्तान के लिए 270 अंतरराष्ट्रीय (वनडे और टी20) मैच खेले है। उन्हें हाल ही में लाहौर में आयोजित आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम के चयन के लिए खुद को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। निदा ने फिटनेस टेस्ट के लिए उपस्थिति दर्ज कराई। उन्हें इसके बाद अभ्यास शिविर से जुड़ने के लिए कहा गया था लेकिन उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन दोनों में हाल की घटनाओं ने उनके मानसिक स्वास्थ्य को काफी प्रभावित किया है। वह हाल ही में महिला राष्ट्रीय टी20 कप में भी नहीं खेली थीं। निदा ने पाकिस्तान के लिए अपना पिछला मैच अक्टूबर 2024 में दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।

# राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2025 से बाहर होने वाली पहली टीम बनी

नईदिल्ली। राजस्थान रॉयल्य टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम बनी है। रॉयल्स की टीम अपने 9 वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 11 रनों से हार के साथ ही मुकाबले से बाहर हो गयी। यह रॉयल्स की इस सत्र में लगातातर पांचवीं हार है। रॉयल्स ने अभी तक आईपीएल सत्र में 9 मैच खेले हैं। जिसमें 7 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है जबकि उसके केवल 2 मैचों में ही जीत मिली है। आरसीबी से मिली हार के बाद टीम अंक तालिका में 8वें स्थान पर फिसल गयी है। रॉयल्स को अब इस सीजन में अब बचे हुए पांच मुकाबले गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं। अगर वह ये सभी मुकाबले जीत भी जाती है तो अधिक से अधिक 4 अंकों तक ही पहुंच सकेगी। जिस तरह से शीर्ष चार से पांच टीमों के अंक हैं। ऐसे में साफ है कि 14 अंकों के साथ कोई टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर पाएगी। हालांकि अगर राजस्थान इतने अंकों तक पहुंचने में सफल रहती है तो भी उन्हें दूसरी टीमों के परिणामों पर आधारित रहना होगा। जब से लीग में 10 टीमों ने भाग लेना शुरू किया है तब से मात्र 1 ही बार ऐसा हुआ है जब 14 अंकों के साथ किसी टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया हो।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद नीरज चोपड़ा की ईमानदारी पर उठे सवाल, खिलाड़ी ने दिया जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पाकिस्तान के भालाफेंक खिलाड़ी अरशद नदीम को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने का न्योता देने पर उन्हें निशाना बनाने वालों को शुक्रवार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को न्योता था जो पहलगाम आतंकी हमले से पहले भेजा गया था।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह यह देखकर दुखी है कि उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाये जा रहे हैं और उनके परिवार को भी अपशब्द कहे जा रहे हैं। चोपड़ा ने नदीम को 24 मई को बेंगलुरू में होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए बुलाया था। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में चोपड़ा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। नदीम ने मसरूफियत का हवाला देकर न्योता ठुकरा दिया था।

चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में लिखा, 'नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए अरशद नदीम को मेरे निमंत्रण पर काफी बातें हो रही है और ज्यादातर घृणा और अपमानजनक है। उन्होंने मेरे परिवार को भी नहीं छोड़ा।' उन्होंने लिखा, 'मैं आम तौर पर ज्यादा बोलता नहीं हूं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि मैं गलत के खिलाफ नहीं बोलूंगा। वह भी तब जब हमारे देश के लिए मेरे प्यार पर सवाल उठाए जा रहे हैं और मेरे परिवार के सम्मान का सवाल है।''

चोपड़ा ने कहा कि निमंत्रण पहलगाम पर आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को भेजा गया। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। चोपड़ा ने कहा, 'मैने अरशद को जो न्योता भेजा, वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को था। इससे ज्यादा या कम कुछ नहीं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का मकसद भारत से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सामने लाना और हमारे देश में विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना है।'

उन्होंने लिखा, 'सभी खिलाड़ियों को पहलगाम में आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को न्योते भेजे गए।' उन्होंने लिखा, 'पिछले 48 घंटे में जो हुआ, उसके बाद एनसी क्लासिक में अरशद के खेलने का सवाल ही नहीं था। मेरे देश और उसके हित हमेशा सर्वोपरि है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनायें उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपनों को खोया है। पूरे देश के साथ मैं भी दुखी और खफा हूं। मुझे यकीन है कि हमारे देश का जवाब एक राष्ट्र के रूप में हमारी शक्ति दिखा देगा और इंसाफ होगा।''

सेना से जुड़े चोपड़ा ने कहा, 'मैं इतने साल से गर्व से अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और मेरी ईमानदारी पर सवाल उठने से मैं दुखी हूं। मुझे दुख है कि मुझे उन लोगों के सामने सफाई देनी पड़ रही है जो मुझे और मेरे परिवार को अकारण निशाना बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, 'हम सीधे सादे लोग हैं। हमें और कुछ मत बनाइए। मेरे बारे में



मीडिया में मनगढंत बातें कही जा रही है। सिर्फ इसलिए कि मैं बोलता नहीं हूं, इसके यह मायने नहीं है कि यह सच है।'

चोपड़ा ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीतने के बाद नदीम को अपना ही बच्चा बताने वाली उनकी मां के बयान को लेकर कैसे लोगों के मत बदल गए। उन्होंने कहा, 'मुझे समझ में नहीं आ रहा कि लोगों के सुर कैसे बदल जाते हैं। जब मेरी सीधी सादी मां ने एक साल पहले एक मासूम सा बयान दिया तो हर जगह तारीफ हो रही थी। आज लोग उसी बयान को लेकर उन्हें निशाना बना रहे हैं।' उन्होंने लिखा, 'मैं और भी मेहनत करूंगा ताकि दुनिया भारत को याद रखे और इसे सम्मान के भाव से देखे।'

## पाक के साथ क्रिकेट संबंधों को लेकर सरकार की सलाह मानेगा बीसीसीआई : राजीव शुक्ला

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंधों को लेकर जो भी सरकार का फैसला होगा वह उसे मानेगा। पहलगाम में आतंकियों के हमले के बाद से ही दोनो देशों के बीच तनाव बढ़ गया है और ऐसे में मांग की जा रही है कि पाक के साथ किसी भी स्तर पर न खेला जाये। अभी दोनो देश केवल आईसीसी इवेंट्स में ही खेलते हैं। बीसीसीआई उपाध्यक्ष शुक्ला ने कहा है कि बोर्ड सरकार की सलाह मानेगा हालांकि उन्होंने कहा कि आईसीसी और एसीसी इवेंट में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखने को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। गौरतलब है कि एशिया कप और महिला एकदिवसीय विश्वकप कप में दोनों देशों के खेलने को लेकर भी अब सवाल उठ रहे है। वहीं एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) इस मामले में क्या फैसला करती है देखना होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण अब हालात बदल गये हैं। इसी कारण माना जा रहा है कि बीसीसीआई ने आईसीसी से अपील की है कि वे भारत और पाकिस्तान को आगे होने वाले बड़े टूर्नामेंट्स में एक ही ग्रुप में न रखा जाए। गौरतलब है कि किसी भी बड़े इवेंट में भारत-पाकिस्तान के मैच से क्रिकेट बोर्ड को बहुत फायदा होता है।

# सीएम नीतीश का इशारा: क्या 2022 में ललन सिंह तुड़वा चुके हैं बीजेपी-जेडीयू गठबंधन?



पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के दौरान अपने संबोधन में इशारों ही इशारों में एक बड़ा राजनीतिक बयान दिया। नीतीश कुमार ने मंच पर इशारा करते हुए बिना किसी का नाम लिए कहा कि उनकी पार्टी के एक नेता ने कुछ गड़बड़ी की, जिसकी वजह से बीजेपी के साथ गठबंधन टूट गया और वे महागठबंधन में शामिल हो गए थे। इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या नीतीश कुमार का इशारा अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेता ललन सिंह की तरफ था, जिन्होंने 2022 में बीजेपी के साथ गठबंधन तोड़ा था।

दरअसल सीएम नीतीश कुमार ने इशारा करते हुए मंच से कहा था, कि हम लोग तो हमेशा एक साथ रहे हैं लेकिन बीच में कुछ गड़बड़ कर दिया हमारे पार्टी वाले और यहीं पर वह बैठे हैं। अब उन्हीं से पूछिए... बाद में उन्हीं को लगा है कि वह लोग गड़बड़ हैं और हम लोग उन्हें छोड़ दिए... अब हम कभी उन लोगों के साथ नहीं जा सकते हैं।

उनका यह बयान ऐसे समय में आया जब उन्होंने सीधे तौर पर पार्टी के किसी नेता का नाम तो नहीं लिया, लेकिन उनके बयान से यह साफ संकेत मिल रहे थे कि उनका इशारा ललन सिंह की ओर था, जो 2022 में जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और उन्हीं की अध्यक्षता में बीजेपी से गठबंधन टूटा था।

गौरतलब है कि 2022 में नीतीश कुमार ने बीजेपी के साथ अपना गठबंधन तोड़ते हुए महागठबंधन में शामिल होने का फैसला लिया था। उस वक्त ललन सिंह ही जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। ललन सिंह का राजनीतिक प्रभाव जेडीयू में बहुत मजबूत था और उनके नेतृत्व में पार्टी ने कई अहम फैसले लिए थे। 2023 में ललन सिंह ने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद नीतीश कुमार को ही पार्टी का नेतृत्व संभालना पड़ा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस सियासी बयान का असर बिहार की राजनीति पर क्या पड़ता है और क्या नीतीश कुमार और ललन सिंह के बीच कोई अंदरुनी मतभेद बढ़ेंगे।

## पाकिस्तान की गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं भारत : गिरिराज सिंह

-लालू यादव और फारुख पाकिस्तान के लिए प्रेम दिखाते

पटना। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक हुई। बैठक में पांच महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मोदी सरकार के फैसले पर पाकिस्तान गीदड भभकी दे रहा है। पाकिस्तान की गीदड़ भभकी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा भारत इन धमकियों से डरने वाला नहीं है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज पीएम मोदी ने स्पष्ट रूप से आतंकियों को चेताया है। मुझे दुख इसका है कि कांग्रेस और आरजेडी जैसी पार्टियां, जो बिहार में कैंडल मार्च निकालती हैं और जांच कमेटी की मांग करती हैं, उन्हें शर्म आनी चाहिए। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा। पहलगाम में हुई घटना पर जांच की मांग कर रहे हैं। विपक्ष जख्म पर नमक डालता है। उन्होंने कहा कि लालू यादव और फारुख अब्दुल्ला जैसे लोग भारत में रहकर पाकिस्तान के प्रति अपना प्रेम दिखाते हैं। भारत की जनता कभी क्षमा नहीं करेगी। आरजेडी पहलगाम घटना की जांच की मांग करती है। इन्हें शर्म आनी चाहिए। बता दें कि गुरुवार को पीएम मोदी बिहार दौरे पर थे। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

## एनएसई ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई, परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए भीषण आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस अमानवीय हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की सहायता के लिए एनएसई ने 1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को लगभग 4 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। एनएसई इस दु:ख और संकट के समय देश के साथ खड़ा है। एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान ने कहा, यह हमारे देश के लिए सामूहिक शोक का क्षण है। हमारी प्रार्थनाएं और भावनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हम इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़े हैं और हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## महिला ने कहा- कठुआ में दिखे 4 संदिग्ध... सुरक्षाबलों ने चलाया सर्च ऑपरेशन

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में सुरक्षा बलों ने एक बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। यह कार्रवाई हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की जा रही है, जिसमें दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच इलाके को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सूत्रों के अनुसार, सर्च ऑपरेशन तब शुरू हुआ जब एक महिला ने पुलिस को सूचना दी कि उसने इलाके में चार संदिग्ध लोगों को देखा गया है। महिला की सूचना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और सुरक्षा बल तुरंत हरकत में आ गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) मौके पर पहुंच गई और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सघन तलाशी अभियान शुरु कर दिया। इलाके की घेराबंदी कर दी गई और हर आने-जाने वाले पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यह इलाका अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित है और यहां पहले भी घुसपैठ की कोशिशें देखी जा चुकी हैं। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि संदिग्ध किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में हो सकते हैं। पुलिस और सेना की टीमें तलाशी अभियान को बेहद सावधानी और रणनीतिक तरीके से अंजाम दे रही हैं। इस दौरान ड्रोन और स्निफर डॉग्स की भी मदद ली जा रही है। इसके अलावा, पुलवामा के करीमाबाद इलाके में भी सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। यह इलाका पहले भी आतंकियों की मौजूदगी के लिए चर्चित रहा है और यहां से कई बार मुठभेड़ की खबरें आती रही हैं। फिलहाल पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और तलाशी का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है।

## जज को जान से मारने की धमकी- अगर जीना है तो कम बोला करो..., पुलिस सतर्क


नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहाँ एक न्यायिक अधिकारी को जान से मारने की धमकी दी गई है। द्वारका के ककरोला इलाके में टहल रहे एक स्थानीय अदालत के जज को कार सवार दो अज्ञात लोगों ने धमकी दी और फिर फरार हो गए। इस घटना की पुलिस सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है, जिसमें बताया गया, कि 1 अप्रैल को जब जज टहलने निकले थे, तभी एक कार में सवार दो अज्ञात युवकों ने उनकी ओर ध्यान खींचने के लिए तेज हॉर्न बजाया। कार में बैठे एक व्यक्ति ने जज की ओर इशारा करते हुए धमकी भरे लहजे में कहा, अगर जीना है तो कम बोला करो... धमकी देने के बाद दोनों व्यक्ति मौके से फरार हो गए। इसके बाद जज ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस को सूचित किया। दिल्ली पुलिस ने धारा 506 (आपराधिक धमकी) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। द्वारका पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामला संवेदनशील है। किसी भी न्यायिक अधिकारी को धमकी देना कानून के खिलाफ है और हम जल्द ही आरोपियों को पकड़ने में सफल होंगे। इस घटना ने राजधानी में न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## राइस मिल में लगी आग बुझाने की कोशिश में 5 मजदूरों की दम घुटने से मौत, तीन गंभीर

बहराइच (एजेंसी)। दरगाह इलाके में स्थित राजगढ़िया राइस मिल में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग फैलने में देर नहीं लगी। लपटें विकराल होने लगी। वहीं धुआं भी बढ़ने लगा। अफरातफरी मची गई। इसी बीच कुछ मजदूर आग बुझाने में प्रयास में लग गए। वे धुआं की चपेट में आए और 5 लोगों का दम घुट गया, जिससे उनकी मौत हो गई। जबकि 3 मजदूरों की हालत गंभीर है उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएम मोनिका रानी ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर हाल जाना है। आग की वजह के बारे में अभी तक जानकारी नही हो सकी है। कारण पता किया जा रहा है बताया जा रहा है कि दरगाह में राजगढ़िया राईस मिल है। मिल में सुबह सुबह अचानक आग लग गई। वहीं आग पर काबू पाने कर्मचारी जुटे रहे। आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी नही हो सकी है। आग लगाने की जांच को अधिकारी लग गए है। प्रशासनिक अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डा एमएम त्रिपाठी ने पांच मौतों की पुष्टि की है। वहीं देर रात लखनऊ में चिनहट के पपनामऊ में गुरुवार देर रात प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में आग लग गई।

## एलजी ने 28 अप्रैल को बुलाया जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र, पहलगाम हमले पर होगी चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर विधानसभा को सोमवार, 28 अप्रैल, 2025 को सुबह 10-30 बजे जम्मू में बुलाने का आदेश दिया गया है। यह आदेश 24 अप्रैल को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 18(1) के तहत जारी किया। विधानसभा सचिव मनोज कुमार पंडित ने विधानसभा के सभी माननीय सदस्यों को संबोधित आधिकारिक समन भेजा। सत्र में तत्काल सुरक्षा चिंताओं और अन्य महत्वपूर्ण विधायी और प्रशासनिक मामलों पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है।



इससे पहले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया तथा पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का समर्थन किया गया। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हम, जम्मू-कश्मीर की सर्वदलीय बैठक के प्रतिभागी, 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए हाल ही के बर्बर हमले से बहुत स्तब्ध और व्यथित हैं, सामूहिक एकजुटता और संकल्प की भावना से इस प्रस्ताव को अपनाते हैं। हम पहलगाम में हुए जघन्य, अमानवीय हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया और उनकी हत्या की गई।

अब्दुल्ला ने कहा कि शांतिपूर्ण नागरिकों के खिलाफ क्रूरता के ऐसे कायरतापूर्ण कृत्यों का समाज में कोई स्थान नहीं है और यह कश्मीरियत के मूल्यों और भारत के विचार पर सीधा हमला है, जो लंबे समय से इस क्षेत्र में एकता, शांति और सद्भाव का प्रतीक रहे हैं। हम कल घोषित केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का भी समर्थन करते हैं। हम उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने नुकसान उठाया है। हम शहीद सैयद आदिल हुसैन शाह के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं, जिन्होंने पहलगाम में अपने घोड़े पर पर्यटकों को ले जाया और पर्यटकों को बचाने के लिए आतंकवादियों में से एक से लड़ने के प्रयास में शहीद हो गए।

## महाराष्ट्र में भी पहलगाम जैसी घटना घटने की आशंका

जलगांव (एजेंसी)। पाकिस्तान से आए 327 पाकिस्तानी नागरिक पर्यटक वीजा पर महाराष्ट्र के जलगांव में रह रहे हैं। इसके कारण भविष्य में जलगांव जिले में भी पहलगाम जैसी या अनुचित घटनाएं हो सकती हैं। दरअसल शिवसेना ठाकरे गुट के नेता गजानन मालपुरे द्वारा लगाए गए चौंकाने वाले आरोपों से हलचल मच गई है। आपको बता दें कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद नरेंद्र मोदी ने भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की चेतावनी दी है। इसके बाद जलगांव जिले में बसे पाकिस्तानी नागरिकों का मुद्दा चर्चा में आ गया है।

शिवसेना ठाकरे गुट के नेता गजानन मालपुरे ने कुछ साल पहले जलगांव में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के संबंध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। गजानन मालपुरे ने यह भी आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन राजनीतिक दबाव के कारण संबंधितों की उपेक्षा कर रहा है। इस बीच, गजानन मालपुरे ने यह सवाल भी उठाया है कि यदि भविष्य में संबंधित नियमों और शर्तों का पालन न करने के कारण कोई अनुचित घटना घटित होती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा?

### आदेशानुसार कार्यवाही की जाएगी

पाकिस्तान से भारत आने वाले नागरिकों का मुद्दा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान के जरिए सामने आया। मोदी ने सार्क वीजा और पर्यटक वीजा पर पाकिस्तान से भारत आए नागरिकों से भी तुरंत भारत छोड़ने की अपील की है। इस घटना के बाद जिला पुलिस बल सक्रिय हो गया है और जलगांव में पाकिस्तानी नागरिकों की जांच और पूछताछ शुरू कर दी गई है। यह बात सामने आई है कि 327 पाकिस्तानी नागरिक पर्यटक वीजा पर जलगांव में रह रहे हैं। पुलिस विभाग ने बताया है कि इस मामले को लेकर सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक नखाते ने दी।

### कार्रवाई नहीं करने पर उठ रहे सवाल

जलगांव में सैकड़ों पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं जिनके वीज़ा की अवधि समाप्त हो गई है। यदि भारतीय नागरिकता स्वीकार करने के बाद भी पाकिस्तानी नागरिक जलगांव में रहते हुए सरकारी नियमों की शर्तों का पालन नहीं करते हैं तो यह निश्चित रूप से गंभीर मामला है। प्रशासन और पुलिस बल द्वारा संबंधितों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन पहलगाम की तरह जलगांव में भी किसी हमले का इंतजार तो नहीं कर रहा है? अब यह प्रश्न भी उठाया जा रहा है। बहरहाल पहलगाम में हुई गंभीर घटना और प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद क्या इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी? यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

## 'हिंदू कभी धर्म पूछकर नहीं मारते, दिखानी होगी शक्ति', पहलगाम हमले पर मोहन भागवत का बयान

नई दिल्ली (एजेंसी)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों से उनके धर्म के बारे में पूछताछ करने के बाद उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि एक हिंदू कभी ऐसा कृत्य नहीं करेगा। उन्होंने सरकार से पहलगाम आतंकी हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया, जिसमें 26 लोग, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, बंदूकधारियों द्वारा मारे गए थे। आरएसएस प्रमुख ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों से उनका धर्म पूछा गया और उन्हें मार दिया गया। हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे।

भागवत ने कहा कि अभी जो लड़ाई चल रही है, वह संप्रदाय और धर्म के बीच नहीं है। इसका आधार संप्रदाय और धर्म है, बल्कि यह लड़ाई 'धर्म' और 'अधर्म' के बीच है। हमारे सैनिकों या हमारे लोगों ने कभी किसी को उसका धर्म पूछकर नहीं मारा। जो कट्टरपंथी लोगों ने लोगों को उनका धर्म पूछकर मारा, हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे। इसलिए देश को मजबूत होना चाहिए। सभी दुखी हैं, हमारे दिलों में गुस्सा है जैसा कि होना चाहिए, क्योंकि राक्षसों का नाश करने के लिए अपार शक्ति की आवश्यकता होती है। लेकिन कुछ लोग इस बात को समझने को तैयार नहीं हैं, और उनमें अब किसी भी तरह का बदलाव नहीं हो सकता।

भागवत ने कहा कि रावण भगवान शिव का भक्त था, वेदों का ज्ञाता था, एक अच्छा इंसान बनने के लिए जो कुछ भी चाहिए वो सब उसके पास था, लेकिन उसने जो मन और बुद्धि अपनाई थी वो बदलने को तैयार नहीं थी। रावण तब तक नहीं बदल सकता था जब तक वो मर कर दोबारा जन्म न ले। इसीलिए राम ने रावण को बदलने के लिए उसे मारा। बुरे लोगों का खात्मा होना चाहिए, यही



अपेक्षा है। ये अपेक्षा पूरी होगी। पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों के बीच हिंदुओं को निशाना बनाया और फिर उन पर गोलियां बरसा दीं।

## अल्टीमेटम के बाद क्या पाकिस्तानी सीमा हैदर को छोड़ना पड़ेगा भारत

ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)। सरकार ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर दिया है। सभी पाकिस्तानियों को 48 घंटे के अंदर देश छोड़ने का आदेश जारी कर दिया गया है। अब सवाल है कि क्या पाकिस्तान से आकर अवैध तरीके से भारत में रह रही सीमा हैदर को भी भारत छोड़कर पाकिस्तान में जाना पड़ेगा। इसको लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बहसबाजी शुरू हो चुकी है।पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया गया है। भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इस रास्ते से लौटने के लिए एक मई तक का समय दिया गया है। पाकिस्तानी नागरिक अब भारत दौरा नहीं कर सकेंगे। भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया है। सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं। क्या सीमा हैदर भी पाकिस्तान जाएगी?



इस सवाल पर सोशल मीडिया पर बहस जारी है। कई यूजर्स सीमा हैदर को पाकिस्तान भेजने की सलाह दे रहे हैं। कई यूजर्स दावा करते नजर आ रहे हैं कि सीमा हैदर को अब भारत छोड़ना होगा। कुछ यूजर्स सीमा हैदर को स्टार बनाने पर नाराजगी जाता रहे हैं। अब सब की निगाहें सरकार के अगले कदम पर है। वहीं सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स यह भी लिख रहे हैं कि सीमा हैदर को पाकिस्तान शायद ही जाना पड़े। पहली वजह यह बताई जा रही है कि भारत सरकार ने वीजा रद्द करने की बात कही, जबकि सीमा हैदर नेपाल के रास्ते आई हैं। वीजा लेकर नहीं। दूसरी बात यह भी है की सीमा हैदर भारतीय नागरिक सचिन की पत्नी बन चुकी है और सचिन से एक बच्चा भी सीमा हैदर की नागरिकता और अवैध प्रवास को लेकर मामला कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में उस पर कार्यवाही फिलहाल नहीं होगी। जब तक की कोर्ट कोई फैसला न सुना दे। सीमा हैदर को लेकर सवाल इस वजह से उठ रहे है, क्योंकि वह न तो वैध तरीके से भारत आई थी और न ही उसके पास कोई भारतीय नागरिकता है। वहीं सुरक्षा एजेंसी पहले से ही सीमा की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। इस पूरे मामले की जांच की जा रही हैं। इस मुद्दे पर फिलहाल केंद्र सरकार की तरफ से सीमा हैदर को लेकर कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है।

सीमा हैदर के वकील एपी सिंह ने बताया कि। सीमा की एक बच्ची हो चुकी जो अभी अस्पताल में है इनका मामला बिल्कुल अलग है। मर्सी पिटीशन ऑलरेडी दी जा चुकी है। ऐसा कोई भी नियम नहीं है, लेकिन आगे देखते हैं क्या होता है जो बन पड़ेगा किया जाएगा। बच्ची का जन्म इंडिया में हुआ था। इसलिए, उसे नागरिकता मिल चुकी है। सीमा, भारत की बहू है। इसके ऊपर कई केस भी भारत में है। नागरिकता के लिए प्रक्रिया चल रही है। भारत सरकार के टच में हैं। वही विशेषज्ञों का मानना है कि सीमा हैदर का भारत आना अवैध था। अब सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का निर्देश दिया है। ऐसे में उस पर कार्यवाही संभव है। पहलगाम हिंसा को भारत ने काफी गंभीरता से लिया है। ऐसे हालात में सीमा हैदर को भी भारत छोड़ना पड़ सकता है। फिलहाल, ऐसा करना आसान नहीं है, क्योंकि राज्य सरकार पर निर्भर करता है कि वह सीमा हैदर को भारत में रहने की इजाजत देगा या नहीं। एक और तथ्य ध्यान रखने योग्य है जो कि सीमा हैदर ने भारतीय नागरिक सचिन मीना से शादी की है। सचिन से उसका एक बच्चा भी है ऐसे में यूपी सरकार की प्रतिकूल रिपोर्ट आने पर भी सीमा हैदर पर कार्यवाही होगी।

## पीएम मोदी पर तंज कसते हुए संजय राउत का पोस्ट, आज देश को इंदिरा की बहुत याद आ रही

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा उबाल पर है। पूरे देश में पाकिस्तान से हमले का बदला लेने की मांग उठ रही है। केंद्र की मोदी सरकार भी पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले ले रही है। लेकिन मामले में राजनीति भी शुरु हो गई है। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने केंद्र और प्रधानमंत्री मोदी को तंज कसते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तस्वीर साझा की है।



तस्वीर के कैप्शन में राउत ने लिखा, आज देश को इंदिरा की बहुत याद आ रही है! जय हिंद! राउत का यह तंज पीएम मोदी के ऊपर माना जा रहा है। हालांकि यह तंज इसलिए भी चर्चा का विषय बन जाता है, क्योंकि शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे को गांधी परिवार और कांग्रेस का विरोधी माना जाता है लेकिन फिलहाल शिवसेना उद्धव गुट कांग्रेस के साथ गठबंधन में है। इसके बाद उद्धव गुट की तरफ से इंदिरा की तारीफ करना भाजपा को हमला करने का मौका देती है।

बता दें कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। तब भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से पूर्वी पाकिस्तान में करीब 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को आत्म समर्पण कराया था। इस घटना के बाद इंदिरा गांधी की छवि एक मजबूत प्रधानमंत्री के तौर पर बन गई थी।

बता दें कि वर्तमान में मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े फैसले लिए हैं। इसमें सिंधु जल संधि को निरस्त कर देना भी शामिल है। पीएम मोदी ने मुधबनी की रैली में पूरी दुनिया को संदेश देकर कहा था कि भारत पहलगाम में आतंक की घटना को अंजाम देने वाले किसी भी आतंकी को छोड़ेगा नहीं।

## सीमा की रखवाली को लेकर इसरो प्रमुख की प्लानिंग कैसे होगी कारगर

### -दावा- सैटेलाइट निगरानी हुई तो परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की सीमाओं की सुरक्षा को लेकर हर दौर की सरकारों के सामने चुनौतियां रही हैं। मोदी सरकार भी इससे दो-चार हो रही है, ऐसे में इसरो प्रमुख ने सीमा चौकसी का जो फारमूला बताया है वह कारगर साबित हो सकता है। भारत की सीमाएं प्राकृतिक चुनौतियों से भरी हुई हैं। इन सीमाओं की सुरक्षा मानवीय तौर पर करना बहुत ही चुनौती पूर्ण काम है। ऐसे में इसरो चीफ ने सीमा सुरक्षा में लगे सैनिकों के भार को कम करने वाला प्लान साझा किया है। यह प्लान आगामी तीन वर्षों के लिए सीमा सुरक्षा से जुड़ा बताया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले तीन सालों में सीमा सुरक्षा और तटीय सुरक्षा को कड़ा करने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से 100-150 उपग्रह और जोड़े जाएंगे। पहलगाम में हुए आतंकियों द्वारा किए गए हमले के बाद लोगों के मन में भारतीय सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं तो ये तकनीक कारगर साबित हो सकती है।

यहां पर इसरो चीफ ने कहा कि हमें अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए बहुत सारे उपग्रहों की आवश्यकता है, जितने हमारे पास हैं, वह पर्याप्त नहीं है। हमारा मानना है कि आगामी तीन सालों में हम करीब 100 से 150 उपग्रह इस काम में लगाएंगे। इस काम के जरिए देश की निगरानी में और भी ज्यादा सहूलियत होगी और हमारे सैनिकों का काम भी थोड़ा आसान होगा।एक कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले को लेकर सीमा सुरक्षा से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए अंतरिक्ष विभाग के सचिव नारायणन ने कहा कि सीमा पर चुनौतियों को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार पेश करने का प्रस्ताव दिया था। इसके तहत हमने इस क्षेत्र में निजी खिलाड़ियों की भागीदारी को भी अनुमित दी है। फिलहाल भारतीय सीमाओं की रक्षा के लिए करीब 55 उपग्रह काम कर रहे हैं लेकिन हम एक ऐसे देश हैं जिसकी तटीय सीमा ही लगभग 7500 किलोमीटर है और हमें इसकी निगरानी 24 घंटे करनी होती है, जमीनी सीमा की सुरक्षा के लिए भी हमें और भी ज्यादा उपग्रह चाहिए तो ऐसे में 55 उपग्रह पर्याप्त नहीं है।

इसरो चीफ ने सीमा सुरक्षा संबंधी मामलों पर अपनी राय रखने के अलावा इसरो की हालिया तकनीकि उपलब्धि पर भी अपडेट दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी सफल डॉकिंग पूरी कर ली है। यह एक ऐसी उपलब्धि है जो भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन समेत उन तमाम देशों की फेहरिस्त में शामिल कर देता है जो ऐसी डॉकिंग करने में




सक्षम हैं। इस स्थिति में इसरो चीफ का प्लान कारगर साबित होने की उम्मीद जाहिर की जा रही है, बशर्ते जो कमियां हैं उन्हें पूरा करते हुए खामियों को दूर कर लिया जाए।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902